सुप्रभात

रांची, शनिवार

06.05.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 290

12 आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी है कांग्रेस : नरेंद्र मोदी



अरगोड़ा मंडा पूजा के दौरान लोटन करते श्रद्धालु

फोटो : समीर

# भूमि घोटाले में गिरफ्तार छवि रंजन भेजे गये जेल

## पेशी से निकलते समय रांची के पूर्व डीसी की आंखों से छलके आंसू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमीन घोटाले से प्राप्त अवैध राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में गिरफ्तार आइएएस अधिकारी छवि रंजन को शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में दिन के 2:46 बजे पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया गया।

शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा को लेकर सार्वजनिक अवकाश रहने के कारण सिविल कोर्ट बंद था लेकिन सिर्फ छवि रंजन की पेशी के चलते ईडी कोर्ट खुला और पेशी की औपचारिकता पूरी कर जेल भेजा गया। पेशी के दौरान वह काफी भावुक हो गये और आंखों से आंसू छलक गये। जानकारी के अनुसार अदालत में इडी शनिवार को रिमांड का आवेदन देगा। (शेष पेज 11 पर)

### इडी ने पांच दिनों की मांगी रिमांड

इडी ने पांच दिनों के रिमांड के लिए आवेदन दिया था। इस पर अदालत मामले में छह मई को सुनवाई करेगा। जेल भेजे जाने वाले छवि रंजन झारखंड के दूसरे आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले तत्कालीन खान सचिव रही पूजा सिंघल को भी इडी कोर्ट ने मनरेगा घोटाले में पिछले साल जेल भेजा था। कोर्ट में पेश करने से पहले पूर्व डीसी छवि रंजन का मेडिकल जांच सदर अस्पताल के डॉक्टरों की देखरेख में किया गया। छवि रंजन का बीपी, सुगर, पल्स सभी सामान्य है। उनका कोविड टेस्ट भी निगेटिव आया है। जमीन घोटाला मामले में छवि रंजन गुरुवार को पूछताछ के लिए इडी ऑफिस पहुंचे थे। ईडी के अधिकारियों ने उनसे 10 घंटे तक पूछताछ की थी। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।



## न्यूज डायरी

### शरद पवार का यू-टर्न इस्तीफा वापस लिया

**मुंबई।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए पवार ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रख मैंने यह निर्णय लिया।

### सीएम हेमंत ने दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। कहा कि सत्य, प्रेम, अहिंसा और भाईचारे का परम संदेश देने वाले भगवान गौतम बुद्ध का जीवन और शिक्षा, हमें हमेशा प्रेरणा देता रहे।

### काठमांडू जा रहे विमान की पटना में इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना।** पटना के एयरपोर्ट पर बांग्लादेश एयरवेज के एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। ढाका से काठमांडू जा रही फ्लाइट में 70 यात्री सवार थे।

### बस धमाके के आरोपी आरिफ का घर ढहा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने गुरुवार को रियासी जिले में एक आतंकी मो आरिफ शेख के अवैध घर को ध्वस्त कर दिया। वह कटरा और जम्मू में कई विस्फोटों के आरोप में फरवरी में गिरफ्तार किया गया था।

### सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ

**रांची।** शुक्रवार को सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के भव्य रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि हमारी पहचान दुनिया में हमारे संस्कृति से हैं।

### आतंकवादी प्रवृतियों के साथ खड़ी है कांग्रेस

**बेल्लारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक में एक चुनावी रैली में भाषण की शुरुआत जय श्री राम और जय बजरंग बली के नारों से की। कांग्रेस पर तीखे हमले में कहा कि वह आतंकी साजिश पर आधारित डॉक्यूमेंट्री-फिल्म केरल स्टोरी का विरोध कर आतंकवादी प्रवृत्तियों के साथ खड़ी है।

### बहराइच : सड़क हादसे में पांच मरे, 10 घायल

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार और शुक्रवार की रात तिलक समारोह से वापस जा रहे ऑटो सवार लोगों को डंपर ने रौंद दिया। इसमें पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि 10 अन्य घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए घायलों के इलाज के इलाज के निर्देश दिये हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |

# हाथियों ने चार को कुचल कर मार डाला

## लातेहार में दंपती व पुत्री, कोडरमा में एक की ले ली जान, मुआवजे की घोषणा

**खबर मन्त्र टीम**

**लातेहार, कोडरमा।** झारखंड में जंगली हाथियों का आतंक चरम पर पहुंच गया है। जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों रौद्र रूप थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की देर रात जंगली हाथियों ने लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के मालहन पंचायत के एक ईंट भट्ठे में पहुंचकर एक ही परिवार के तीन लोगों को कुचल कर मार डाला। वहीं कोडरमा के मरकच्चो थाना क्षेत्र में हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को मार डाला। वह एक शादी समारोह से वापस लौट रहा था, तभी हाथियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश है। पुलिस ने दोनों घटनास्थल पर पहुंचकर चारों शवों को कब्जे में ले लिया है। जंगली हाथियों के आतंक से डर के साये में जी रहे ग्रामीण, विभाग के प्रति भारी रोष है।

**चंदवा में गजराज का तांडव :** गुरुवार की मध्यरात्रि बाद एक दर्जन की संख्या में आये जंगली हाथियों के झुंड के माल्हन पंचायत स्थित ईंट भट्ठे में एक ही परिवार के तीन लोगों को पटककर मौत के घाट उतार दिया। मृतकों में पति-पत्नी पनुआ भुइयां (26), बबीता देवी (23) व पुत्री मंजिशा कुमारी (3) शामिल है। ये लोग सरायडीह भंडरिया के थे रहनेवाले थे। चंदवा के ईंट भट्ठे में मजदूरी का काम करते थे।

प्रत्यक्षदर्शी मजदूरों ने बताया कि उत्तर दिशा से जंगली हाथियों का झुंड देर रात अचानक आ धमका। भट्ठा के समीप एक एक वृक्ष को धक्का मारकर गिरा दिया जिसके बाद भट्ठे में बने कच्ची ईंटो की झपड़ियो में सोये मजदूरों में भगदड़ मच गयी। कुछ मजदूर भागने में सफल रहे। वहीं अपनी बच्ची को गोद मे लेकर भाग रही बबिता देवी को हाथी ने सूंड़ पकड़ कर पटक दिया। फिर पति पनुआ भुइयां को भी कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

### झारखंड में हाथियों का कहर



घटना के बाद वन विभाग की ओर मृतक के परिजनों को तत्काल 60000 रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया। वहीं एक सप्ताह के बाद 2 लाख 40 हजार व कागजी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 12 लाख रुपये का मुआवजा दिये जाने का भरोसा दिया। हादसे के बाद वन विभाग की कार्यशैली पर रोष है। मुखिया जतरु मुंडा ने घटना स्थल का दौरा कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा, वन विभाग जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने के बजाय कोरम पूरा करता है। खामियाजा आम जनों को जान माल की क्षति उठाकर भुगतना पड़ रहा है।

### कोडरमा में एक को कुचल कर मार डाला

हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। घटना मरकच्चो थाना क्षेत्र के अंबाडीह शमशान घाट के पास की है। मृतक की पहचान लखन दास के रूप में की गयी। वह गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र का रहने वाला था। लखन मरकच्चो के डुबाडीह में एक शादी समारोह से अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान हाथियों के झुंड ने उसे निशाना बना लिया। मरकच्चो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वन विभाग ने मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रुपये दिये हैं। गौरतलब है कि कोडरमा में इन दिनों गजराज का तांडव देखने को मिल रहा है। पिछले एक महीने से हाथियों का झुंड मरकच्चो के बेरहवा जंगल में डेरा जमाये हुए है। आये दिन ग्रामीणों को हाथियों का शिकार होना पड़ रहा है।

# आतंकियों के हमले में पांच जवान शहीद, मेजर जख्मी

## सर्च अभियान जारी, बंद की गयी इंटरनेट सेवाएं

**एजेंसी**

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कंडी इलाके में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान सेना के पांच जवान शहीद हो गये। जबकि एक अधिकारी सहित चार अन्य घायल हैं। पांच बहादुर सैनिकों में से चार सैनिक 9-पैरा एसएफ और एक आरआर से थे। घायल मेजर रैंक के अधिकारी हैं, जिनका उधमपुर के कमांड अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया था। पहले ब्लास्ट किया, फिर जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी भी की। 9-पैरा एसएफ के कमांडो के अलावा, सीआरपीएफ के जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह भी ऑपरेशन में शामिल थे।

**ऑपरेशन जारी :** सेना के अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी उसी समूह से संबंधित हैं, जिसने 20 अप्रैल को सेना के एक ट्रक पर घात लगाकर हमला किया था जिसमें पांच जवान शहीद हो गये थे। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा कि हमले में सेना का एक अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन अभी जारी है। इलाके में इंटनेट सेवाएं बंद हैं। कहा गया कि राजौरी सेक्टर में कांडी वन में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर तीन मई को संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे तलाशी दल ने एक गुफा में छिपे आतंकियों के एक समूह को घेरा। चट्टानों और खड़े पर्वतीय क्षेत्रों से घिरा यह इलाका बेहद घना जंगली क्षेत्र है। नजदीकी क्षेत्रों से अतिरिक्त टीम को मुठभेड़ स्थल भेजा गया है। घायल उधमपुर कमान अस्पताल में भर्ती कराये गये हैं।

### सीएम हेमंत सोरेन ने जवानों के बलिदान पर दुख जताया

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के पांच जवानों के बलिदान पर दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि परमात्मा वीर जवानों की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को विकट घड़ी को सहने की ताकत दें।

## एससीओ में भुट्टो के सामने जयशंकर ने उठाया आतंकवाद का मुद्दा

# सीमा पार से आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा हिदुस्तान

■ टेरर फंडिंग को हर हाल में मिल कर रोका जाये

**एजेंसी**

**पणजी।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के सामने आतंकवाद का मुद्दा उठाया। जयशंकर ने पाकिस्तान, चीन समेत सभी सदस्य देशों के सामने साफ शब्दों में कहा कि भारत सीमा पर आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर आतंकवाद से लड़ना होगा। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद को हराना है तो टेरर फंडिंग पर रोक लगानी जरूरी है।



इससे पहले विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने पणजी में विदेश मंत्रियों की एससीओ परिषद की बैठक के लिए रूस, भारत, चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, मैं एससीओ की भारत की पहली अध्यक्षता के तहत आपकी मेजबानी करते हुए हर्षित महसूस कर रहा हूं। भारत एससीओ में बहुपक्षीय सहयोग के विकास को और शांति एवं स्थिरता के संवर्धन को बहुत महत्व देता है। (शेष पेज 11 पर)

### बेंगलुरु से छुड़ा कर लायी गयीं 11 पहाड़िया लड़कियां

**रांची।** बेंगलुरु से रेसक्यू कर 11 नाबालिग लड़कियों को शुक्रवार को फ्लाइट से रांची लाया गया। सभी लड़कियां 14 से 17 साल की हैं। राज्य बाल अधिकार और संरक्षण आयोग की टीम शुक्रवार को बेंगलुरु से पहाड़िया जनजाति की 11 नाबालिग बच्चियों को रांची लेकर पहुंची। साहिबगंज और पाकुड़ जिले की रहने वाली इन सभी बच्चियों को फिलहाल प्रेमाश्रय बालिका गृह, रांची में रखा गया है। मनरेगा आयुक्त सह निदेशक-सह-सदस्य सचिव, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, राजेश्वरी बी ने यहां इन बच्चियों से मुलाकात कर उनसे पूरी जानकारी ली। अब जिला बाल संरक्षण अधिकारी, रांची इन सभी बच्चियों को कल इनके साहिबगंज और पाकुड़ जिले में स्थित उनके घर ले जाकर परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र से 25 व्यक्ति इस वर्ष सात जनवरी को बेंगलुरु गए थे। इनमें एक बालक समेत 11 नाबालिग बच्चियां भी शामिल थीं। इनमें सात पाकुड़ और चार साहिबगंज जिले की रहने वाली थी। इनके नाबालिग होने की बात सामने आने पर बेंगलुरु पुलिस ने सभी को सीडब्ल्यूसी, बेंगलुरु के सुपुर्द कर दिया।

## पंडित रघुनाथ मुर्मू की रचनाएं और कृतियां अमर

# संघर्षों से आदिवासी समुदाय का नाता रहा है : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कहा कि संताली भाषा और साहित्य के विकास में गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू का अविस्मरणीय योगदान को हम कभी भुला नहीं सकते हैं। उन्होंने ओलचिकी के रूप में संताली को एक नयी लिपि दी। विशेषकर आदिवासी समाज की परंपरा, कला संस्कृति और भाषा- साहित्य के संरक्षण और उसे समृद्ध करने में उनकी भूमिका इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है।

विशेषकर आदिवासियों के बीच शिक्षा का अलख जगाने में उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर दी। पंडित रघुनाथ की रचनाएं और कृतियां अमर हैं। आज संताली भाषा और साहित्य कि अपनी समृद्ध परंपरा कायम है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान पंडित रघुनाथ मुरमू का ही है। सीएम ने कहा कि संघर्षों से तो आदिवासी समुदाय नाता रहा है। सीएम शुक्रवार को महान संताली साहित्यकार और ओलचिकी लिपि के आविष्कारक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की 119वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए दांडबोस, रायरंगपुर, मयूरभंज, ओडिशा पहुंचे। (शेष पेज 11 पर)



# गांवों का विकास हमारी पहली प्राथमिकता : राज्यपाल

## विविधता में एकता ही है देश की पहचान, एकजुट रहें तो विकास तय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गिरिडीह, रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को नक्सल प्रभावित पीरटांड़ प्रखंड का दौरा किया और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि भले ही हमारे पंथ और भाषा अलग हों लेकिन हम सब भारतीय हैं और हम सब एक हैं। हमारी पहली प्राथमिकता गांवों का विकास कराना है। इसके लिए भागीदारी व एकजुटता जरूरी है। अगर हम भी एकजुट रहेंगे तो विकास निश्चित होगा।

**तमिल साहित्य में मुनियों का अहम योगदान :** इससे पूर्व राज्यपाल जैनियों के तीर्थराज मधुबन स्थित तमिलनाडु भवन फीनचे और यहां पर आयोजित लघु पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल ने जैन भवन निर्मित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ट्रस्टी एवं इस भवन के निर्माण में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों को बधाई दी। कहा कि तमिल साहित्य के महाकाव्यों में जैन मुनियों का उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने तिरुपुर के निकट स्थित विजयमंगलम जैन मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उस क्षेत्र का प्राचीनतम जैन मंदिर है। कहा कि सम्मेद शिखर जैन समाज के लिए अहम तीर्थ स्थल है। पारसनाथ स्थल परिसर शिक्षा व ध्यान का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। इस पवित्र स्थल में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। पारसनाथ व मधुबन अपने धार्मिक, सांस्कृतिक व प्राकृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थल है। इस मौके पर आचार्य श्री संभव सागर मुनि महराज जी ने भी आशीर्वचन प्रकट करते हुए मानव शरीर एवं आत्मा के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। (शेष पेज 11 पर)



# झारखंड में भी मोचा का दिखेगा असर, अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भी मोचा चक्रवात का असर दिखेगा। सात मई तक चक्रवात की तीव्रता का निर्धारण होने और कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद ही राज्य में इसका असर होगा। बंगाल के कुछ हिस्सों में और उत्तर पूर्वी राज्यों में इसका असर अधिक दिखेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने अलर्ट जारी करते हुए बताया कि बंगाल की खाड़ी में नौ मई के आसपास चक्रवात बनने की संभावना है, जिसका असर झारखंड समेत आसपास के कई राज्यों में दिख सकता है। झारखंड में बंगाल से सटे इलाकों में मोचा का असर ज्यादा दिख सकता है। हालांकि, इसकी तीव्रता का आकलन मौसम विभाग ने अभी तक नहीं किया है। यह साल का पहला चक्रवात है। संभावना है कि नौ मई के पहले तक राज्य का तापमान चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा।

...डीडीसी थे तो भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए रखते थे कुदाल फावड़ा, फिर कर ली रिश्वत के पैसे से रांची टू गोवा की सैर

# जमीन रजिस्ट्री करने के नाम पर ₹1 करोड़ की ली थी रिश्वत

**कुबेर सिंह**

**रांची।** 2011 बैच के आइएएस छवि रंजन की भ्रष्टाचार के पोल इडी ने खोल कर रख दी है। आइएएस बनने के बाद छवि रंजन को लोहरदगा जिले का डीडीसी बनाया गया था। डीडीसी रहते हुए छवि रंजन अपनी गाड़ी में कुदाल और फावड़ा रखते थे और निचले स्तर के पदाधिकारियों के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर प्रहार करते थे, लेकिन जैसे ही उन्हें राज्य सरकार ने जिले के उपायुक्त की कमान सौंपी, खुद ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गए। उनके इन्हीं गलतियों का फायदा पॉवर ब्रोकर से लेकर व्यवसायियों ने किया। जब वे रांची के उपायुक्त बने तो कुछ रसूखदारों ने उन्हें अपना पॉवर दिखाया और उन्हें पॉवर के



बारे में भी बताया। भ्रष्टाचारियों के मास्टर माइंड प्रेम प्रकाश के प्रेम जाल में फंसकर छवि रंजन ने अपने 12 साल के कॅरियर पर बदनुमा दाग लगा लिया।

**फर्जी तरीके से जमीन बंदोबस्ती में के लिए ली थी रिश्वत :** इडी ने शुक्रवार को छवि रंजन के खिलाफ कोर्ट में दस्तावेज पेश किया। दस्तावेज में इडी ने बताया है कि पूर्व डीसी और समाज कल्याण विभाग के निदेशक छवि रंजन के गोवा टूर के बारे में बताया है। इडी ने कोर्ट को बताया है कि कारोबारी विष्णु अग्रवाल ने छवि रंजन लिए गोवा टूर अरेंज करवाया था। छवि रंजन के लिए दिल्ली में फाइव स्टार होटल और एक ट्रेवल एजेंट विष्णु अग्रवाल ने पेमेंट कराया था। इडी ने दस्तावेजों मं कहा है कि छवि रंजन ने एक जमीन के मामले में एक करोड़ रूपए रिश्वत लेने का जिक्र किया है। साथ ही साथ सीओ स्तर के अधिकारियों से पैसों की वसूली का साक्ष्य भी इडी को मिला है।

### एक साल में चार अधिकारियों पर कसा शिंकजा, दो को जेल

समाज कल्याण निदेशक व पूर्व रांची डीसी छवि रंजन झारखंड में बीते एक साल में इडी द्वारा गिरफ्तार किए जानेवाले दूसरे आइएएस अधिकारी हैं। इससे पहले जांच एजेंसी ने राज्य के वरिष्ठ आइएएस व तत्कालीन खनन सचिव पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था।

### कारोबारी अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश निकला मास्टरमाइंड

इडी ने कोर्ट को बताया कि आइएएस छवि रंजन, सत्ता और ब्यूरोक्रेसी का करीबी कहे जानेवाला प्रेम प्रकाश और कोलकाता का कारोबारी अमित अग्रवाल करोड़ों की जमीन घोटाले का मास्टरमाइंड है। इडी ने कोर्ट को यह भी बताया कि इनके इशारे पर रांची में जमीनों का फर्जी दस्तावेज तैयार किया गया। ताकत के बल पर जमीनों पर कब्जा किया गया और करोड़ों कमाई की।

## जब छात्राओं के लिए गुरुजी बने थे छवि रंजन...

**पूर्व डीसी छवि रंजन के कृत्य से हतप्रभ हुईं कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन घोटाले के मामले में शुक्रवार को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दो साल पहले जब छवि रंजन रांची के डीसी थे तब वे नामकुम प्रखंड का दौरा किया था। दौरे के दौरान वे कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय चले गए थे।

वहां पर उन्होंने बच्चियों से उनका हाल जाना था और मैट्रिक परीक्षा की तैयारी को लेकर टिप्स भी दिया था। डीसी ने दसवीं और 12वीं की छात्राओं के साथ संवाद किया और साथ संस्कृत, इतिहास, गणित, अंग्रेजी, स्मार्ट क्लास आदि की कक्षाओं में पहुंचकर डीसी ने छात्राओं से कई सवाल भी पूछे थे, जिसका जवाब छात्राओं की ओर से दिया गया। डीसी छवि रंजन के कृत्य के कारण कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राएं हतप्रभ हैं।

## अध्यात्मिक भूमि पर राष्ट्रवाद का केंद्र बनेगा देवघर भाजपा का कार्यालय : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/देवघर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी देवघर में पार्टी कार्यालय का भूमि पूजन किया। यह भूमि पूजन चितौड़िया रोड स्थित थारी दुलमपुर माया पहाड़ के समीप किया गया। इस अवसर पर श्री प्रकाश ने कहा कि देवघर भाजपा कार्यालय अध्यात्मिक भूमि पर राष्ट्रवाद का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि देवघर झारखंड की सांस्कृतिक आध्यात्मिक राजधानी है। यह देश के कई मूर्धन्य सिद्ध संतों, महापुरुषों की भूमि है। ऐसे पावन पवित्र धरती पर भाजपा का जिला कार्यालय राष्ट्रवाद के प्रचार प्रसार का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का गौरव अपने



राष्ट्रवादी और अंत्योदय आधारित विचारों के माध्यम से प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए सुविधा संपन्न कार्यालय की आवश्यकता है। इसलिए पार्टी ने सभी जिलों में अपना कार्यालय बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा के 27 सांगठनिक जिलों में से 11 जिलों में नवनिर्मित अपना कार्यालय कार्य करने लग गया है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में कामकाज की आवश्यक सुविधाओं के साथ जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों के बैठने की व्यवस्था, सभा कक्ष, अतिथियों केलिए आवास की सुविधा भी बनाई गई है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, दीपक बंका उपस्थित थे। भूमि पूजन के यजमान विधायक नारायण दास ने की। संचालन जिला महामंत्री पंकज भदौरिया और धन्यवाद ज्ञापन अधीर चंद्र भैया ने किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, विधायक रणधीर सिंह ने भी संबोधित किया।

**बाबा बैजनाथ मंदिर में की पूजा**

भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम केलिये देवघर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका व विधायक नारायण दास ने बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की।

## सुरक्षाबल के जवानों के नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सली चला रहे हैं टैक्टिकल कैंपन, जवानों को किया गया सावधान

**सत्येन्द्र**

**रांची।** झारखंड पुलिस के अभियान से परेशान नक्सली संगठन सुरक्षाबल के जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए संगठन से जुड़े लोगों के बीच टैक्टिकल कैंपन चला रहे हैं। इस कैंपन के तहत एक तरफ नक्सली सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश के साथ वैसे लोगों को अपना निशाना बनाने पर तुले हैं, जो उनका लगातार विरोध करते रहे हैं। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में हुए हमले के बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय ने नक्सल उन्मूलन अभियान में लगे सुरक्षाबल के जवानों का अपनी सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरतने का आदेश जारी किया है।

**दंतेवाड़ा की तरह झारखंड में भी हो चुके हैं बड़े नक्सली हमले :**



छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में जिस तरह से नक्सलियों ने घात लगाकर सुरक्षाबलों पर बड़ा हमला किया, वैसे हमले झारखंड में पहले कई बार हो चुके हैं। झारखंड के लातेहार, पलामू, गढ़वा और चतरा जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में ऐसी घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जिनमें नक्सलियों के द्वारा लगाए गए शक्तिशाली लैंडमाइंस की वजह से बड़ी संख्या में जवान हताहत हुए थे। दंतेवाड़ा में भी नक्सलियों ने शक्तिशाली लैंडमाइंस के जरिए ही भीषण हमला किया जिसमें 10 जवान शहीद हो गए थे।

इस स्थिति में दंतेवाड़ा हमले को देखते हुए झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गयी है। एक तरफ जहां छत्तीसगढ़ को लगने वाली झारखंड राज्य की सभी सीमाओं पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ वैसे लोग जो नक्सलियों के हिट लिस्ट में हैं उन्हें भी सावधान किया गया है।

झारखंड पुलिस के एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर ने बताया कि नक्सली जिन राज्यों में कमजोर हो रहे हैं, वहां पर वह टैक्टिकल कैंपेन चला रहे हैं। इस कैंपेन के तहत घात लगाकर हमला करने के साथ साथ पुलिस के मददगार को भी नक्सली टारगेट बनाते हैं।

### अभियान चलाते वक्त बरती जा रही है सतर्कता

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में गत महीने नक्सलियों ने एक बड़ा हमला कर 10 जवानों को मौत के घाट उतार दिया था। वैसे तो हमले के बाद से ही झारखंड से लगने वाली छत्तीसगढ़ सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया था, लेकिन पुलिस को सूचना मिली है कि नक्सली घात लगाकर बड़े हमले को अंजाम दे सकते हैं। ऐसे में नक्सल अभियान में लगे सुरक्षाबलों को विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है। झारखंड में छत्तीसगढ़ से सटे गुमला, सिमडेगा, गढ़वा ,पलामू और लातेहार जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। यह कयास लगाया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ से नक्सली भागकर ओडिशा और झारखंड के कुछ इलाकों में प्रवेश करने की कोशिश कर सकते हैं। नक्सली इन जिलों में प्रवेश न कर सकें इसके लिए सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है साथ ही सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन भी तेज कर दिया है।

## 126 मेधावी बच्चों को दिया गया मोबाइल टैब

### इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी में मिलेगा सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम में कुल नामांकित 126 मेधावी छात्र छात्राओं को उनके इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारियों में आवश्यक तकनीकी सहयोग हेतु शुक्रवार को विभाग द्वारा निःशुल्क मोबाइल टैब का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि निदेशक, माध्यमिक शिक्षा झारखण्ड सुनील कुमार के कर कमलों से सभी को टैब प्रदान किए गए। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को पूरे लगन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अभिप्रेरित किया तथा आश्वासन दिया कि तैयारी के निमित्त उनकी हर जरूरत को सरकार ससमय पूरा करेगी।

इस अवसर पर आकांक्षा समन्वयक श्री वी के सिंह एवं अन्य फैकल्टी उपस्थित रहे। आकांक्षा नोडल पदाधिकारी सह ज़िला शिक्षा पदाधिकारी राँची श्री आकाश कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को उनके बेहतर भविष्य की बधाई और शुभकामनायें दी हैं।



## षड्यंत्र के तहत रोका गया नगर निकाय चुनाव : तिवारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड जन मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण सर्वेक्षण, रोटेशन पद्धति, के आड़ में किसी षड्यंत्र के तहत नगर निकाय चुनाव नहीं होने दिया। जिसका खमियाजा राज्य की जनता भुगत रही है। ससमय निकाय चुनाव नहीं होने के कारण वित्त आयोग द्वारा मिलने वाली सहायता राशी पर भी रोक लग गई है। साथ ही, समयावधि पूर्ण हो जाने के कारण राज्य के सभी नगर निकायों के जन-प्रतिनिधियों को संविधान द्वारा प्रदत अधिकार बीते 28 अप्रैल को समाप्त हो गया।

उन्होंने कहा कि शहर की सरकार जन-प्रतिनिधि विहीन हो गई। अब पार्षदों का अधिकार और शक्ति को नगर निगम ने सुपरवाईजरों को सौंप दी है। अब लोगों को इसके लिए नगर निगम के कार्यालय में जाकर बाबुओं से चिरौरी करनी पड़ रही है। एक ही काम के लिए उन्हें अनेक बार निगम कार्यालय दौड़ना पड़ रहा है। निगम का कंट्रोल रूम भी कारगर साबित नहीं हो रहा है।



### ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रांची मंडल की दो ट्रेनें परिवर्तित रूट से चलेंगी



**रांची।** दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। रांची रेल मण्डल से परिचालित 2 ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। ट्रेन संख्या 13351 धनबाद अल्लापुजा (एल्लेपी) एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 06/05/2023 को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलुरु, विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का एलुरु एवं ताडेपल्लिगुडेम स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 18637 हटिया सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 06/05/2023, अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलुरु, विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

## एयरपोर्ट की सुरक्षा की कमान संभालेगी सिक्योरिटी यूनिट

स्पेशल ब्रांच एसपी सुरक्षा के अधीन रहेगा एयरपोर्ट सिक्योरिटी यूनिट




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अब झारखंड के सभी एयरपोर्ट की सुरक्षा एयरपोर्ट सिक्योरिटी यूनिट करेगी। यह यूनिट स्पेशल ब्रांच के अधीन रहेगी। सुरक्षा का नेतृत्व स्पेशल ब्रांच के एसपी रहेंगें। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। झारखंड से सभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा के लिए स्पेशल ब्रांच के अधीन एयरपोर्ट सिक्योरिटी यूनिट (एएसयू) का गठन किया गया है। एएसयू के प्रमुख विशेष शाखा के एसपी (सुरक्षा) होंगे। डीजीपी के आदेश के मुताबिक, राज्य पुलिस की सुरक्षा में देवघर, जमशेदपुर हवाई अड्डा का परिचालन हो रहा है, आने वाले समय में दुमका, बोकारो में भी एयरपोर्ट के परिचालन की संभावना जताई गई है। ऐसे में सिविल एविएशन और एयरपोर्ट सिक्योरिटी की संवेदनशीलता को देखते हुए एएसयू का गठन किया गया है। यह यूनिट एयरपोर्ट में स्वतंत्र रूप से काम करेगी।

**एयरपोर्ट ऑथरिटी से किया गया है एएमयू :** जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा में लगे इन कर्मियों का पदस्थापन अब विशेष शाखा में किया जाएगा। बल जिस जिला के हवाई अड्डा पर प्रतिनियुक्त होगा उस जिला के एसपी के ऑपरेशन नियंत्रण में उन्हें रखा जाएगा। भारत सरकार के एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से की गई एमओयू के आलोक में इस इकाई का गठन किया गया है। एयरपोर्ट सिक्योरिटी यूनिट में कितने पदाधिकारी व कर्मी होंगे जल्द ही संबंधित पदों का सृजन विशेष शाखा में कर दिया जाएगा।

## वी द पीपल की तर्ज पर भ्रष्टाचारियों पर प्रहार कर रहा प्रवर्तन निदेशालय

**सफाई कर्मी बबीता ने कहा, हम सड़क का कचरा साफ करते हैं और ईडी ऑफिस भ्रष्टाचारियों का कचरा साफ करता है...**

**समीर**



**रांची।** भारत में आम आदमी भ्रष्टाचार से त्रस्त है। किसी भी सरकारी दफ्तर में चले जाइए, आप खराब अनुभव के बिना बाहर नहीं आ सकते। माननीय न्यायाधीशों ने प्रख्यात न्यायविद नानी पालकीवाला लिखित पुस्तक वी द पीपल का हवाला दिया जिसमें लिखा है कि, यदि आपको वास्तव में वैसा देश बनाना है जिसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं, तो हमें अपने मूल मूल्यों और चरित्र की ओर लौटना पड़ेगा। ऐसा करने पर ही हमारा देश वैसा बन पाएगा जिसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। भारत को राष्ट्र निमार्ताओं जैसे मार्गदर्शकों की आवश्यकता है।

ऐसा ही नजारा इडी ऑफिस के पास मिला। एक ओर प्रर्वतन निदेशालय की ओर से राज्य में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं, दूसरी ओर मजदूर मेहनतकश इंसान सड़कों पर झाडू लगाकर गंदगी को साफ करने में जुटे हुए हैं। शुक्रवार को बबीता, इडी ऑफिस के बाहर सड़क पर पड़े धूल को साफ कर रही थी। खबर मन्त्र संवाददाता ने बबीता से पूछा कि आखिर यहां जो सफाई किसलिए कर रही हो। बबीता ने कहा उसका कचरा साफ करना रोज का काम है। संवाददाता ने पूछा कि क्या आप जानती हैं कि इस ऑफिस में क्या होता है, तब बबीता ने मुस्कुराते हुए कहा हां, बाबू... हम कचरा साफ करते हैं और ई ऑफिस भ्रष्टाचारी कचरा को साफ करता है। इसके बाद वह कचरे को डस्टबीन में समेट कर इडी ऑफिस की ओर देखा, फिर वह अपने काम में लग गई।

कांग्रेस के राहुल गांधी, झामुमो के चमरा लिंडा, भाजपा के दीपक प्रकाश के खिलाफ हो रही सुनवाई

## एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई से बढ़ी 'माननीयों' की मुश्किलें

**उदय चौहान**

**रांची।** एमपी-एमएलए के विशेष कोर्ट में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ नोटिस जारी कर उनकी मुश्किलें बढ़ा दी है। दरअसल, मोदी सरनेम केस में विशेष कोर्ट ने राहुल गांधी को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देने की मनाही कर दी है। इससे राहुल गांधी के समक्ष रांची सिविल कोर्ट आने के सिवा कोई दूसरा चारा नहीं बचा है। विशेष कोर्ट ने पेशी की तारीख 22 मई निर्धारित की है। एमपी-एमएलए मामले के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत ने माननीयों के खिलाफ सुनवाई तेज करने का भी संकेत दिया है। हालांकि, एमपी-एमएलए कोर्ट का गठन ही जनप्रतिनिधियों के मामलों का शीघ्र निष्पादन के ख्याल से किया गया है। दरअसल,







राहुल गांधी के खिलाफ मोदी उपनाम पर टिप्पणी को लेकर रांची कोर्ट में प्रदीप मोदी ने 23 अप्रैल 2019 को मुकदमा किया है। जिस पर सुनवाई लंबित है। मालूम हो कि सूरत कोर्ट से पहले ही सजा का सामना कर रहे राहुल गांधी को अब रांची की एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होना होगा। सूरत कोर्ट से दो साल की सजा सुनाये जाने के बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता जा चुकी है। इधर, बिशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में विशेष कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है। चमरा लिंडा के चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में 18 मई को फैसला सुनाया जाना है। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक समरीलाल समेत 18 लोगों के खिलाफ कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने व कांके क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन करने के मामले में आरोप तय किया गया है। अब, इस मामले में भी भाजपा नेताओं की मुश्किलें बढ़ने वाली है।

रांची के विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट की मजिस्ट्रेट अनामिका किस्कू एक साथ दर्जनों मामलों में सुनवाई कर रही है। कई मामलों में बहस पूरी कर फैसले की तारीख निर्धारित कर दी गयी है। इसके अलावा विशेष कोर्ट में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में आईपीसी की धारा 153 के तहत सुनवाई चल रही है। वहीं, गुमला के भूषण तिर्की के खिलाफ आईपीसी 188 व 143 के तहत सुनवाई चल रही है। यह गुमला थाना कांड संख्या 184/2016 है। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाढ़ी के खिलाफ भादवि की विभिन्न धाराओं के खिलाफ सुनवाई चल रही है। भूषण बाडा के खिलाफ भादवि की धारा 341, 323, 354, 506 व 34 के तहत सुनवाई चल रही है। चर्चित विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें की सुनवाई चल रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत के खिलाफ भी सुनवाई में तेजी आयी है।

बहरहाल, एमपी-एमएलए के विशेष कोर्ट में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ चल रही सुनवाई के कारण उनकी मुश्किलें बढ़ गयी है। आने वाले दिनों में सुनवाई का असर जनप्रतिनिधियों के राजनीतिक जीवन पर देखने को मिल सकता है।

स्पीड न्यूज

## सरायकेला के युवा पहलवानों का चयन सात को कुकडु में

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के कुश्ती में रूचि रखने वाले बालक एवं बालिकाओं का चयन आगामी सात मई को कुकरू प्रखंड स्थित उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय के प्रांगण में प्रातः नौ बजे से किया जाएगा। चयन में सफल प्रतिभागियों का अंतिम ट्रायल आगामी 13 मई को रांची स्थित होटवार खेल मैदान में होगा। झारखंड बालक फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं बालिका फ्री स्टाइल राज्य स्तरीय झारखंड राज्य कुश्ती संघ प्रतियोगिता के लिए उक्त चयन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सरायकेला-खरसावां जिला कुश्ती संघ के सचिव अखिलेश्वर प्रसाद ने बताया कि इससे पहले अंडर 20 वर्ग के बालक-बालिकाओं का चयन किया गया था। चयन में सफल उम्मीदवार राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी सम्बन्धित जिले का होना चाहिए। अपने साथ वे अपना पहचान पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति, चार पासपोर्ट साइज फोटो, मेडिकल सर्टिफिकेट एवं पैरेंटल सर्टिफिकेट लेकर आएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजक सह संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह एवं कुकरू प्रखंड उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रबंधक लक्ष्मण महतो, कार्यकर्ता सुरेश नारायण चौधरी, बलराम महतो आदि लगे हुए हैं। प्रतियोगिता के संदर्भ में जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9693821895 एवं 9939711620 पर संपर्क किया जा सकता है।

## भोजपुरी अलबम भगिया से निकल के का हुआ विमोचन



**गम्हरिया।** भारती कला मन्दिर के बैनर तले निर्मित भोजपुरी एलबम 'भगिया से निकल के' का विमोचन गम्हरिया स्थित होटल पारस हाइट में किया गया। बताया गया है कि इस एलबम के गीतों को पिंकू पांडे ने लिखा है जबकि तथा सुरों के स्वर से भरत पांडे ने अपनी सुरों से सजाया है।इसके गीतों में स्थानीय कलाकारों में राहुल देव, प्रीति कौर, एसके प्रामाणिक, बिट्टू आदि ने बेहतरीन भूमिका निभाई है। साथ ही, अपने कैमरे में अंकित जैसवाल का हुनर इसमे देखने को मिलेगा। इस मौके पर एलबम के निमार्ता एवं निर्देशक कुमार संजय ने बताया कि भोजपुरी गीतों के प्रति लोगो की जो गलत धारणा बनी चली आ रही है। उसे बदलने का प्रयास इस एलबम के माध्यम से किया गया है। इसके निर्माण में सेवानिवृत्त वायुसैनिक एस शेखर, आनंद मोहन सिंह आदि की भी अहम भूमिका रही है।

## मोहम्डन स्पोर्टिंग क्लब का सेलेक्शन कैंप सात को

**जमशेदपुर।** मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की ओर से जमशेदपुर फुटबॉल लीग के लिए सलेक्शन कैंप लगाया जायेगा। रविवार 7 मई को सुबह 6:30 में सलेक्शन शिखर मानगो गांधी मैदान में लगाया जाएगा। जिसमे नौजवान लड़के भाग ले सकते हैं। नौजवानो को खेल के लिए दिलचस्पी और नशे की लत को रोकने के लिए मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब हमेशा खेल को बढ़ावा देती है और खेल के जरिए लोग सेहतमंद और तंदुरुस्त स्पोर्ट्स स्प्रिट्स लोगों के अंदर में लाती है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब झारखंड के सबसे पुरानी फुटबॉल क्लब है जिसका कयाम 1932 में हुआ। स्पोर्ट्स सेक्रेट्री सैयद कलीम राजू स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर खालिद इकबाल असिस्टेंट कोच नौशाद बादल, कमर इकबाल, मासूम और शारिक मौजूद रहेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए 9308652107 / 8789976291 पर संपर्क करें।

# मां 'किरणमयी डे' की शताब्दी जयंती को नारी सशक्तिकरण वर्ष के रूप में मनायेगा श्रीलेदर्स

## महिलाओं संग शेखर डे ने शताब्दी बर्थ डे केक काट किया नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आगाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीलेदर्स की संस्थापक मां 'किरणमयी डे' की 100वीं जयंती को नारी सशक्तिकरण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसको लेकर श्रीलेदर्स पूरे साल विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए नारी को सशक्त करने का कोशिश करेगा। उक्त घोषणा 'किरणमयी डे' की जयंती पर श्रीलेदर्स के पार्टनर सह समाजसेवी शेखर डे ने बिष्टुपुर के रोड स्थित शोरूम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा, यह वर्ष श्रीलेदर्स अपना 70वां स्थापना दिवस भी मना रहा और संस्थापक 'किरणमयी डे' की शताब्दी जयंती भी है इसलिए सालों भर महिलाओं और बेटियों को सशक्त करने का कार्यक्रम होगा। जमशेदपुर को टाटा स्टील और श्रीलेदर्स से पहचाना जाता है, इसलिए समाज के उत्थान के लिए हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। शेखर डे ने आगे कहा, स्वामी विवेकानंद कहते थे कि समाज के विकास में नारी और पुरुष दोनों का अहम भूमिका होती है। उसी सोच के साथ श्रीलेदर्स परिवार अपने स्थापना दिन से आगे बढ़ा रहा है और बढ़ाता रहेगा। शेखर डे ने कहा नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों के अच्छे सुझाव को कार्यक्रम में शामिल किया जायेगा। नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम श्रीलेदर्स देश भर में अपने पहुंच शहरों में आयोजित करेगा। इससे पूर्व श्रद्धांजली सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित और 'किरणमयी डे' के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वहीं उपस्थित महिलाओं के संग शेखर डे ने शताब्दी जन्म दिन केक काट कर नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर उपस्थित अतिथियों ने 'किरणमयी डे' के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रीलेदर्स के संस्थापक सह स्वतंत्रता सेनानी 'सुरेश डे' और 'किरणमयी डे' के साथ रहने वाले 90 वर्षीय भावेश चंद्र देब ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें दृढ़ता, साहस, त्याग का प्रतीक बताया। इस अवसर पर झरना कर, अल्पना भट्टाचार्जी, हारो गौरी महतो, बिमल चक्रवर्ती, मीरा शर्मा के अलावा श्रीलेदर्स परिवार के कर्मचारी और शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



मां किरणमयी डे की 100 जयंती पर दीप प्रज्ज्वलित करते सबसे दायें शेखर डे व शुभचिंतकगण।



शताब्दी वर्थ डे केक काट कर नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम लांच करते शेखर डे।

### दृढ़ता, साहस, त्याग का प्रतीक था 'किरणमयी डे' का जीवन

सौम्य चेहरा, सामान्य कद पर हौसलों और विचारों से मजबूत और व्यक्तित्व में काफी ऊंचाई, ऐसा ही था मां यानि 'किरणमयी डे' का सामान्य परिचय। शिक्षा बहुत नहीं थी उनकी, पर उनकी सोच और योजनाएं इतने व्यवहारिक थे कि अच्छी खासी डिग्रियां धारी व्यक्ति भी सोचने पर मजबूर हो जाएं। विवाह के बाद पति के सपनों को पूरा करने और गृहस्थ जीवन का निर्वाह करने में पति के साथ जो सफल भागीदारी उन्होंने निभाई यह अपने आप में एक मिसाल है। वो महिला थीं पर अबला नहीं थी। उन्होंने अपने स्वामी और बच्चों को सिर्फ सहयोग ही नहीं किया बल्कि जरूरत पड़ने पर सफल मार्गदर्शन भी किया।

# भारी वाहनों में इनबिल्ट एसएलडी लगा होने पर भी नहीं दे रहे फिटनेस सर्टिफिकेट

## परिवहन विभाग की मनमानी पर गुस्सायें ट्रांसपोर्टर

खबर मन्त्र ब्यूरो



- सर्टिफिकेट के इंतजार में सैकड़ों वाहन नहीं कर पा रहे परिवहन
- झारखंड सरकार के खिलाफ पीआइएल करेगा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य सरकार द्वारा परिवहन विभाग के पदाधिकारियों को आदेश निर्गत किया गया है कि बिना स्पीड गवर्नर वाले कमर्शियल वाहनों का फिटनेस नहीं दें। लेकिन इसकी आड़ में पूर्व में जिन कमर्शियल वाहनों में स्पीड लिमिट डिवाइस एसएलडी इनबिल्ट लगा हुआ है उसे भी फिटनेस निर्गत नहीं किया जा रहा है। वाहन मालिकों से नया एसएलडी लगाने को कहा जा रहा है जिसकी बाजार कीमत 20,000 रुपये प्रति यूनिट है।

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि वाहनों के मालिकों पर यह दबाव दिया जा रहा है कि पूर्व में लगा हुआ स्पीड लिमिट डिवाइस इनबिल्ट हटाकर न्यू स्पीड लिमिट डिवाइस लगाना होगा जोकि सरासर गलत है। पूर्व में परिवहन विभाग के एमवीआई द्वारा वाहनों में लगा स्पीड लिमिट डिवाइस इनबिल्ट जांच करने के बाद फिटनेस सर्टिफिकेट निर्गत किया गया था। शुक्रवार को जमशेदपुर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री अखिलेश दुबे की अध्यक्षता में गोलमुरी एसोसिएशन कार्यालय में एक आपात बैठक हुई जिसमें विभाग द्वारा वाहनों की फिटनेस सर्टिफिकेट निर्गत नहीं होने के कारण परेशानियों की चर्चा हुई। वाहन मालिकों में काफी आक्रोश दिखा।

सभा में निर्णय हुआ कि परिवहन विभाग के पदाधिकारी पूर्व में लगा हुआ स्पीड लिमिट इनबिल्ट वाहनों का फिटनेस नहीं करते हैं तो इसका प्रत्येक जिला में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी सारी जवाबदेही परिवहन विभाग की होगी। ज्ञात हो की फिटनेस नहीं होने से सैकणो वाहन खड़े हैं। एसोसिएशन के प्रवक्ता संजय कुमार राय ने कहा कि परिवहन विभाग में फिटनेस संबंधित विलंब होने के कारण की जानकारी लेने पर जिला परिवहन पदाधिकारी जमशेदपुर के कार्यालय से यह मालूम चला की फिटनेस संबंधित कुछ त्रुटि है जिसे एक-दो दिन दिन में जांच कर इसको दूर कर फिटनेस का निर्गत कर दिया जाएगा अभी वर्तमान में जिला परिवहन पदाधिकारी जमशेदपुर के यहां 100 की संख्या में फिटनेस तथा परमिट हेतु आवेदन लंबित पड़ा हुआ है इसे जल्द से जल्द निर्गत किया जाए। अंत में एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया कि अगर जिला परिवहन पदाधिकारी दो-चार दिनों के अंदर परमिट और फिटनेस संबंधी समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो माननीय उच्च न्यायालय रांची में परिवहन विभाग राज्य सरकार के विरोध हमारे एसोसिएशन एक पीआईएल फाइल करेंगे। अंत में सभी सदस्यों ने यह निर्णय लिया कि शनिवार को एक एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त महोदय एवं जिला परिवहन पदाधिकारी जमशेदपुर से मिलकर उक्त समस्या के निष्पादन का प्रयास करेंगे। बैठक में एसोसिएशन के महामंत्री अखिलेश दुबे, प्रवक्ता संजय कुमार राय, विनोद शुक्ला, सुरेश पांडे एमएन पांडे, राकेश सिंह, दिनेश कुमार सिंह, राहुल यादव, आर के सिन्हा आदि लोग शामिल थे।

## जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने टास्क फोर्स के साथ की बैठक



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नेहा संजना खलखो की अध्यक्षता में लिंग आधारित हिंसा एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के सशक्तिकरण विषय पर टास्क फोर्स की एक मीटिंग आयोजित की गई। सखी वन स्टॉप सेंटर को मजबूती प्रदान करने, समाज के अंतिम व्यक्ति की पहुंच सखी वन स्टॉप सेंटर तक सुनिश्चित कराने एवं हर एक पीड़िता को न्याय मिल सके इस दिशा में प्रयास करने के साथ-साथ रेफरल डायरेक्टरी और रेफरल पाथवे जैसे विषयों पर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड एवं सहयोगी संस्था इनजेंडर हेल्प, साथी के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ रजनी कांत मिश्रा, रिमझिम जैन, रैतिश मांझी, सहाबुनि दास, किशलय आनंद एवं ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के राजेश रंजन, शैलेंद्र पांडे, मुकेश तिवारी, चांदमुनी, अनिल लकरा तथा अन्य मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### बोधी सोसायटी में धूमधाम से मनी बुद्ध पूर्णिमा



बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा।



कैंप में स्वास्थ्य जांच कराते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बोधी सोसायटी की ओर से सासकची बोधि मंदिर में धूमधाम से बुद्ध पूर्णिमा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान बुद्ध की पूजा पूरे मनोयोग से किया। इस अवसर पर बौध मंदिर के पूजारियों की अगुवाई में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई। साथ ही सोसायटी एवं ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में बुद्ध मंदिर में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन माननीय विधायक सरयू राय जी ने दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश कुमार ने 100 से ज्यादा लोगों की स्वास्थ्य जांच की। शिविर में निशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं ईसीजी की जांच की गई। डॉ मुकेश कुमार ने सभी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं अपने जीवन शैली को बदलने के लिए सुझाव दिए।

### साकची में डिज्जनीलैंड मेला का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान में फन वर्ल्ड डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पियुष सिन्हा एवं सहायक पुलिस अधिक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने मेले का भ्रमण किया एवं मेले में शिरकत किये हुए विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन एवं विभिन्न राज्यों से मेले में आये हैण्डलुम एवं हैंडीक्राफ्ट के उत्पादों की कारिगरी को देखकर खुश हुए एवं उन्होंने कहा कि इस मेले में न केवल बच्चों के लिए बल्कि युवा एवं अन्य लोगों के लिए भी मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं। फन वर्ल्ड के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में हैन्डलूम एवं हैन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों के अलावा हैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाईटी के परिधान विभिन्न राज्यों से आये मनमोहक रंगों एवं डिजाईनों में उपलब्ध होंगे जिसकी गुणवत्ता काफी अच्छी एवं कीमत काफी प्रतिस्पर्द्धात्मक होंगी। खरीददारी करने के पश्चात जायकेदार नाश्ते एवं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी लोग उठा सकेंगे।

### चौका में गजराजों का तांडव, ढाहे आधा दर्जन घर



हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त मकान।

चांडिल। चांडिल प्रखंड के कुरली गांव में एक दर्जन गजराजों के झुंड जमकर उत्पात मचाया तथा करीब आधा दर्जन घरों को ढाह दिया। तथा घर में रखें अनाज को गटक गया। गजराजों ने सुखराम मांझी, करमा मांझी, बाबूराम मांझी, राकेश मांझी, लखीराम मांझी, लखेश्वर मांझी के घर को ढाह दिया। गुरुवार की देर रात करीब 11 बजे गजराजों का झुंड ने कुरली गांव में दस्तक दिया तथा शुक्रवार की तड़के सुबह 4 बजे तक तांडव मचाया। इस दौरान गांव के लोग अपने अपने घरों में ही दुबके रहे। कुछ लोगों ने घर से बाहर निकल कर किसी तरह अपनी जान बचाई। इधर,कुरुली गांव में गजराजों के दस्तक से गांव के लोग खौफ में जी रहे हैं। वन विभाग की टीम गजराजों को भगाने में जुटी हुई है लेकिन इस दिशा में कोई सफलता नहीं मिल सकी है।

### देवघर गांव में 35 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** यहां एमजीएम थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर स्थित देवघर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संताली लिपि के जनक ओल गुरु पं० रघुनाथ मुर्मू के 118वां जंयती समारोह के अवसर पर पारसी सिंग चांदो गुरु गोमके पं० रघुनाथ मुर्मू महाल माडवा, देवघर और नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में कुल 35 युनिट रक्त संग्रह किया गया । सर्वप्रथम गांव के माझी बाबा सिमल मुर्मू, झारखंड आंदोलनकारी विरधन सोरेन और 70 बार के आदिवासी युवा रक्तदाता राजेश मार्डी ने संयुक्त रूप से पं० रघुनाथ मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण कर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जमशेदपुर ब्लड बैंक की टीम द्वारा भीवीडीए के सहयोग से रक्त संग्रह किया गया । सभी रक्तदाताओं को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति सम्मान पत्र देकर आए हुए विभिन्न अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया । रक्तदान शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से आसड़ा के शिक्षक चैतन हेम्ब्रम, ढाकरा मुर्मू, संग्राम सोरेन, राजेश मार्डी, सुनील हेम्ब्रम, सुखराम कालुंडिया, छोटू सोरेन, धीरेन सोरेन, राजाराम मुर्मू, सुकू हांसदा, मायनो सोरेन, ममता मार्डी, जगदीश गोप आदि उपस्थित रहें।

## थाना के संरक्षण में अवैध शराब का होलसेल मंडी बना है उलीडीह : विकास

### मृतक मनोज राय के परिजनों ने थाना में किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो पारस नगर के रहने वाले मनोज राय के परिजनों एवं बस्ती वासियों ने उलीडीह थाना में प्रदर्शन कर कहा कि मनोज राय की हत्या की गई है, उसके शरीर के चारों और गहरे जख्म के निशान हैं। मामला उस वक्त बिगड़ गया जब मनोज राय का शव लेकर उलीडीह थाना के पदाधिकारी पोस्टमार्टम में जाकर कहा कि मनोज राय का देहांत शराब पीने से हो गया है इस पर परिजन भड़क गए और कहा कि आप गलत बात कर रहे हैं। मनोज के शरीर के जख्म बता रहे हैं की शराब पीने से नहीं पिटाई से हुई है मनोज की मौत। मृतक मनोज राय की पत्नी सोनी देवी ने बताया कल रात मोबाइल में मनोज से बात हुई थी उसके बाद उसका मोबाइल बंद आ रहा था, वें बिल्कुल ठीक थे उसकी हत्या अवैध शराब भट्टी के बाहर पीट-पीट कर कर दी गई है और पुलिस मामले की लीपापोती कर रही है। भाजपा नेता विकास सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उलीडीह थाना के सरंक्षण में अवैध शराब का होलसेल मंडी बना हुआ हैं पूरे जिले में यहीं से अवैध शराब की सप्लाई होती है।



## टिनप्लेट यूनियन ने मांगी नौकरी छोड़ो, नौकरी पाओ स्कीम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन में यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे की अध्यक्षता में शुरू हुई सबसे पहले अपने से बिछड़े हुए साथियों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई उसके उपरांत 2022-23 एवं 23 -24 में अवकाश प्राप्त कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें कुल 28 अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को बुके एवं गिफ्ट देकर विदाई की गई। इसके बाद यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक शुरू हुई जिसमें मुख्य मुद्दे इस प्रकार थे : कंपनी की आर्थिक स्थिति अच्छी देखते हुए अच्छी बोनस करने को कहा गया।

कंपनी द्वारा जो स्कूल के बच्चों को बस की सुविधा मिलती थी उसे फिर से चालू करने की बात कही गई। एन एस ग्रेड के जो प्रमोशन रुके हुए हैं उसे ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए जल्द शुरू करने की बात आई। नई पेंशन स्कीम लागू करने के लिए मैनेजमेंट के द्वारा हेल्प डेस्क की व्यवस्था करवाने की बात आई।

नौकरी छोड़ो नौकरी पाओ टाटा स्टील की स्कीम जैसी स्कीम चालू करने की बात आई। गैरेज में नए स्थाई ड्राइवरों की वैकेंसी निकालने की मांग की गई।



बैठक के पूर्व सेवानिवृत कर्मचारियों को विदाई देते यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व सहयोगी।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने वृद्ध दंपत्ति को सौंपा व्हील चेयर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को कदमा रामनगर में भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ, झारखण्ड प्रदेश के संयोजक नीरज सिंह के द्वारा अजीत दास और उनकी पत्नी आरती दास जो कि गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं और चल फिर पाने में असमर्थ हैं। उन्हें नीरज सिंह की ओर से व्हील चेयर दिया गया। व्हील चेयर पाकर दोनों ही लोगों के चेहरे पर खुशी साफ दिख रही थी। अजित दास ने बताया कि वे लगभग 10 साल से इस बीमारी से ग्रसित है कई बार उनके दामाद द्वारा सरकारी ऑफिस के चक्कर लगाने के बावजूद आज तक ना हीं कोई जनप्रतिनिधि या समाजसेवी उनकी उनलोगों के मदद के लिए आगे आये। मगर नीरज सिंह ने आकर हमारी मदद की। भाजयुमो के कार्यकर्ता अभिषेक शर्मा उर्फ बन्ना के द्वारा जब यह जानकारी नीरज को दी गई तो नीरज सिंह ने तुरंत अपने निजी मद से 2 व्हील चेयर खरीद कर उस परिवार के घर जा पहुंचे और उन्हें व्हीलचेयर दीया।

## एनएसडीसी ने पेरनोड रिकार्ड इंडिया फाउन्डेशन के साथ मिलाया हाथ

झारखण्ड की आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिल कर करेंगे काम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने तेजी से विकसित होती मल्टीनेशनल एल्कॉहल बेवरेज कंपनी पेरनोड रिकार्ड इंडिया फाउन्डेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत झारखण्ड के गुमला जिले में एक मल्टी-स्किलिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह साझेदारी स्थानीय आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सेंटर बुवाई से लेकर कटाई तक कृषि के हर चरण से जुड़े सभी पहलुओं जैसे आधुनिक तकनीक और रूझानों तक को समझने के लिए मुख्य हब की तरह काम करेगा। वेद मणि तिवारी, सीओओ (ऑफिशिएटिंग सीईओ), एनएसडीसी और सशिधर वेम्पाला, चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर एवं हैड सीएसआर, पेरनोड रिकार्ड इंडिया ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह मल्टी-स्किलिंग सेंटर महिलाओं को विभिन्न प्रकार के कृषि कौशल के साथ सशक्त बनाएगा। इस पहल की सराहना करते हुए वेद मणि तिवारी, एनएसडीसी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं को कौशल प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया जा सकता है। इससे न सिर्फ वे आत्मनिर्भर बनती हैं बल्कि उनका अपने जीवन पर बेहतर नियन्त्रण होता है।

## देश का आर्थिक इंजन होते हैं उच्च शैक्षणिक संस्थान : डॉ मोंटु कुमार एम पटेल

अरका जैन विश्वविद्यालय और सैन पेड्रो कॉलेज फिलीपींस का ग्लोबल हेल्थ चैलेंजेज पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फामेर्सी ने फामेर्सी विभाग, सैन पेड्रो कॉलेज, फिलीपींस और एमओयू पार्टनर्स के सहयोग से 2 मई से 6 मई तक ग्लोबल हेल्थ चैलेंजेज विषय पर पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्घाटन अरका जैन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसएस रजी और विभिन्न संस्थानों के अन्य गणमान्य लोगों ने वस्तुतः आध्यात्मिक दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। मौके पर विश्वविद्यालय के निदेशक अमित श्रीवास्तव, परिसर के निदेशक डॉ अंगद तिवारी और रजिस्ट्रार जसबीर धंजाल उपस्थित थे। मुख्य वक्ता धर्मेंद्र सिंह, फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्यकारी समिति के सदस्य ने सभा को सम्बोधित किया। स्वागत भाषण डॉ मनोज पाठक, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, द्वारा दिया गया। प्रो जैकलिन पाडिला, डीन, फामेर्सी विभाग, सैन पेड्रो कॉलेज, फिलीपींस और प्रो डॉ इरविन एम फालर, निदेशक, फामेर्सी विभाग, डॉ. प्रियंवदा, क्षीरोदा नंदिनी षाड़ंगी, अरका जैन विवि डॉ ज्योतिर्मय साहू ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और सम्मेलन के विषय के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता ने उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक आधुनिक शिक्षा प्रणाली के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. डीके त्रिपाठी ने पाठ्यक्रम में संशोधन, व्यावहारिक अनुसंधान, पीसीआई द्वारा उठाए गए कदमों, पेशेवरों की भूमिका पर जोर दिया। मुख्य अतिथि डॉ मोंटु कुमार एम पटेल, अध्यक्ष पीसीआई ने इस बात पर जोर दिया कि उच्च शिक्षा संस्थानों को नीति निमार्ताओं द्वारा तेजी से आर्थिक इंजन के रूप में देखा जाता है और अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से ज्ञान उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक माना जाता है। सम्मेलन में दोनों देशों के लगभग 300 प्रतिभागियों और 40 से अधिक संस्थानों ने भाग लिया। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव स्कूल ऑफ फामेर्सी, अर्का जैन विवि, के एसोसिएट प्रोफेसर सुमंत सेन ने दिया।

### विप्रो में अरका जैन के तीन छात्रों का हुआ प्लेसमेंट







**जमशेदपुर।** विप्रो कंपनी के तरफ से अर्का जैन यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया, जिसमे पॉलिटेक्निक के छात्रों ने भाग लिया, इस कैंपस ड्राइव में 50 से भी ज्यादा छात्रों ने भाग लिया जिसमे अंतिम रूप से 3 छात्रों का सिलेक्शन हुआ। छात्रों को एक महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी। छात्र जो चयनित हुए उनके नाम हैं : राहुल मुखर्जी, अनूप कुमार और प्रेम राज।

## स्पीड न्यूज

### धार्मिक कार्यों से जीवन में होता है उर्जा का संचार : ओंकारनाथ जायसवाल



**समाजसेवी ने हेरसातु में किया प्रवचन कार्यक्रम का उदघाटन**

**पांकी पलामू।** माता पिता और समाज का सेवा ही धर्म स्थापना का पहला मार्ग है और जो इस मार्ग में सफल नहीं हुआ तो सब बेकार है। उक्त बाते आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे लोहरसी के हेरसातु ग्राम में आयोजित मारुति नंदन हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में प्रवचन कार्यक्रम के उदघाटन के अवसर पर लोगो को संबोधित कर रहे थे। मौके पर जायसवाल ने कहा किअगर समाज में यज्ञ, संस्कार, विवाह, त्योहार नहीं हो तो आम आदमी का जीवन नीरस हो जाता है। धार्मिक कार्यों से मनुष्य के जीवन में उर्जा का संचार होता है। आज युवा वर्ग रास्ते से भटक रहे हैं। वे समाज और संस्कृति को छोड़ते जा रहे है चिंता का विषय है। जायसवाल ने कहा कि लोगों में सेवा भावना होना चाहिए जिसमे माता पिता समाज का स्थान पहला है। इस अवसर पर जायसवाल का यज्ञ समिति ने स्वागत किया। इस अवसर पर आयानंद शर्मा, संदीप पल, बिरेंद्र शर्मा, जगदंबी यादव, सचिन शर्मा, सत्यनारायण पाल, नारायण साव, कैलाश राम, गोतम गुप्ता, रितेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### सात मई को बराही धाम का वार्षिक उत्सव, पूरे जोर-शोर से तैयारी



**हुसैनाबाद पलामू।** जिला मुख्यालय से झारखण्ड व बिहार सीमावर्ती क्षेत्र एवं अनुमंडल के बराही धाम धाम के नाम से प्रसिद्ध दक्षिण मुखि सबसे ऊंची मूर्ति के स्थापना की एक वर्ष पूरा हो गया। इसे लेकर बराही मन्दिर समिति एवं शिवांग चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रथम वार्षिक उत्सव समारोह सात मई को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस धाम परिसर में शुक्रवार से पूजा व हवन यज्ञअनुष्ठान शुरू है। सात मई को प्रथम वार्षिक महोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक संख्या मे इस पावन भूमि पर आने की अपील की है। हालांकि यह क्षेत्र दिन प्रतिदिन पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनते जा रहा हैं। इस क्षेत्र के लिए बराही धाम परिसर में,देवी मंदिर और 105 दक्षिणमुखी हनुमान जी का बना प्रतिमा सिर्फ पलामू ही नहीं, बल्कि भारतवर्ष और झारखण्ड राज्य के लिए गौरव है। धाम आज के समय मे लोगों के लिए भक्ति व विश्वास का प्रतिक है। यहां पर प्रतिदिन काफी संख्या मे लोग झारखण्ड बिहार, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, से आकर माता व हनुमान जी की मंदिर मे मत्था टेक कर सुख व शांति की कामना करते है।

### धूमधाम से मनाया गया श्री श्री आनंदमूर्ति जी का 102 वां जन्मोत्सव



**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग जागृति नई मुहल्ला में आनंद मार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का 102 वीं जन्मदिन आनंद पूर्णिमा उत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। आनंदमार्ग पलामू भुक्ति कमिटी के भुक्ति प्रधान मधेस्वर देव ने बताया कि आनंदमार्ग के संस्थापक प्रभात रंजन सरकार का जन्म 1921 की बुद्धपूर्णिमा के दिन जमांलपुर बिहार में हुआ था। आनंद मार्ग मिशन समाज के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य कर रहा। कार्यक्रम में स्थित आनंदमार्ग जागृति में सुबह से कीर्तन भजन साधना किया गया। शोभा यात्रा भी निकाली गई। शोभा यात्रा जागृति से स्टेशन रोड होते चर्च रोड, कचहरी चौक, सरकारी बस डिपो, छामुहान होते शदिक चौक, स्टेशन चौक होते वापस जागृति को समाप्त हुआ। शोभायात्रा में जिले भर से आए सैकड़ों आनंदमार्गियों ने हिस्सा लिया और मानव मानव एक है मानव का धर्म एक है व अन्य के नारे लगाते हुए अपने समाज का प्रचार प्रसार किया। जागृति परिसर में बच्चों के लिए पेंटिंग, क्विज आदि का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य ब्रजगोपालआनंद अवधूत, बैजनाथ जी, विश्वनाथ जी, जगन्नाथ जी लक्ष्मण सिंह, गोपाल, अरविंद, प्रदीप, रामस्वरूप देव, मणिकांत, दीपक, सहज प्रिया, रेणु, मधुबाला, शारदा व अन्य अनंदमार्गी लोग उपस्थित थे।

### चैनपुर के सलतुआ, रामगढ़ व पांकी में बिजली विभाग आज लगायेगा शिविर

**मेदिनीनगर।** बिजली विभाग द्वारा राजस्व वसूली में वृद्धि हो इसके लिए एक मुश्त सूद माफी योजना चला रही है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को एक मुश्त बिजली बिल जमा करने पर सूद माफ कर दिया जाएगा। इस योजना के तहत शनिवार को पाकी विद्युत उपकेंद्र, चैनपुर के सलतुआ और रामगढ़ में शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी बिजली विभाग के ग्रामीण क्षेत्र के सहायक अभियंता अरविन्द कुमार ने दी। सहायक अभियंता ने संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से शिविर में जाकर योजना का लाभ लेते हुए बिजली बिल जमा करने की अपील किया है ताकि उपभोक्ता को निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सके।

# पांडू प्रखंड मुख्यालय में लग रहे जाम से लोग परेशान

### पांडू प्रखंड को जाम से कब मिलेगी निजात

राजकुमार सिंह



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड मुख्यालय में लग रही है घंटों जाम से लोग परेशान हैं। जाम में फंसने से लोगों को गंतव्य तक जाने में काफी समय लग रहा है। बताते चले कि पांडू में पूर्व से ही जाम लगते आ रहा है। शुरूआती दौर में पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार ने भी जाम से निजात दिलाने के लिए कई बार प्रयास किए परंतु प्रयास असफल साबित हो रहा है। थाना प्रभारी के कई बार किए गए आग्रह के बावजूद भी लोग उनकी बातों को अनदेखी कर रहे है जिसका नतीजा है कि पांडू आज भी जाम से जूझ रहा है। बाजार के लोगों की माने तो जाम लगने का कारण मुख्य सड़क किनारे मोटरसाइकल लगा दिया जाना और सवारी बस सामने रोककर सवारी एंव समान उतारना बताया जा रहा है। हलाकिं जाम के कारण और पांडू के कुछ ब्यवसायियो के द्वारा ठेला गुमटी लगाकर रखना मुख कारण हैं। लग्न के कारण गाड़ियो की संख्या भी बढ़ी हैं। जिसके कारण जाम हो रहा हैं। प्रशासन के सामने लोगों को जाम से मुक्ति दिलाना चुनौती बन गया है।

### सतबरवा प्रखंड के शादी समारोहों में शामिल हुए डॉ मेहता



सतबरवा पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने गुरुवार को देर रात्रि में सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर वर- वधु को उपहार देकर आशीर्वचन दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि शादी- विवाह समारोह में शामिल होने से क्षेत्र की समस्या और लोगों से मिलने जुलने का अवसर प्राप्त होता है। हमारा प्रयास होता है कि शादी विवाह के अवसर पर किसी भी व्यक्ति के घर जाना न छूटे। इस दौरान उन्होंने लोहरा पोखरी गांव में अपने कार्यकर्ता विनोद साव, सोहन साव, तथा दुखन साव के घर शादी समारोह में शामिल हुए। मौके पर लाला प्रसाद यादव, बच्चन ठाकुर ,सतबरवा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, अजय उरांव, अशोक यादव, दिनेश साव, मनोज शर्मा ,सेठा यादव, संतोष साव, सुनील गांधी समेत काफी संख्या लोग मौजूद थे।

### विश्वामित्र के यज्ञ में राक्षसों को श्रीराम ने मारकर हरि अवतार में आने का संकेत दिया : ब्रहदेवाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर पलामू।** समस्त संसार में प्रभु श्रीराम ने ताड़का राक्षसी का वध कर हरि अवतार में आने का इशारा किया क्योंकि ताड़का को भगवान के सिवा कोई मार नहीं सकता। उक्त बातें छत्तीसगढ़ राज्य से पधारे छत्तीसगढ़ पीठाधीश्वर श्री श्री ब्रह्देवाचार्य महाराज ने कही। ब्रह्मदेवाचार्य पलामू जिला के विश्रामपुर में आयोजित 20मई से लक्ष्मी नारायण सह विष्णु भगवान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में 30अप्रैल से श्रीराम कथा का प्रवचन कर रहे हैं। पीठाधीश्वर के प्रवचन कथा का लोग श्रवण कर रहे हैं।

कथावाचक बीच बीच में भक्तिमय भजन की धून भी जमा रहे हैं। शुक्रवार की कथा में विश्वामित्र ऋषि का अयोध्या जाकर राम का मांगना बक्सर में हो रहे यज्ञ ताड़का वध मारिच सुबाहु जो मारिच को प्रभू श्रीराम ने बिना फर का बाण मारकर समुद्र किनारे सात योजन दूर गिराना सब पर विस्तृत कथा सुनाए। तदोपरांत भगवान की आरती किए। मौके पर समस्त तोलरा के महिला पुरूष उपस्थित थे।

# नीलांबर पीतांबरपुर में शुरू हुआ जल कर भुगतान अभियान

### लोगों ने दिये दो साल का 1440 रूपये पानी टैक्स, एक साल का टैक्स माफ

खबर मन्त्र संवाददाता





**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज ग्रामीण जलापूर्ति योजना चालू हुए 3 वर्ष हो जाने के बाद भी आज तक पानी का बकाया बिल कंजूमर से नहीं लिया गया था।

पानी का बकाया बिल वसूली अभियान की शुरूआत लेस्लीगंज मुखिया प्रतिनिधि एवं चेंबर अध्यक्ष छोटे लाल प्रसाद सोनी और जलसहिया के द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि 3 साल से जल कर लोगों के पास बकाया था।

इस कारण एक साल का पानी टैक्स माफ कर पानी टैक्स लिया गया। 2 साल का बिल 1440 रुपया रुपया लिया जा रहा है। मौके पर नीरज सिंह ने बताया कि प्रखंड में पांच पंचायत को पानी दिया जाता है ।

पैसा नही होने के कारण छोटे मोटे खराबी होने के बाद काम नही किया जाता था जो अब पैसा रहने के बाद तुरंत समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। बकाया पानी बिल वसूली में रमा शंकर शुक्ला, पुरषोत्तम दयाल, रामेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार मौजूद थे।

# रेहला में प्राचीन शिव मंदिर के पास पीपल पेड़ के नीचे रखा मिला हनुमान के चांदी की मूर्ति

>> 870 ग्राम की चांदी का मूर्ति मिली, कई तरह के लगाए जा रहे कयास, पुलिस अनुसंधान में जुटी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला के स्टेशन रोड में प्राचीन शिव मंदिर के पास स्थित पीपल पेड़ के नीचे से आठ सौ 70 ग्राम चांदी के हनुमान जी की मूर्ति मिली है। जिसके बाद से क्षेत्र में कौतूहल है.लोग मूर्ति को देखने हेतु काफी संख्या में पीपल पेड़ के पास जमा हो गए। सूचना मिलने पर रेहला पुलिस स्थल पर पहुंची और मूर्ति को अपने साथ थाना ले गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम स्थानीय लोगो ने पीपल पेड़ के नीचे हनुमान जी की मूर्ति को देखा। उसके बाद लोग पीपल पेड़ के पास जमा होने लगे और देखते ही देखते भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचे और इसकी जांच पड़ताल शुरू की। उन्होंने स्थानीय लोगों से मूर्ति के बाबत पूछताछ भी की लेकिन कुछ भी स्पष्ट पता नही चल पाया। मूर्ति की जांच कराई तो निकला की मूर्ति नई है। जो चांदी का है और उसका वजन 870 ग्राम है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मूर्ति कहा से आई और कौन रखा। इसकी जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है ताकि मूर्ति के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी मिल सके। इधर स्थानीय लोगो की माने तो मन्नत के पूरा होने पर कुछ महिला एक कार से गुरुवार की देर शाम में आयी और पूजा-अर्चना के बाद चांदी के हनुमान जी की मूर्ति को पीपल पेड़ के नीचे रख कर चली गयी। इसके आलावा भी स्थानीय लोग कई तरह का कयास लगा रहे हैं।

### झारखंड सरकार की नीति और नीयत दोनों स्पष्ट नहीं : सतेंद्र नाथ चौबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार का नीति और नीयत दोनो ही स्पष्ट नहीं है। नियोजन नीति से लेकर स्थानीय नीति सभी अस्पष्ट है। इस सरकार की तुष्टिकरण नीति सिर्फ स्पष्ट है। सरकार के अस्पष्ट नीतियों के कारण राज्य का विकास ठहर सा गया है। प्रदेश के भलाई हेतु इस सरकार को उखाड़ फेंकना बेहद जरूरी है। चौबे शुक्रवार को बिश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की सरपरस्ती में माफिया अवैध बालू का कारोबार कर लखपति बन रहे हैं, जबकि आम लोगों को सरकारी आवास निर्माण हेतु भी बालू नहीं मिल रहा है। अपराधियों का मनोबल इस सरकार में चरम पर है। नक्सलवाद फिर से सर उठाने लगा है। विधि व्यस्था चौपट हो चुकी है। हेमंत सरकार निकाय चुनाव भी नही करा पा रही है। जिससे निकायों में अधिकारियों की मनमानी कायम हो चुकी है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। यह सरकार अब तक की सबसे निकम्मी सरकार साबित हो चुकी है। जनता भी इस सरकार के कारनामों से ऊब चुकी है। झारखंड में अगली सरकार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की बनेगी।

### परशुराम सेना भार्गव ने मंदिर भूमि दान करने वाले मथुरा के वंशजो को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पलामू की धरती पर भव्य परशुराम मंदिर का निर्माण किया जाना है। जिसका भूमि पूजन 3 मई को किया जा चुका है, जिसमें समाज के सभी लोगों का उत्साह देखने को मिला है। भार्गव ने भूमि दानदाता स्व पण्डित मथुरा तिवारी जी के वंशजों को उनके द्वार पहुंच कर उनके वशंजो को अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया। स्व मथुरा तिवारी जी के भतीजा अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी ने कहा कि मेरे वंशज के दान किए गए भूमि पर जो परशुराम मंदिर बना रही है उसमे मेरे किसी भी कूल खानदान की कोई आपत्ति नहीं है, हम सभी स्व मथुरा तिवारी जी के वंशज मंदिर निर्माण कार्य में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के साथ कदम से कदम मिला भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। सम्मान समारोह में भूमि दान करने वाले स्व मथुरा तिवारी जी के वंशज त्रिपुरारी तिवारी जी, रुचिर तिवारी, शिवध्यान तिवारी, पपड़ तिवारी, मुकेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, आशुतोष तिवारी, अरविंद पांडे, अंकित पांडे, संजीत पांडे सहित दर्जनों भक्त थे।

### डीएवी में एनसीसी कैडेट्स भर्ती कैंप का आयोजन



**मेदिनीनगर।** डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नयी दिल्ली के प्रधान, आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ जे पी शूर के नेतृत्व में संचालित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में एनसीसी 44 बटालियन कैडेट्स भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। यह भर्ती 44 बटालियन मेदिनीनगर एनसीसी के कमांडेंट कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निर्देशन में आयोजित थी। इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान कैडेट से दौड़, पुश-अप कराया गया। स्टेडियोमीटर से हाइट मापी गई। इस अवसर पर अमिताभ मुखर्जी ने बताया कि इस केंद्र से 50 कैडेट्स का चयन हुआ है, जिसमें 15 बालिका (जे.डब्ल्यू ) एवं 35 बालक (जे बी) की भर्ती हुई है। उन्होंने बताया कि कैडेट्स के रूप में विद्यार्थी जीवन में परिश्रम अनुशासन एवं अन्य जीवन उपयोगी बातें सीख कर अपने व्यक्तित्व में निखार लाते हैं एवं देश भक्ति भावना से परिपूर्ण होते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एन खान ने चयनित कैडेट्स को बधाई दी। कहा कि एन सीसी में प्रशिक्षित छात्र देश की पूंजी बनते हैं। छात्रों को इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने सभी चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामना दी। इस अवसर पर हवलदार लाल पुर्ती, हवलदार सर्वजीत सिंह एवं विद्यालय के खेल शिक्षक डॉ राजेंद्र राणा उपस्थित थे। चयनित छात्रों में विनीत राज, आयुष कुमार पांडे, अनंत कुमार, नव्या राणा, अतुल्य सिंह एवं राखी कुमारी शामिल थे।

### सांसद व विधायक की अनदेखी असहनीय: अविनाश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने कहा कि गढ़वा जिले में श्री बंशीधर धाम को राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन स्थल घोषित करवाते हुए राजकीय महोत्सव के रूप में स्थापित कराना पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास का परिचायक है, जबकि स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही के विधानसभा अंतर्गत पड़ने वाले विश्व धरोहर श्री बंशीधर मंदिर को पूरी प्रक्रिया में सकारात्मक सहयोग प्रदान करना उनके धार्मिक भावना से ओतप्रोत होने का प्रमाण है। बावजूद राज्य सरकार के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के दोनों जनप्रतिनिधियों को एक साजिश के तहत नजरअंदाज करते हुए पूरे कार्यक्रमों से दूर रखा गया जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। विदित हो कि पलामू सांसद के अथक प्रयास से रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्व काल में नगर उंटारी का नाम श्री बंशीधर नगर के रूप नामकरण करवाना, गत सप्ताह पलामू समेत अपने संसदीय क्षेत्र में बीच ढोल बाजे के साथ आम जनों को उक्त आयोजन में प्रसाद और निमंत्रण पत्र के माध्यम से आमंत्रित करना एवं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन मंत्री अर्जुन मेघवाल के कार्यक्रम को तय करवाना श्री बंशीधर मंदिर के प्रति समर्पण की पराकाष्ठा है। बावजूद स्थानीय शासन प्रशासन के द्वारा पूरे कार्यों को नजरअंदाज करते हुए भव्य आयोजन प्रक्रिया को हाईजैक करते हुए मुख्य कर्ताधर्ता को ही पूरे कार्यक्रम में उपेक्षित रखना अपनी कब्र खुद खोदने के समान है।

### केतात पंचायत भवन में बिजली विभाग ने लगाया शिविर



**बिश्रामपुर पलामू।** बिश्रामपुर प्रखंड के केतात कला पंचायत भवन में बिजली बिभाग कि ओर से शिविर का अयोजन हुआ। शिविर में बिजली बिल कि समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीणों कि सुनी जा रही समस्या। केतात पंचायत कि मुखिया संजू चौबे और पंचायत के पूर्व मुखिया रविशंकर चौबे उर्फ सेठ ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार से पंचायत मे शिविर का करने के मांग किया था। पूर्व मुखिया ने बिजली विभाग के जेई अभिषेक कुमार से मांग किया है कि केतात कला पंचायत मे जर्जर पोल व तार को बदल कर दुरुस्त किया जाए । मौके पर बिजली विभाग के जेई अभिषेक कुमार ने कहा कि बिजली से जुड़ी समस्या से जल्द ही लोगो को निजात मिलेगी लोगो को कोई भी समस्या हो तो हमको बताए निदान किया जायेगा। मौके पर बिजली विभाग के अजय कुमार पांडेय, बलवंत दुबे, विजय शुक्ला,सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पांकी पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर साटा परचा



**पांकी पलामू।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय पलामू के निर्देश पर पांकी थाना कांड के आलोक में पांकी पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर परर्चा साटकर इश्तेहार तामिल किया। पांकी थाना के सअनि भूदेव कुमार महतो ने बताया कि पांकी प्रखंड के कुसड़ी निवासी अभियुक्त विकास सिंह पिता भीम सिंह व आलोक सिंह पिता देवनंदन सिंह के घर पर इश्तेहार परचा साटकर हाजिर होने को कहा गया है। अगर अभियुक्त इस मामले में हाजिर नहीं होते हैं तो उन पर कार्रवाई की जायेगी।

# भ्रष्ट व्यवस्था से संघर्ष के लिए तैयार रहें युवा : राजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भंडरिया में बड़गड़-भंडरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों का आमसभा आयोजित की गई। सभा में बड़गड़-भंडरिया प्रखंड के 25 गांवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आमसभा में युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सांगठनिक अनुशासन एवं रणनीति के अंतर्गत कार्य करने की आवश्यकता है। समस्याएं आज इतनी विकराल हैं कि आम आदमी का जीवन निराशा और हताशा का पर्याय हो गया है। जनप्रतिनिधियों की लूट और स्वार्थ ने क्षेत्र में विकास नहीं होने दिया है। समस्याओं के समाधान के लिए भ्रष्ट व्यवस्था से संघर्ष को युवा तैयार रहें। संगठन की रणनीतियों एवं आगामी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा ने कहा शीघ्र ही कुछ गांव जो छूट गए हैं उन्हें भी संगठन से जोड़ दिया जाएगा। बड़गड़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राम ने कहा क्षेत्र की जनता युवा जागृति केंद्र को एकमात्र विकल्प के रूप में देख रही है तथा संगठन को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। सभा में विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधियों ने केंद्रीय अध्यक्ष एवं वरीय पदाधिकारियों से संवाद किया एवं स्थानीय समस्याओं की चर्चा की तथा उनके समाधान हेतु संगठन को क्षेत्र में और भी मजबूत करने की बात पर जोर दिया। सभा में केंद्रीय अध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा, जिला सचिव अमित रंजन, नीरज तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह, जिला सचिव मोहित साहू, आनंद सिंह, विशेश्वर मांझी, काश्मीर कुजूर, अमरदीप तिर्की, ईश्वरदास तिर्की, भीम सिंह, रोहित सिंह, इंद्राराज मुंडा, रिझु सिंह, जयदीप तिर्की, चंदन बाखला, मनोज सिंह, संजीव सिंह, खुशहाल सिंह, रामवृक्ष नगेसिया, देव नारायण सिंह, सिंधु कच्छप, रंजीत तिग्गा, रंजीत लकड़ा, अशोक कुमार सिंह, धनंजय सिंह, राजेश कुमार पासवान, मनोज कुमार ठाकुर, पितांबर सिंह, विनोद कुमार सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आनंद मार्ग किड्स स्कूल में मना आनंदमूर्ति और भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता






**सतबरवा पलामू।** बुद्ध पुर्णिमा के अवसर पर आनंद मार्ग किड्स स्कूल पोंची में शुक्रवार को आनंद मार्ग के प्रवर्तक ब्रह्मानंद श्री श्री आनंदमूर्ति जी व भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया वही स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोंची पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने अहिंसा परमो धर्म का नारा दिया था। उनके द्वारा मानव जीवन जीने के मंत्र भी बताए गए हैं जिससे मानव समाज को सीख लेने की जरूरत है। वही स्कूल के संस्थापक तथा डायरेक्टर सेवानिवृत शिक्षक राम लखन सिंह चेरो ने आनंदमूर्ति जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत समेत दुनिया के 210 देशों में आनंद मार्ग के प्रवर्तक ब्रह्मानंद आनंदमूर्ति जी का 100 वां जन्म जयंती मनाया जा रहा है। 1955 में आनंद मार्ग की स्थापना की गई थी। शिक्षक मनोज सिंह ने कहा कि मानवता के लिए आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीज टीम का गठन किया गया है जिसके माध्यम से दुनिया में हो रहे प्राकृतिक तथा मानवसृजित आपदाओं में निस्वार्थ सेवा देती है। उन्होंने कहा कि आनंद मार्ग का मुख्य कार्य मानव समाज में आध्यात्मिक ज्ञान के साथ-साथ चेतना जगाना है। वहीं बाबा नाम केवलम का जाप भी किया गया। मौके पर ड्रग कंट्रोल ऑफीसर अमरेश कुमार सिंह, सतीश सिंह चेरो, चांदनी चंद्रन, पूजा शर्मा, राजीव कुमार, विष्णुदेव मुंडा, संतु लाल, पन्नालाल, उपभूक्ति की प्रमुख हीरामन सिंह, धर्मशीला देवी, सीताराम, चंदेश्वर समेत अभिभावक एवं लोग मौजूद थे।

# नयी खूबियों के साथ बीआइटी सिंदरी के छात्रों ने बनायी इलेक्ट्रिक साइकिल

## 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी साइकिल

खबर मन्त्र संवाददाता



### साइकिल की कीमत 14 हजार रुपये

इसे पुराने साइकिल का उपयोग कर बैट्री, मोटर व कंट्रोलर लगाकर बनाया गया है। इसकी लागत तकरीबन 14 हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि भविष्य में सीट और हैंडल को एडजस्ट करने, बैट्री को सौर ऊर्जा से चार्ज करने तथा इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाने की व्यवस्था की जाएगी।

**सिंदरी।** 90 किलोग्राम वजन के साथ 25 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली कई खूबियों के साथ इलेक्ट्रिक साइकिल को बीआईटी सिंदरी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने शुक्रवार को प्रदर्शित किया। इसे फाइनल ईयर के छात्रों सौरभ मोदक, शुभम साव और ऋषि आनंद ने प्रो अमित मिश्रा, विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार व पांजर रिन्यूएबल्स के आदित्य कुमार की सहायता से बनाया गया है। इस उपलब्धि के लिए संस्थान निदेशक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने छात्रों को बधाई दी है। छात्रों ने बताया कि छात्रों को कोचिंग व ट्यूशन के लिए पैदल यात्रा करनी पड़ती है। बीआईटी सिंदरी जैसे संस्थानों में बाइक व स्कूटी का उपयोग नहीं होने में यह काफी मददगार साबित होगी। इसे बच्चे से वृद्ध तक आराम से चला सकते हैं। इसे एक बार चार्ज कर 30 किलोमीटर तक सफर तय किया जा सकता है। इसके साथ ही 90 किलो वजन के साथ अपनी अधिकतम 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलाया जा सकता है। इसे महिलाएँ भी चला सकती हैं। चोरी से बचने के लिए सायरन और जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस भी लगे हैं।

## स्पीड न्यूज

### मारवाड़ी युवा मंच लगायेगा 101 प्याऊ

**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच धनबाद शाखा सदैव ही मानव सेवा के लिए तत्पर रहता है ।ऐसी धारणा है कि ग्रीष्म ऋतु में प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाने से पित्र और पूर्वज का आशीर्वाद प्राप्त होता है ।मारवाड़ी युवा मंच धनबाद शाखा द्वारा बुधवार 5 अप्रैल से अमृत धारा का शुभारंभ पुराना बाजार स्थित मंच भवन के समीप किया गया ।कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष कि भाँति इस वर्ष भी इस भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से 101 अस्थायी पनशाला शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगाया जाएगा।

### पुआल में लगी आग बुझाने में एक झुलसा



**बोकारो/कसमार।** कसमार अंचल अंतर्गत मुंगो-बगदा गांव निवासी शांति राम महतो के घर सामने रखे पुआल माचा में अगलगी से लगभग 1500 गोंछा जल गया। माचा के अंदर रखे बैलगाड़ी व दो साइकिल भी जल गयी। वहीं आग बुझाने के क्रम में मनिक महतो झूलस गये। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया लेकिन सारा माल जलकर बर्बाद हो गया। आग लगने की खबर पाते ही घरवालों ने शोर मचाया जिससे पड़ोस के लोग भी आग बुझाने में मदद किये सामने के कुएं से टुल्लू पंप के सहारे पानी डाला गया। पीड़ित शांति राम महतो की पत्नी के अनुसार संभवतः रात 10 बजे के आसपास किसी अज्ञात व्यक्ति व्यक्ति ने माचीस की तिल्ली जलाकर फेंक दिया, जिससे आग लग गयी।

### बेरमो प्रखंड कार्यालय में राज्य स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभागार में राज्य स्तरीय स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने किया। कहा कि कार्यक्रम 29.04.23 से 15.05.23 तक चलेगा। कार्यक्रम मे स्वच्छता के प्रति लोग ने शपथ ली। मौके पर गिरजा देवी, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, उपप्रमुख विनोद साहू आदि मौजूद थे।

### सविमं सिंदरी में बाल संसद का गठन

**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में बाल संसद के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास के लिए शुक्रवार को विद्यालय परिसर में प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती व कन्या भारती का गठन निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा किया गया। प्रत्याशियों ने नामांकन के बाद अपना प्रचार पोस्टर तथा संपर्क माध्यम से शुरू किया। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने बताया कि विद्या भारती बच्चों में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित करती है।


### कोर्ट नोटिस

न्यायालयः सिविल जज (वरीय कोटि) संख्या- 1, धनबाद

सक्सेशन सर्टिफिकेट केस नं.- 75/2022

अनिरुद्ध गोस्वामी................. वादी

बनाम्

जेनरल पब्लिक................ प्रतिवादी

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादी अनिरुद्ध गोस्वामी, पिता- स्व. हरगोविंद गोसाई के द्वारा इस न्यायालय में उपरोक्त केस दर्ज किया है। जिसमें वादी के पिता स्व. हरगोविंद गोसाई के खाता सं.- 474010100003967 बैंक ऑफ इंडिया, तेलमोचो शाखा में एमआईएस 50,00,000/- (पांच लाख रुपये) एवं बचत खाता में 4,96,000/- (चार लाख छियानबे हजार रुपये) रखा है। की प्राप्ति के लिए न्यायालय में उत्तराधिकारी सर्टिफिकेट (Succession Certificate) के लिए आवेदन दिया है। अतः आप सभी ग्राम- कल्याणपुर, पो.- रामनगरगढ़, थाना महुद्दा, जिला- धनबाद के निवासी को सूचित किया जाता है कि अगर इस पर किसी को आपत्ति है तो दिनांक 20.5.23 को सुबह 7.30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा उपरोक्त केस की कार्यवाही कर आवश्यक आदेश पाति कर दिया जायेगा। यह प्रकाशनार्थ मेरे न्यायालय के मुहर एवं हस्ताक्षर द्वारा आज दिनांक 26.4.23 को निर्गत किया जाता है।

सिविल जज (वरीय कोटि)-1 धनबाद।


## बुद्ध पूर्णिमा पर मानव सेवा परिवार ने बांटी खाद्य सामग्री

**चिरकुंडा।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मानव सेवा परिवार नारायणी परिवार द्वारा शुक्रवार को चिर कुंडा रेलवे फाटक के पास हनुमान मंदिर में गरीबों व राहगीरों को ठंडा सरवत, अंगूर, तरबूज और आइसक्रीम का वितरण किया गया। परिवार के प्रमुख मंजू अग्रवाल ने कहा कि गरीब व जरूरतमंद मानव की सेवा करना ही सच्ची सेवा है इसी को लेकर परिवार के सदस्यों द्वारा अक्सरहां गरीबों को भोजन कराया जाता है व गरीब बच्चियों की शादी में हमेशा मदद की जाती है ।मौके पर मुख्य रूप से मंजू अग्रवाल, बसंती शर्मा, पुष्पा अग्रवाल, रामा शर्मा, निरंजन, विजय, आर्यन, मटरू अग्रवाल, झब्बू साव, शीशम अग्रवाल, सानवी, नंदलाल रावत, प्रदीप दा आदि थे।

## धनबादः 5.43 लाख बच्चों को लगा एमआर का टीका

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मीजल्स रूबेला उन्मूलन को लेकर 12 अप्रैल से शुरू एमआर अभियान कार्यक्रम के 23वें दिन जिले के 24620 बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका दिया गया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया अब तक कुल 543195 बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका दिया जा चुका है। वही आज की बात करें तो आज का लक्ष्य 28461 बच्चों को टीका लगाना था, जिसमें कुल 24620 बच्चों को आज टीका लगाया गया है। उन्होंने सभी से अपील की है कि जिले के सभी बच्चे (9 माह से 15 वर्ष तक) को मीजल्स रूबेला का टीका अवश्य लगवाएं। ताकि हर एक बच्चा स्वस्थ और सुरक्षित रहे। आज बाघमारा में 4734, बलियापुर में 1238, गोविंदपुर में 1858, धनबाद सदर में 5638 टीका दिया गया।

### पहला कदम के दिव्यांग बच्चों को लगा टीका

**धनबाद।** शुक्रवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,झारखंड के द्वारा खसरा और रुबेला को खत्म करने के लिए एम.आर.अभियान के दौरान खसरा-रूबेला टीका दिया गया ।पहला कदम स्कूल के 15 वर्ष की आयु तक के सभी दिव्यांग बच्चों ने टीका लिया।

# फेसबुक के प्यार में बीच बाजार में प्रेमी को पड़ी मार

## थाना पहुंचा मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के हनुमान बाजार में गुरुवार की शाम एक आशिक की जमकर पिटाई हो गई। आशिक की पिटाई एक लड़की की मां और उसके परिजनों ने की। दरअसल,मामला प्रेम प्रसंग जुड़ा है। फेसबुक के माध्यम से निरसा निवासी की दोस्ती लोयाबाद (कनकनी हनुमान बाजार) के रहने वाली युवती से हो गया। दोस्ती आगे चलकर प्यार मे बदल गया। फिर जब दोनो की एक दुसरे से इच्छा की पूर्ति के बाद दोनो के बीच प्यार मे नोंकझोंक शुरू होकर मारपीट तक चली गई जिसका ताजा उदाहरण गुरूवार की शाम को कनकनी हनुमान मे देखने को मिली। प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने जब हनुमान बाजार पहुंचा तो प्रेमिका चोर चोर हल्ला करके अपने ही आशिक की जमकर धुनाई करा दी। युवक बेचारा किसी तरह जब जान बचा कर लोयाबाद थाने पहुंचा तो सारे वस्तु स्थिति की जानकारी दी। उधर युवती ने थाना मे लिखित आवेदन दिया है जिसमे इन्होने युवक पर दवा खिलाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। वही युवक ने बताया कि लड़की ने मुझे खुद ही फोन करके बुलाया था और घर मे बुलाकर चोर चोर हल्ला करके ग्रामीणों से पीटवाया किसी तरह मै जान बचाकर लोयाबाद थाना पहुंच कर अपनी जान बचाई । इनलोगों ने मेरी मोटरसाईकिल और मेरा मोबाइल भी छीन लिया है। युवक और युवती दोनो ही तरफ से थाने मे लिखित आवेदन दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक कोई निष्कर्ष नही निकला है।

# बरोरा के नये थाना प्रभारी का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बाघमारा।** पुलिस जनसहयोग समिति बरोरा ने सुभाष भवन हरिणा मे मे गुरुवार की रात सम्मान समारोह आयोजित कर बरोरा थाना से स्थानांतरित थाना प्रभारी नीरज कुमार, पुअनि नितिन आश्विनी व मुंशी मिथुन कुमार को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। वही बरोरा थाना के नए थाना प्रभारी नंदु पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस जनसहयोग समिति के सदस्यो ने नीरज कुमार सहित नितिन अश्वनी व मिथुन कुमार के कार्यो की काफी सराहना की। खासकर बरोरा थाना के पूर्व थाना प्रभारी नीरज कुमार की उपलब्धीयो की प्रशंसा लगभग सभी वक्ताओ ने भरपूर की। वक्ताओ ने कहा की थाना क्षेत्र मे विधि व्यवस्था व समाजिक दायित्व को इन्होने बहुत ही अच्छी तरह से निर्वहन कर एक अपनी अलग पहचान कायम की है। इस छोटी सी उम्र मे इतनी सहनशीलता तथा अच्छे बुरे की पहचान करने की छमता बहुत ही कम लोग मे दिखाई देती है। हमलोग ईश्वर से सदा यही प्रार्थना करते है की पुलिस विभाग के उच्च पद पर पदस्थापित होकर फिर से हमारे क्षेत्र मे वापस आये। नीरज कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए भावुक हो गए और उन्होने कहा की मै बरोरा की जनता तथा पुलिस जनसहयोग समिति से मिले प्यार को कभी भुल ही नही सकता बरोरा थाना हमारी नौकरी की पहली पोस्टिंग थी और अपने कार्यकाल के दौरान यहा के लोगो से मैने बहुत कुछ सीख कर जा रहा हू। और आशा करता हू की आगे भी बरोरा जैसा समिति तथा लोगो का साथ मिलेगा। समारोह मे सचिव मिथिलेश कुमार, पुअनि आनंद रवी, रवीन्द्रनाथ पाण्डेय, वीणा भारती, गौतम मंडल, देवानंद राजभर, मिथुन कुमार सिंह, अनुज सिंह, निगम कुमार, बिठल सिंह, संजय कुमार, संतोष चौहान ,शशि यादव, नवीन सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन सचिव मिथिलेश कुमार ने किया।

# सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण : राज्यपाल

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपरी पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, ग्रामीणों को किये प्रेरित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो ।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन नावाडीह प्रखंड के चपरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंच विद्यालय के बच्चों से मिले और उनसे बाते की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन कर राज्यपाल का स्वागत किया गया। राजपाल के हाथों विभिन्न सरकारी योजनाओं ;सावित्रीबाई फुले योजनाए वृद्धा पेंशनए विधवा पेंशनए राशन कार्ड आदिद्ध के लाभुकों को चेकए राशन कार्ड आदि दिया। जिला प्रशासन के सहयोग से सीसीएल ढोरी के सीएसआर मद से 3 एएनएम मैरी हेंब्रमए राजेश्वरी कुमारीए गायत्री कुमारी को इलेक्ट्रिक स्कूटी दिया गया। राज्यपाल ने बच्चों के शौक को पूरा करते हुए उनके साथ काफी फोटो भी खिंचवाई।

राजपाल ने कहा कि भारत देश एक है और हम सभी उसके संतान हैं। हमे अपने देश से प्यार करना चाहिए। कहा कि इस सुदूर क्षेत्र के विद्यालय में आकर काफी खुशी हुई है। बहुत जगह देखा गया है कि सरकारी फंड का खर्च नहीं हो पाता हैए परंतु यहां पर फंड का सही तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने 3 एएनएम को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी का तारीफ करते हुए कहा कि अब यह एएनएम सुदूर क्षेत्र में भी जाकर लोगों की स्वास्थ्य की जांच कर सकती है। गर्भवती महिलाओं की जांच तथा सलाह दे सकती है। समय के हिसाब से हमें अपने आप को बदलने की जरूरत है। उसी के तहत आज सुदूर क्षेत्र में जाकर सेवाओं देने के लिए इन एएनएम को स्कूटी प्रदान की गई है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपरी के बारे में कहा कि यह स्कूल अभी आठवीं कक्षा तक है। इसे आगे 10वीं तक उसके उपरांत 12वीं तक किया जाएगा। इसके लिए बोकारो डीसी से जमीन और उपयोग होने वाले फंड के लिए वार्ता किया जाएगा। विद्यालय में नए भवन का निर्माण सहित और भी शिक्षकों की बहाली की जाएगी। यहां के बच्चे को उच्च शिक्षा के लिए दूसरी जगह ना जाना पड़े इसके लिए मैं अपने स्तर से काम करूंगा। इस स्कूल को आधुनिक तरीके से निर्माण कराया जाएगा और पढ़ाई की भी अच्छी व्यवस्था की जाएगी जिससे कि स्कूल का नाम पूरे क्षेत्र में होगा। कहा कि हम सभी की दो मुख्य जिम्मेदारियां होती है।

# अतीत के झरोखे से पुस्तक का विमोचन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के बारे में लोग ज्यादा से ज्यादा जाने इसको लेकर वरिष्ठ पत्रकार बनखंडी मिश्र ने 'अतीत के झरोखे से' नामक पुस्तक को लोगों के समक्ष समर्पित किया। इस पुस्तक में लोग धनबाद-झरिया के इतिहास के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी ले सकेंगे। झरिया में कई ऐसी विभूतियां हुई जिन्होंने विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाई ।उनके इस महत्वपूर्ण पुस्तक के माध्यम से लोगों तक इतिहास पहुंचाने का कार्य किया गया है ।वहीं इस पुस्तक के विमोचन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, दैनिक जागरण के स्थानीय संपादक चंदन शर्मा, आवाज 7 डेज के संपादक पत्रकार उत्तम मुखर्जी, शुभम संदेश के स्थानीय संपादक ज्ञान वर्धन मिश्रा, समाजसेवी विजय झा, अधिवक्ता कंसारी मंडल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि यह पुस्तक लोगों के दिलों पर अविस्मरणीय छाप छोड़ेगा। क्योंकि इस पुस्तक के माध्यम से लोग धनबाद के विभूतियों के बारे में जान सकेंगे कि किस तरह से लोगों ने देश के लिए अपना योगदान देकर झरिया और धनबाद का नाम रोशन किया । ज्ञात हो कि बनखंडी मिश्र की यह तीसरी पुस्तक है जिसमें धनबाद और झरिया के

# डालमिया सुप्रीम सीमेंट लांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डालमिया सीमेंट ;भारतद्ध लिमिटेड ने पूर्वी राज्यों के लिए नए ब्रांडए डालमिया सुप्रीम सीमेंट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह प्रीमियम ब्रांडए उच्च गुणवत्ता वाले पोर्टलैंड पोजोलाना सीमेंट प्रोडक्ट का प्रकार है जो मजबूतीए तेज सेटिंग और बेहतर कार्य क्षमता के तिहरे लाभ के साथ टिकाऊ घरों के निर्माण हेतु सटीक विकल्प भी बनाता है। इस ब्रांड की बिक्री पूर्वी क्षेत्र में मौजूदा खुदरा माध्यमों से की जाएगी। मौके पर राजीव प्रसादए सीनियर एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हेड सेल्सए लॉजिस्टिक्सए टेक्निकल सर्विसेस और मार्केटिंगए डीसीबीएल ने इसे कंपनी के ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप बताते हुए कहा कि वे मजबूतए तेज और बेहतर निर्माण के लिए एक विशेष प्रोडक्ट की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह रासायनिक हमलों के खिलाफ बेहतर प्रतिरोध प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि डालमिया सीमेंट उच्च गुणवत्ता वाले सीमेंट की आपूर्ति करने के साथ ही ऑनसाइट सुपरविजनए इंजीनियरिंग सर्विसेस आदि के संदर्भ में बिक्री के बाद की सेवा देते हुए अपने ग्राहकों को बेहतर तकनीकी सेवाएँ भी प्रदान करता है।

# सड़ी-गली हालत में सिंदरी में मिला महिला का शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी के मनोहरटाँड़ हीरक टूटा पुल के पास स्थित बंद शाफ्ट भट्ठे के पीछे जोड़िया में शुक्रवार को लगभग ग्यारह बजे एक अज्ञात महिला का शव मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव से तेज दुर्गंध आ रही है। शव के पास बाँस भी रखा हुआ है। मृतक के शरीर के निचले हिस्से में बैंगनी रंग की साड़ी लपेटी हुई है। उपरी हिस्सा नंगा है। मृतक मुँह के भर लेटी हुई है और महिला का सिर जमीन में आधा गड़ा हुआ है। शरीर के उपरी हिस्से पर जले का निशान है और सिर के बाल पूरी तरह से जला हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि महिला को मारकर जलाने की कोशिश की जा रही थी अथवा जलाकर मारने का प्रयास किया जा रहा था। शव के दोनों पैर को कुत्तों ने नोच दिया है। आशंका जताई जा रही है कि शव कम से कम दो से चार दिन पुराना है। शाफ्ट भट्ठे के पास शव मिलने की खबर से आसपास के गाँव के लोग जुटे। परंतु शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला की अन्यत्र हत्या कर वहाँ फेंक दिया गया है। स्थानीय द्वारा शौच करने जाने के दौरान शव को देखा गया था और बलियापुर पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना के आधार पर पहुंची बलियापुर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। घटनास्थल पर पहुँचे बलियापुर थाना के एएसआई बागुन मुन्दरी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया जा रहा है।

# कार्यशाला में ली गई स्वच्छता की शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** स्वच्छ भारत मिशन फेज .2 के तहत कसमार प्रखंड मुख्यालय के सभाकक्ष में बीडीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख नियोती कुमारी एवं एसबीएम के डीपीएम शामिल थे। स्वच्छता की शपथ दिलाने के बाद बीडीओ श्री कुमार ने सभी पंचायतों से आये मुखियाए जल सहियाए पंचायत सचिवए पंचायत प्रतिनिधि एवं कर्मियों को स्वच्छ भारत मिशनए फेज.2 के क्रियान्वयन पर दिशानिर्देश दिया। विभिन्न विभागों से आये पदाधिकारियों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताय गया कि व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिये मौजूदा मानदंडों के अनुसार नए पात्र परिवारों को 12ए000 रुपए की राशि प्रदान करने का प्रावधान जारी रहेगा। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु वित्तपोषण मानदंडों को युक्तिसंगत बनाया गया है। ग्राम पंचायतों की ग्रामीण स्तर पर सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण के लिये वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 2 लाख से 3 लाख रुपए कर दिया गया है। मौके पर सभी मुखियाए जलसहियाए आईएसएके पवन कुमारए एसएम एवं सभी कर्मीगण उपस्थित रहे।

### लाभुकों को मिला वित्तीय प्रबंधन का प्रशिक्षण

**बोकारो।** चास नगर निगम द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षणए ट्रेड- सेल्फ एम्प्लोमेंट टेलर, मेसर्स ब्लमिंग लाइफ मल्टी सर्विस प्राइवेट, चीरा चास द्वारा किया गया। प्रशिक्षु लाभुकों को बैंक ऑफ इंडिया के वरीय प्रबंधक, जोनल कार्यालय बोकारो के चैम्पय मुर्मू एवं सुलेखा दास, शाखा प्रबंधक चीरा चास द्वारा संयुक्त रूप से बैंक वित्तीय प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, सुकन्या समृद्ध योजना, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, ईडीपी एवं अन्य बैंक से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। इसमें नगर मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठन आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### केबी कॉलेज में नशा के दुष्प्रभाव पर चर्चा 8 को

**बेरमो।** मनोविज्ञान विभाग ने 08 मई 2023 सोमवार के दिन नशे के दुस्प्रभाव एवं नशा मुक्त परिसर निर्माण श विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन के बी कॉलेज बेरमो के मनोविज्ञान विभाग एव प्फ ।ब के संयुक्त तत्वावधान में 08 मई 2023 को प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सदर अस्पताल बोकारो मनोचिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि तंबाकू नियंत्रण इकाई बोकारो के मो असलम मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### सीएमडी पीएम प्रसाद को कोयल इंडिया चेयरमैन बनाने पर दी बधाई

**बेरमो/ गोमिया।** सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद को कोल इंडिया का चेयरमैन बनाए जाने पर कोलियरी मजदूर कांग्रेस के महामंत्री रामेश्वर सिंह फौजी ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री प्रसाद को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सिंह ने कहा की पीएम प्रसाद बहुत ही सरल सादगी जीवनशैली के साथ.साथ अच्छे और अनुभवी व्यक्ति हैं। उनका चयन कोल इंडिया के लिए अत्यंत ही लाभकारी रहेगा वही कोलियरी मजदूर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंह, राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर संतोष, राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र झा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पंकज पांडे, उपाध्यक्ष चंदन तिवार्थ, सचिव प्रकाश कुमार सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### लोहा लदी दो बाइक जब्त, चोर फरार

**बेरमो/कथारा।** अपने समय में पुरे सीसीएल मे कथारा रेलवे कॉलोनी के बगल में स्थित सीपीपी पावर प्लांट को ऐसा ऐतिहासिक प्लांट कहा जाता था जो कोयला के जगह रिजेक्ट कोल जिसे सीसीएल फेंक देती है उसी से चलता था और सबसे सस्ती बिजली उत्पादन भी करता था। मगर दुर्भाग्य देखिए इस प्लांट को कभी भी सीसीएल ने नही चलाये बल्कि हमेशा प्राइवेट कंपनियां ही इसे संचालित किया। लंबे समय तक इस प्लांट को दिल्ली की एक कंपनी चलाई मगर ना मालूम कारणो वह कंपनी भी इस प्लांट को छोड़कर चला गया। इसके बाद शुरू हुआ प्लांट का विनाश काल और सुरक्षा कर्मियों के तैनाती के बाद भी प्लांट के भवन के दिवारों मे छेद कर लोहा चोर गुपचुप तरीके से प्लांट के बेस किमती सामान जैसे महंगे केबलए मशिनो के कल पुर्जे आदि उड़ाने शुरू किए और भितर ही भितर प्लांट को पुरी तरह खोखला कर डाला गया है। इसी बीच ना मालूम कारणो से एकाएक उक्त पावर मे भयंकर आग लग गई और लाख कोशिशों के बाद भी पुरा प्लांट जल कर स्वह हो गया। कुछ लोगो का इस घटना के संबंध में कहना था कि यह आग लगी नही बल्कि लगाई गई ताकि प्लांट में हो रही चोरी की घटना पर पर्दा पड़ा रहे। बात यही नही रुकी सीसीएल ने सभी प्राईवेट सुरक्षा कर्मियों को यहां से हटा दिया।

# वर्तमान परस्थिति में भी मार्क्सवाद प्रासंगिकः आनंद महतो

## मासस ने मनायी कार्ल मार्क्स की 205वीं जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शुक्रवार को मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में कार्ल मार्क्स का जन्म दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मासस केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि मानव समाज के उज्जवल भविष्य के लिए मार्क्सवाद ही एक मात्र रास्ता है। क्योंकि मार्क्सवाद एक वैज्ञानिक विचार है जो समाज के वास्तविकता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार आज पुराना इतिहास को समाप्त कर रहा है और सिर्फ वोट लेने के लिए सांप्रदायिक नारा दे रहे हैं ।उन्होंने कहा कि मानव समाज वर्ग संघर्ष पर आधारित है ।आज संप्रदायवाद, जातिवाद के नाम पर भाजपा सरकार लोगों को गुमराह कर रही है और समाज के वास्तविकता को आम जनता के बीच से दिग्भ्रमित कर के लोक लुभावना नारा देकर सत्ता पर काबिज हो रही है जिसके चलते अमीर और गरीब के बीच आर्थिक असमानता बढ़ रही है जिसके फलस्वरूप महंगाई बेरोजगारी चरम पर है आज हमें भूतकाल का विश्लेषण एवं समीक्षा के माध्यम से वर्तमान एवं भविष्य का रास्ता निकाला जा सकता है उन्होंने अंत में कहा कि मार्क्सवाद वर्तमान विकट परिस्थितियों में और भी प्रासंगिक है। गोष्टी के अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान एवं संचालन सुभाष चटर्जी ने किया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

गोष्ठी को हरिप्रसाद पप्पू, कार्तिक दत्ता, दिल मोहम्मद, बबलू महतो, पवन महतो,राणा चट्टराज, मुक्तेश्वर महतो,शुक्ला दास, सुभाष प्रसाद सिंह, ललिता देवी, विजय पासवान, विश्वजीत राय, राकेश सिंह, अजय महतो, रामप्रवेश यादव, रेखा देवी,धर्म बाउरी, चौधरी भुईया, याकूब अंसारी, बुटन सिंह,बूटा दत्ता आदि शामिल थे।

खबर मन्त्र

रांची.शनिवार . 06 मई 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# बनती सहमति

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि समलैंगिक जोड़ों की बुनियादी सामाजिक सुविधाओं से जुड़ी कुछ चिंताओं को दूर करने के लिए वह कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन के लिए सहमत है जो इसके लिए प्रशासनिक उपाय सुझाएगी। पिछली सुनवाई के संदर्भ में यह मामला मानवीय चिंताओं से जुड़ा है और इस पर प्रशासनिक चर्चा की जरूरत है। याचिकाकताओं के अधिवक्ता उन्हें सुझाव दे सकते हैं या वे जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं उसके बारे में बता सकते हैं। याचिकाकताओं में एक के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रशासनिक शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि जब याचिकाकर्ता वैधानिक प्रावधानों में बदलाव की मांग कर रहे हैं, ऐसे में कुछ लीपापोती से काम नहीं चलेगा। मामले की सुनवाई अभी जारी है। उच्चतम न्यायालय ने 27 अप्रैल को सुनवाई के दौरान स्वीकार किया था कि समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के लिए कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। वह ऐसा तरीका ढूंढे ताकि विवाह को मान्यता दिए बिना भी समलैंगिक जोड़ों को बुनियादी सामाजिक सुविधाएं जैसे ज्वाइंट बैंक अकाउंट, जीवन बीमा में एक-दूसरे को नॉमनी बनाने जैसी सुविधाएं मिल सके। सॉलिसिटर जेनरल तुषार मेहता से कहा था, अदालत के रूप में हम अपनी सीमाएं समझते हैं, इसके बारे में कोई प्रश्न नहीं है। कई मुद्दे हैं, निश्चित रूप से आपने वैधानिक पक्ष के बारे में अपने तर्क दिए हैं.. हमारे पास कोई मॉडल नहीं है.. और कोई मॉडल बनाना उचित भी नहीं होगा, लेकिन हम निश्चित रूप से सरकार को बता सकते हैं कि अब तक कानून कहां तक पहुंचा है। निश्चित तौर पर इस मसले पर बदलाव और समाजिक परिवर्तन को देखते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

# कर नाटक...

देश की राजनीति में जिस प्रकार के मुद्दें राजनीतिक दल उठा रही है उससे आम लोगों के बीच उनके क्रिया कलापों उनके घोषणा पत्रों के लिये एक ही शब्द उर्पयुक्त जान पड़ता है। निश्चित तौर पर देश के लोकतंत्र में चुनाव इस प्रकार के व्यवहार की पराकाष्ठा जान पड़ती है। क्या भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का एजेंडा मात्र चुनाव जीतना ही रह गया है। कर्नाटक में 10 मई को मतदान है। इसके पूर्व देश की राष्ट्रीय पार्टी और क्षेत्रिय दलों ने जिस प्रकार के मुद्दें उठाये हैं वह किसी प्रकार भी चुनाव जीतना है का एकमात्र एजेंडा को पूरा करता है। भारतीय लोकतंत्र में राजनीति का अर्थ सिर्फ सत्ता में रहना और किसी प्रकार भी चुनाव जीतना नहीं होना चाहिए। लेकिन यह गिरावट लगातार देखी जा रही है। कोई दल राष्ट्रवाद के नाम पर तो कोई दल तुष्टीकरण के नाम पर अपना एजेंडा चला रहे हैं। अगंभीर मुद्दों से मतदान को प्रभावित करना किसी भी हाल में लोकतांत्रिक मूल्यों और बेहतर सरकार की उम्मीद को समाप्त करता है। यह मतदाता तुष्टीकरण लगातार गलत रुप लेता जा रहा है। चुनाव पूर्व प्रलोभन और संवेदनशील मुद्दों को उठाना किसी भी हाल में लोकतांत्रिक भविष्य के लिये अच्छा नहीं है। चुनाव के मुद्दें धर्म, मजहब,जाति, संप्रदाय से हटकर विकास, गरीबी, बेरोजगारी, किसानों की आत्महत्या, अपराध, भूमि सुधार, कृषि से जुड़ी समस्या,स्वास्थ्य की समस्या और मेडिकल के क्षेत्र में बहुत ही कम विकास सहित स्थानीय समस्याओं को विधानसभा चुनाव में सामने लाना चाहिए। लोकतंत्र लगातार अपना दायरा बढ़ा रहा है। इसे संकुचित करने का प्रयास 1980 के बाद लगातार जारी है। क्षेत्रिय दल हो या राष्ट्रीय दलों में बढ़ता जा रहा है जो खतरनाक है।

# कलम को क्रांतिकारी हथियार बनाया डॉ मिंज ने



**कुँड़ुख** भाषा के विद्वान, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी और झारखंड आंदोलन के बौद्धिक अगुवा बिशप डॉ निर्मल मिंज ने कलम को हथियार बनाकर समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाने में अविस्मरणीय योगदान दिया। ऐसी विभूति का अचानक चला जाना निष्चय ही समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। बिशप डॉ निर्मल मिंज 94 वर्ष की आयु में राँची के डिबडीह स्थित अपने आवास में 5 मई 2021 को सदैव चिरनिद्रा में सो गये। उनका जन्म 11 फरवरी 1927 ई. को गुमला जिले के जारी प्रखंड, पोस्ट अमगांव के अंवराटोली गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम अब्राहम मिंज और माता का नाम परसादी मिंज था। उन्होंने बिरकेरा से प्राइमरी शिक्षा प्राप्त करने के बाद लूथरान स्कूल चैनपुर गुमला से मिडल स्कूल और एसएस हाइस्कूल गुमला से 1946 ई. में मैट्रिक की परीक्षा पास की। इसके बाद 1950 ई में पटना विष्वविद्यालय से बीए और सीरामपुर यूनिवर्सिटी से 1953 में बीडी की पढ़ाई पूरी की। 1955 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गये। 1957 में लूथर सेमिनरी संत पॉल से एमएएल और मिनीसोटा शिकागो अमेरिका से एमए किया। वे 1958 में भारत लौटे। आठ मार्च 1959 में पुरोहित बने और जीइएल चर्च के धर्म गुरू बने। डॉ निर्मल मिंज ने 1967 से गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज में सेवा देना प्रारंभ किया और 1968 में प्राचार्य बने। 1968 ई में ही शिकागो यूएसए विश्वविद्यालय अमेरिका से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने 1 नवम्बर 1971 में गोस्सनर कॉलेज राँची की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और संस्थापक प्राचार्य भी बने। कुछ समय बाद जीइएल चर्च दो भागों में विभक्त हो गया। एक भाग को जीइएल और दूसरे भाग को एनडब्ल्यू जीइएल चर्च कहा जाने लगा। वे एनडब्ल्यू जीइएल चर्च के सदस्य बने और 1980 में इस चर्च के पहले बिशप बने। 1996 में बिशपीय पद से सेवानिवृत हुए।

वे कुँड़ुख समाज को आगे ले जाने के लिए हरदम चिंतित रहते थे। इसी का परिणाम था कि वे अमेरिका में रहते हुए कुँड़ुख समाज के लिए कुँड़ुखन नाम की पत्रिक भी निकाला करते थे। वे छोटनागपुर की आदिवासी भाषाओं को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे। अपनी भाषा को बोलने के लिए यहाँ के लोग षमार्ते थे, तब उन्होंने गोस्सनर कॉलेज में कुँड़ुख, मुण्डारी, नागपुरी, संथाली भाषाओं की पढ़ाई प्रारंभ किया। इस कॉलेज में पढ़ाई प्रारंभ करने के बाद इस क्षेत्र में भाषायी क्रांति आयी। बिशप निर्मल मिंज कुँड़ुख समुदाय से आते थे, इसलिए वे कुँड़ुख भाषा, साहित्य की समृद्धि के लिए सदैव तत्पर रहे। कलम का दामन थाम कर कुँड़ुख साहित्य सृजन कार्य को आगे बढ़ाया। उन्होंने 1946 ई से कुँड़ुख में लिखना आरंभ किया। कुँड़ुख में कई पुस्तकों की रचना भी की। कुँड़ुख कत्थ डंडी झरिया पंडी उनकी प्रसिद्ध कुँड़ुख कविता संग्रह है। इस संग्रह में 39 कविताएँ संकलित हैं। उनकी तेताली मन्न तेंगाली कविता काफी लोकप्रिय है। इस कविता में आदिवासियों की लगातार विलुप्त होती पहचान पर चिंता व्यक्त की गयी है-कुँड़ुखर एबसेरआ लगनर आल गोंहड़ा नू,नन्नारिन अम्बा केबा कोड़ा ई मझी नू तंगअन ए-रा बेड़न बुझरआ ई मझी नू तेताली मन्न तेंगाली।।

बिशप निर्मल की कुँड़ुख उपन्यास इन्नेलंता एड़पा उरूबनी में कुँड़ुख समुदाय के बदलते परिवेश में महिलाओं की स्थिति का मनोमोहक चित्रण किया गया है। एफ हान द्वारा रोमन लिपि में लिखित कुँड़ुख ग्रामर को उन्होंने देवनारी लिपि में लिप्यंतरण किया। डब्ल्यू जी आर्चर और धरमदास लकड़ा द्वारा संकलित व प्रकाशित पुस्तक लील खोरआ खेखेल्ल का पुनर्प्रकाशन भी कराया। उन्होंने बाइबल को कुँड़ुख में अनुवाद करने की पहल की। डॉ निर्मल मिंज ने स्कूली जीवन से ही ठान लिया था कि कुँड़ुख भाषा के लिए कुछ काम करना है। इस भाषा को अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहुँचाना उनका उद्देश्य था और इसके लिए वे अजीवन प्रयत्नषील रहे। उन्होंने अपनी भाषा प्रेम का परिचय चर्च अनुष्ठान में भी दिया। चर्च में कुँड़ुख में धर्मविधि चलायी। साथ ही कुँड़ुख गीतों के साथ आराधना विधि प्रारंभ करायी। कुँड़ुख भाषा साहित्य के क्षेत्र में डॉ निर्मल की अविस्मरणीय योगदान को देखते हुए साहित्य अकादमी भारत सरकार से उन्हें 2017 में भाषा सम्मान दिया गया था।

आदिवासियों में राजनीतिक समझ और रूचि का विकास करने के लिए भी डॉ निर्मल मिंज सदैव चिंतीत रहते थे। उन्होंने अपनी इसी चिंता को कहानी, कविता, लेख, निबंध में भी उजागर भी किया।

डॉ निर्मल मिंज ने कई संस्थाओं का निर्माण भी किया। 1969 में विकास मैत्री की स्थापना में सहयोग किया था। 1980 में ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू ) से बौद्धिक मार्गदर्शक के रूप में जुडे। अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर 1989 ई. में राष्ट्रपति से मिले। 1987 ई. में इंडियन काउंसिल ऑफ इंडिजिनस एंड ट्राइबल पीपुल का गठन किया। 1980 में वाइएमसीए की स्थापना की और प्रथम अध्यक्ष बने। इनका पारिवारिक जीवन काफी खुशहाल और सफल रहा। उनका विवाह परकलता खेस्स से 16 अप्रैल 1959 में हुआ। इनकी चार बेटियां है। सबसे बड़ी पुत्री सोना झरिया मिंज सिदो-कान्हू यूनिवर्सिटी दुमका में कुलपति है। दूसरी बेटी शति दानी मिंज सीएमसी वेल्लोर में डॉक्टर, तीसरी पुत्री निर्झर झरिया मिंज महिला पादरी और चैथी पुत्री अकय झरिया मिंज नेशनल हेल्थ मिशन की स्टेट प्रोग्राम को-आर्डिनेटर है।

इसे डॉ मिंज ने बखूबी समझा और अपनी भाषा, साहित्य की समृद्धि के लिए कलम का दामन भी थामा। उनकी कुँड़ुख, हिन्दी और अंग्रेजी में दर्जनों पुस्तकें प्रकाशित हैं, जिनमें द इंडस्ट्रियल पेरिश 1957, ट्रायबल अवेकिंग 1965, महात्मा गांधी एंड हिंदू-क्रिश्चियन डायलॉग 1972, राइजअप माइ पीपुल एंड क्लेम द प्रोमिसेस 1997, पर्ल्स आफ इंडिजिनस विजडम आदि मुख्य है। डॉ मिंज का मानना था कि ज्ञान खोजने से मिलती है। वे हमेश कहा करते थे- कुद्दोय होले बेद्दोय, ओक्कोय होले खक्खोय, यानि ज्ञानार्जन के लिए घूमना और बुजुर्गों के साथ बैठना जरूरी है। ( लेखक नागपुरी विभाग गोस्नर कॉलेज के प्रोफेसर हैं।)



**- डॉ कोरनेलियुस मिंज**

> डॉ निर्मल मिंज ने कई संस्थाओं का निर्माण भी किया। 1969 में विकास मैत्री की स्थापना में सहयोग किया था। 1980 में ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू ) से बौद्धिक मार्गदर्शक के रूप में जुडे। अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर 1989 ई. में राष्ट्रपति से मिले। 1987 ई. में इंडियन काउंसिल ऑफ इंडिजिनस एंड ट्राइबल पीपुल का गठन किया। 1980 में वाइएमसीए की स्थापना की और प्रथम अध्यक्ष बने।

## खास बात

### मन की बात और राष्ट्रबोध

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**पीएम** मोदी विचारों के धनी हैं। उनकी वाकपटुता अद्भुत है। उनके भाषणों में उनके इस सद्गुण को देखा जा सकता है। वह मन की बात नामक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जनता से बात करते हैं। इस कार्यक्रम की बड़ी विशेषता यह भी है कि प्रधानमंत्री ह्यमन की बात के जरिए जनता से आग्रह करते हैं कि वे विषय भेजें। पीएम उन विषयों को शामिल करते हैं। लोग अपने सुझाव सोशल मीडिया के माध्यम से पीएम तक पहुंचाते हैं। देश के अधिकांश लोगों के पास रेडियो है। आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम का प्रसारण होने के कारण अधिक से अधिक लोग इसे सुन पाते हैं। इसके अतिरिक्त दूरदर्शन की पहुंच भी अधिकांश जनसंख्या तक है।

संचार क्रांति के इस युग में संचार माध्यमों का उपयोग करते हुए मोदी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। सर्व सुलभ रेडियो आज अपनी सार्थकता सिद्ध करने में सफल है। भारत का आम आदमी कहीं भी रेडियो को सुन सकता है। रेडियो बिना तार के सर्व सुलभ है। इस माध्यम से प्रधानमंत्री भारत के मन की बात करते हैं। भारत के समाज एवं जीवन की बात करते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा की बात करते हैं। भारतीय संस्कृति की बात करते हैं। राष्ट्रबोध का यह दर्शन 'मन की बात' के माध्मय से जनता को प्राप्त हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अनेक विषयों पर अपने 'मन की बात' जनता से साझा की है। इन विषयों में भारत की जी-20 अध्यक्षता, अंतरिक्ष में निरंतर प्रगति, वाद्य यंत्रों के निर्यात में वृद्धि, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, ड्रोन उद्योग, कौशल विकास, स्वच्छ भारत अभियान, कृषि एवं किसानों से संबंधित समस्याएं, विज्ञान से संबंधित मिशन, दिव्यांग बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, विद्यार्थियों को परीक्षा के समय होने वाले तनाव तथा परीक्षा में सफल होने वाले बच्चों को बधाई, युवाओं से मादक पदार्थों से दूर रहने का आग्रह, योग के लाभ, कन्या भ्रूण हत्या, लड़कियों के समग्र विकास पर चर्चा, सैनिकों की सराहना, जन धन योजना एवं सरकार की अन्य विकास योजनाओं की सफलता, खिलाड़ियों की प्रशंसा एवं बधाई, प्राकृतिक आपदा आदि सम्मिलित हैं।

# महर्षि का क्रोध

## विचार-प्रवाह

**आशुतोष गर्ग**

**पुलोमा** राक्षस के सिर पर खून सवार था। उसने चिल्लाकर कहा, अग्निदेव! मैंने पुलोमा को पहले पसंद किया था, इसलिए यह केवल मेरी पत्नी है। मैं इसे ले जा रहा हूं और अपने साथ रखूंगा। भृगु की पत्नी स्तब्ध रह गई। वह कुछ समझ पाती, इससे पहले ही राक्षस अपने असली रूप में आ गया और गर्भवती पुलोमा को झटके से उठाकर भागने लगा।

झटका लगने से पुलोमा के गर्भ में पल रहा शिशु गर्भ से बाहर गिर पड़ा। इस तरह च्युत (गिरना) होने के कारण उसका नाम ह्यच्यवन पड़ा तथा भृगु का वंशज होने के कारण वही भार्गव कहलाया। भृगु-पुत्र च्यवन इतना ओजस्वी था कि राक्षस पुलोमा उसका तेज सहन नहीं कर सका और जलकर भस्म हो गया। भृगु की पत्नी पुलोमा, अपने पुत्र च्यवन को लेकर आश्रम लौट आई। भृगु आश्रम लौटे तो पुलोमा रो रही थी। उसने भृगु को राक्षस और च्यवन के जन्म की घटना विस्तार से कह सुनाई, जिसे सुनकर महर्षि को क्रोध आ गया। भृगु ने अपनी पत्नी से पूछा, ह्यउस राक्षस ने तुम्हें कैसे पहचाना? उसे तुम्हारे बारे में किसने बताया? उसे मेरे बारे में अग्निदेव ने बताया! भृगु की पत्नी ने उत्तर दिया।

भृगु को अग्निदेव पर इतना क्रोध आया कि उन्होंने हाथ में जल लेकर कहा, अग्निदेव! मैं तुम्हें शाप देता हूं कि तुम सर्वभक्षी हो जाओ! अब से तुम प्रत्येक वस्तु का भक्षण करने लगोगे और तुम्हारी पवित्रता नष्ट हो जाएगी। यह सुनकर अग्निदेव भी आवेश में आ गए। वह बोले, महर्षि, मैं भी आपको शाप दे सकता हूं किंतु आप ब्राह्मण होने के नाते पूज्य हैं। इसलिए ऐसा नहीं करूंगा। मैं कभी असत्य नहीं कहता।

**जितना** जहर उगलना है उगलिए पर वो तो बाबा विश्वनाथ के क्षेत्र से सांसद हैं और सीख कर विष धारण करके भी समाज कल्याण में लगे रहेंगे।

मैं मधु से अनभिज्ञ आज भी
जीवन भर विषपान किया है।
किया नहीं विध्वंस विश्व का
जीवन भर निर्माण किया है॥

**– सुधांशु त्रिवेद्वी,भाजपा**

## आपके ट्वीट

**सत्य,** प्रेम, अंहिसा और भाईचारे का परम संदेश देने वाले भगवान गौतम बुद्ध का जीवन और शिक्षा, हमें हमेशा प्रेरणा देता रहे।बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**आदरणीय** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'ऑपरेशन कावेरी' चलाकर भारत के नागरिकों को सूडान से सुरक्षित वापस अपने देश लाने के वृहद अभियान को आगे बढ़ाया...

**–योगी आदित्यनाथ**

# अवैध कमाई पर कसता शिकंजा



**अजयदीप बाधवा**

**अवैध** कमाई पर कसता शिकंजा कुछ वर्ष तक यह माना जाता था कि भारत की आधी अर्थव्यवस्था काली कमाई की है। कई बैंकिंग विशेषज्ञों का यह मानना था कि शायद इसी कारण रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया भारत की मुद्रा आपूर्ति की प्रणाली को सफलतापूर्वक नियंत्रित नहीं कर पाता क्योंकि पूर्ण मुद्रा आपूर्ति का लगभग आधा भाग बैंकिंग प्रणाली में आता ही नहीं है क्योंकि उसका लेन देन बेकिंग प्रणाली के बाहर ही हो जाता है। और यह बहुत हद तक सही भी है। आप किसी भी बड़े लेन देन, जैसे संपति आदि की खरीद बिक्री, के बारे में किसी से भी बात करें, वो वह पहले यह जानना चाहेगा कि इस लेन देन में नकद का क्या प्रतिशत होगा, क्योंकि यह नकद राशि काले पैसे का हिस्सा होती है। भारत में रिश्वत मांगने और देने में अधिकांश लोगों को कोई शर्म भी अब महसूस नहीं होती। वास्तव में रिश्वत मांगने एक ढंग से भीख मांगना है क्योंकि दोनों में एक व्यक्ति दूसरे से पैसा मांगता है; पर अब रिश्वत लेने वाले इस हीन भावना से ऊपर उठ चुके हैं। हाल के वर्षों में भारत सरकार ने इस काले धन पर चोट करने कोशिश की है। नोट बंदी, इनकम टैक्स की पूछ ताछ और एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) की रेड इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। इसी दिशा में एक कदम और उठाते हुए

## सामयिक

भारत सरकार ने 3 मई 2023 को एक आदेश निकाला की अब चार्टेड एकाउंटेंट, कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट और कंपनी सेक्रेटरी अगर अपने क्लाइंट की तरफ से अवैध वित्तीय या पूंजीगत संपति लेन देन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होते हैं या इसे रोक पाने में या इसकी सूचना देने में असफल होते है तो वो भी इसमें दोषी माने जायेंगे। इस आदेश के तहत अब सीए, सीएमए और सीएस को अपने मुवक्किल की तरफ से किए जाने वाले चल / अचल संपत्ति के कारोबार, वित्तीय प्रतिभूति की खरीद बिक्री आदि अनेक लेने देन पर नजर रखनी होगी और किसी भी संभावित लेन देन के पूर्व नियमों के पालन का ध्यान किसी भी हालत में रखना होगा। हालांकि यह आदेश बहुत कड़ा है और इसका निर्दोष सीए/ सीएमए/ सीएस पर विपरीत प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना है पर इस आदेश को लाने के पीछे सरकार का एक अनुभव भी रहा है। अभी हाल के वर्षों में जितने बड़े राजनीतिज्ञों या नौकरशाहों के यहां अवैध संपति एकत्र करने के लिए छापे पड़े हैं, उनमें अधिकांश में यह पाया गए कि उनकी अवैध कमाई का लेखा जोखा कोई न कोई अकाउंटेंट कर रहा था और ये अकाउंटेंट न सिर्फ लेखा जोखा कर रहे थे बल्कि अपने घरों या कार्यालयों में उस अवैध कमाई की नकदी का एक बड़ा हिस्सा रख भी रहे थे। कुछ लोगों का तो यह भी मानना रहा है कि इतनी बड़ी अवैध कमाई को कहीं निवेशित करने या छुपाने का कार्य बिना प्रोफेशनल अकाउंटेंट के हो ही नहीं सकता। कुछ सरकारी वर्ग का यह भी मानना है कि अवैध और काली कमाई को कर प्रणाली से बचाने के उपाय बिना प्रोफेशनल अकाउंटेंट के हो ही नहीं सकता। यह सारे आरोप सही नहीं भी हो सकते हैं पर सरकार ने इस दिशा में एक कदम और उठा लिया है और अब सीए/सीएमए/ सीएस को अपने क्लाइंट लेन देन और अधिक ध्यान देने के लिए मजबूर कर दिया है।

(लेखक फिनशास्त्र के झारखंड हेड और कर- निवेश सलाहकार हैं।)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### जेल में मर्डर

**गत** बीस दिनों तिहाड़ जेल में दो माफियाओं की हत्या का मामला बहुत ही गंभीर और तिहाड़ जेल की व्यवस्था पर कई सवाल उठाता है। कैदियों को जेल में सुधार के दृष्टिकोण से रखा जाता है। यह बात तो किसी से छुपी नहीं है कि दबंग लोग अपने रुतबे और पैसे के बल पर जेलों में मोबाइल सहित कई प्रकार की सुविधा प्राप्त कर लेते हैं।आखिर यह स्थिति हमें कहां ले जाएगी? **-प्रकाश तिवारी, गढ़वा**

### भाषा की संवेदना

**आज** जिस प्रकार के जहरीले बोल नेताओं द्वारा उगले जा रहे हैं वह न केवल राजनीति में अनैतिकता की पराकाष्ठा है वरन नेताओं की हीन मानसिकता भी समझी जा सकती है। आज अच्छे और प्रतिष्ठित नेता किसी को भी मुंह में जो आया बोले जा रहे हैं। न भाषा की संवेदना है न विचारों का कोई स्तर। नेताओं का चरित्र गलतियां करके माफी मांगने का हो चला है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

# उर्सूलाइन इंटर कॉलेज राजाउलातू में मोटिवेशनल प्रोग्राम

**उर्सूलाइन** इंटर कॉलेज राजा उलातू रांची में शुक्रवार बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर करियर सह मोटिवेशन काउंसलिंग का आयोजन किया गया। खबर मन्त्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पत्रकार, मोटिवेटर एनके मुरलीधर ने छात्राओं से सफलता के सूत्र विषय पर संवाद किया।

संवाद के क्रम में विशेषज्ञ मुरलीधर ने छात्रों को बताया कि सफलता का कोई एक फार्मूला सभी पर लागू नहीं होता है। सफलता कोई एक दिन के परिश्रम का परिणाम भी नहीं होता। सतत प्रयास और सही दिशा में प्रयास के साथ ही अवसरों को चिन्हित करने की अपनी क्षमता से ही करियर संभावनाओं को मुकाम हासिल होती है। उन्होंने डॉ कलाम का उदाहरण देते हुए बताया कि अगर वे सेना की भर्ती में असफल नहीं होते तो देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और मिसाइल मैन बनने के साथ ही उन्हें देश के लोकप्रिय राष्ट्रपति बनने का अवसर नहीं मिलता। आज अपने जीवन में एक दो या उससे भी अधिक प्रयोग और परीक्षाओं में भाग्य अजमाने के लिये तैयार रहना है न कि जिदवश कोई एक करियर चुनकर उसी में लगे रहने की जरुरत है। आखिर सिविल सर्विस हो या एसएससी, रेलवे हो या बैंक किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के लिये आपका प्रयास और मेहनत राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का सामना करता है। साथ

ही कई बार यह संख्या करोड़ों तक जा पहुंचती है। इस संख्या से भयभीत हुए बिना तैयारी करें क्योंकि इसमें गंभीर प्रतिभागियों की संख्या 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होती है।

कार्यक्रम के आंरभ में प्राचार्या सिस्टर विनिता ने कहा कि स्कूल में मोटिवेशनल, करियर और पर्सनालिटी डवलवमेंट सहित कॉम्यूनिकेशन इम्प्रूवमेंट पर विशेष फोकस है। हमें अपने सवाल और समस्या को अवश्य बताना चाहिए।

## विचार



इस अवसर पर छात्रों ने अपने करियर और डवलपमेंट सेजुड़े कई सवाल भी किये।

इस अवसर फिनशास्त्र के विषय में भी जानकारी दी गयी। छात्रओं को कामर्स के क्षेत्र में करियर संभावनाओं के बारे में बताया गया कि अगरआप अग्रेजी, कम्यूनिकेशन स्किल में ठीक है और आपका आई क्यूं सही है तो एक बड़ी संभावना आपका इंतजार कर रही है। फिनशास्त्र करियर की उन कठिनाई का निदान करेगा जो आपके और सफलता के बीच बाधक है। निजी क्षेत्र की नौकरियों पर भी फोकस करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में देश की बेटियों पर अधिक भरोसा और उनकी कार्यक्षमता पर देश के भरोसा को रेखाकित किया गया। हर क्षेत्र में संभावना है आपकी योग्यता बढ़ाने की जरुरत है। इसके लिए अपना ध्यान करियर और पढ़ाई पर एकाग्र करना होगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता रैली का आयोजन

**चरही।** बहेरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुसरी मांझी में स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता बहेरा मुखिया देवकी महतो ने किया।इस कार्यक्रम के फुसरी के ग्रामीणों को जागरूकता अभियान चलकर जागरूक किया गया।श्री महतो ने कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने की जरूरत है।इसके लिये लोगों को प्रेरित किया जाएगा।इस कार्यक्रम में बहेरा मुखिया देवकी महतो,उप मुखिया शिवचंद मुर्मू,पंसस प्रतिनिधि लालो मुर्मू,वार्ड सदस्य प्रियंका मुर्मू,अब्दुल्ला अंसारी,प्रधानाध्यापक मनोज हेम्ब्रोम,हसीब अहमद,रोसा मरांडी,जेठीवाल मांझी,गीता कुमारी विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मउकूल रविदास,आईएसए,सपोर्ट सिनी टाटा ट्रस्ट के प्रवचन कुमार महतो,विनोद कुमार केशरी सहित कई ग्रामीण महिलाओं-पुरुष,बुद्धि जीवि छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

### सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद को सीआईएल चेयरमैन पद चयन पर दी बधाई



**सिरका।** ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एंपलाई कोऑर्डिनेशन काउंसिल ने शुक्रवार को सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद से सीसीएल रांची मुख्यालय में मुलाकात कर कोल इंडिया चेयरमैन पद चयन के लिए स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दिया। अवसर पर काउंसिल के सदस्यों ने कहां कि सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद के कार्यकाल के दौरान विभिन्न कोयला कंपनियों में रहते हुए कंपनी हित में बेहतर उत्पादन और भविष्य निर्माण के कार्य हुए हैं। इससे आगे कोल इंडिया चेयरमैन बनने के बाद काफी फायदा सभी कंपनियों को पहुंचेगा। मौके पर काउंसिल के महामंत्री बृज किशोर पासवान, अरगड्डा क्षेत्र के शांता पासवान, नईसराय से तेजू रविदास समेत विभिन्न कोलियरीयो से काउंसिल सदस्य शामिल थे।

### बाजार में सब्जियों के दाम में हुई बेताहाशा वृद्धि



**सिरका।** कोयलांचल अरगड्डा के गुरुवारी बाजार हाट में सब्जियों के दामो में बेतहाशा वृद्धि देखी गई। लोगों ने शुक्रवार को बताया कि टमाटर 30 रुपये केजी , भिंडी 40, बेगम 40, बंधागोभी 40, फुलगोभी 40, आलू 20, बोदी व बीन 40, पटल 40, कदू 30, कोहड़ा 20, प्याज 15 रुपये केजी बिकें। सब्जीयो में 50 से 30% की वृद्धि दरों में देखी गई हैं। बीते 2 सप्ताह पहले सब्जियों की कीमत 10 से 25 रुपये केजी के अंतराल में थी। लेकिन विवाह लगन और किसानों के खेत बारीयों में सब्जियों के उपज में कमी के कारण मूल्य वृद्धि बताया जाता हैं। इधर इससे अरगड्डा- सिरका के मध्यमवर्ग और गरीबों की थाली से सब्जियों का निवाला कम और गायब होने के हांलात उत्पन्न हो गए हैं।

# भगवान बुद्ध के ज्ञान से बच्चों को प्रेरित करें : काजल

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मनी भगवान बुद्ध की जयंती, कॉलेज के 16वें वार्षिकोत्सव पर प्रशिक्षुओं ने बिखेरी सतरंगी छटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में शुक्रवार को भगवान बुद्ध की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। साथ ही कॉलेज के 16वें वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने सतरंगी छटा बिखेर समां बांध दिया. दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध के ज्ञान से बच्चों को प्रेरित करें. शांति के प्रतीक बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाते हुए शिक्षक बच्चों के मनोबल को बढ़ाएं और उनका भविष्य संवारें। उन्होंने कहा कि सपने जरूर देखें और उसे पूरा करने का सार्थक प्रयास करें, मंजिल अवश्य मिलेगी। बतौर विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि गौतम



मौके पर उपस्थित लोग

बुद्ध ने अपने भाव से मानव को उसकी शक्तियों और ऊर्जा से अवगत कराया। उन्होंने आयोग की ओर से इस कॉलेज के प्रशिक्षुओं का हौसला बढ़ाने के लिए पुरस्कृत करने की बात कही। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कुजूर ने लर्न, अर्न और रिटर्न की वकालत करते हुए कहा कि समाज के उत्थान में भगवान बुद्ध की बड़ी भूमिका रही. उन्होंने शिक्षकों को बुद्ध की प्रेरणा का पाठ बच्चों में समाहित करने की बात कही। विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ बंशीधर रूखैयार ने कहा कि गौतम बुद्ध का सभ्यता के विकास में अहम योगदान है। वह दुनिया के पहले दार्शनिक थे जिन्होंने संगठित रूप से धर्म का प्रचार किया। हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि हथियारों की होड़ विश्वशांति के लिए चुनौती है।

भगवान बुद्ध के पदचिह्नों पर चलकर ही मानवता को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए झारखंड सरकार से सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव सुदर्शन प्रसाद सिंह ने कहा कि बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर ही हम मानवता का कल्याण कर सकते हैं। कॉलेज प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि बुद्ध ने हम शब्द की उत्पत्ति की और अहंकार मिटाने का ज्ञान दिया। वह विश्व के पहले गुरु थे। बिहार की पहचान भगवान बुद्ध से ही है। झारखंड भी बुद्ध की ही धरती रही है। उन्होंने अपने उपदेश में मध्यम मार्ग अपनाने पर जोर दिया। इससे पहले कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने स्वागत भाषण देते हुए महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास से उपस्थिजनों को अवगत कराया। अतिथियों ने बीएड और डीएलएड टॉपर को पुरस्कृत किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने किया।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां

कॉलेज के वार्षिकोत्सव पर बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांध दिया. मोमिता गांगुली और समूह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया. लिसा व समूह ने मधुरम-मधुरमङ्कप्रार्थना नृत्य, विशाल व समूह ने ओ-ओ जाने जानाङ्कसमूह नृत्य, स्वीटी कुमारी ने एकल नृत्य, अलका सोरेन व समूह ने असमिया नृत्य, ज्योति सोनी ने लावणी नृत्य और सन्नी व समूह ने नागपुरी नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। वहीं आकाश कुमार ने बुद्ध का जीवन परिचय, सुनील कुमार यादव ने बौद्ध दर्शन, अर्जुन कुमार ने बौद्ध धर्म की लोकप्रियता और रिशु राज ने बौद्ध धर्म की प्रासंगिकता पर अपने-अपने विचार रखे। मंच संचालन प्रशिक्षु रिया, प्रीति कुमारी, मुकेश कुमार मंडल और निशा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर कॉलेज के संरक्षक विभावि सिंडिकेट के पूर्व सदस्य सांवरमल अग्रवाल, उज्ज्वल भारत ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अजय सिंह, मार्खम कॉलेज के प्राध्यापक डॉ गजेंद्र सिंह, रांची विवि के व्याख्याता जयप्रकाश, संत कोलंबा कॉलेज के प्राध्यापक डॉ राजकुमार चौबे, झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के नवीन कुमार, ऑब्जर्वेशन होम के इंचार्ज जयप्रकाश यादव, कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ प्रमोद प्रसाद समेत सभी प्राध्यापक, शिक्षकेत्तरकर्मी और प्रशिक्षु मौजूद थे।

# जमीन विवाद में खूनी झड़प घायल युवक की रिम्स में मौत

## दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी



बैठक में शामिल ललित कुमार के साथ ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरो गांव में दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर खूनी झड़प के दौरान दोनो पक्षों के कई लोग घायल हो गए। इस बाबत दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई है।जिसमे इलाज के दौरान एक युवक रोहित की रांची रिम्स में मौत हो गई।पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जिसके तहत बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार के पहल पर चतरो गांव में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं पुलिस पदाधिकारियों की एक बैठक हुई।

घटना में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई। इधर पीड़ित पक्ष द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कांड संख्या 201/23 में धारा 147, 148, 149, 341, 323, 337, 338, 307, 452, 504, 506 के तहत सेवा पंडित सहित दस

### ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का किया मांग

नामजद अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया। जिसे युवक रोहित कुमार के मौत के बाद पुलिस आरोपी को गिरफ्तारी करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।मृतक रोहित पंडित के पिता बासुदेव पंडित ने बरियातू थाना में पुलिस को फर्दब्यान देकर सेवा पंडित, अनिता देवी, राजू पंडित, पूजा देवी, सीताराम पंडित, मनीषा देवी, नरेश पंडित आदि पर अपने पुत्र, पत्नी एवं बहु को जान मारने के नियत से हमला करने एवं जान से मार देने का आरोप लगाया है। इस बाबत पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने कहा कि किसी भी हालत में आरोपियों को बख्सा नही जायेगा, उनके गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# डीएवी सनफोर्ड पब्लिक स्कूल का हुआ उद्घाटन



स्कूल का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के एन एच 100 टाटीझरिया चौक के समीप डीएवी सनफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय परिवार के ओर से पुरोहित किशोर पांडेय के द्वारा मंत्रोच्चारण कर विधिवत पूजा अर्चना आराधना किया गया। बाद में शिक्षक - शिक्षिकाओं ,समाज सेवियों जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रिबन काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया गया।

विद्यालय परिवार की ओर से छात्र छात्राओं के आवागमन के लिए यातायात वाहन की व्यवस्था की गई है।व्यवस्थापक ने अपने संबोधन में कहा की विद्यालय में योग्य शिक्षक शिक्षकाओ द्वारा छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा कक्षा में दी जाएगी। इसके अतिरिक्त बच्चो में मानसिक,भौतिक विकास के लिए कंप्यूटर की शिक्षा दी जा रही। उन्होंने यह भी कहा की यह विद्यालय प्ले कक्षा से आरंभ हो 12 वी तक सीबीएसई पैटर्न अंग्रेजी माध्यम से आधारित रहेगी। विद्यालय विकास को लेकर उन्होंने क्षेत्र वासियों तथा अभिभावकों से आग्रह किया कि अपना सुझाव निरंतर देते रहे आप सबों से सहयोग की अपेक्षाएं है की अपने बच्चो के उज्वल भविष्य हेतु विद्यालय में नामांकन करवाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक पांडेय,संजय सर, धनंजय सर, आजाद सर, विकास सर, अभिमन्यु सर, कन्हैया, ज्योति मैम, आशा मेम, शिवानी मैम, क्रेंशिया मैम, नीतल मैम संग विद्यालय परिवार के कई पदाधिकारी शिक्षक जुटे थे। वही मौके पर कई समाज सेवी, जनप्रतिनिधि समेत अन्य कई क्षेत्रवासी शामिल थे।

## एक नजर में

### कांग्रेसी नेता इरफान अंसारी के बयान का हिंदू संगठनों ने किया विरोध, जलाया पुतला



**रामगढ़।** जिले के ह्रदयस्थली सुभाष चौक पर हिंदू संगठनों के युवाओं ने कांग्रेसी विधायक इरफान अंसारी का पुतला फूका। इस मौके पर हिंदू संगठन के पुरोधा दीपक मिश्रा ने कहा की केरल फाइल नाम से जो फिल्म रिलीज हुई है उसमे हजारों हिंदू युवतियों के लव जिहाद में फसने और जीवन बर्बाद होने का पूरा वृतांत बताया गया है जो सच्ची घटनाओं और आज के परिवेश पर आधारित है। इसी लिए फिल्म की लोकप्रियता से बौखलाए हुए हिंदू विरोधी मानसिकता वाले लोग उल जुलूल बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा की हम सभी ने मिलकर न्यू शांति सिनेमा के प्रबंधक से हमने बात कर केरला फाइल फिल्म को चलवाने का अनुरोध किया है जिसमे उन्होंने भी अपनी सहमति जताते हुए बहुत जल्द फिल्म का प्रसारण अपने न्यूशांति सिनेमा में करवाने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यजीत चौधरी, वरुण तिवारी ,अविनाश गुप्ता, पब्जी बजरंगी, सागर राम, जयकुमार ,बृजेश सिन्हा गोपाल महतो ,संतोष बेदिया, सूरज प्रजापति ,झलकू बेदिया, विक्की बाबा, रमेश मेहता ,सनी कुमार , राम प्रसाद मुखर्जी ,कामेश्वर प्रसाद सिंह ,जोगेंद्र सिंह जग्गी, शंकर यादव, विक्रम कुमार, अंबुज पांडे ,मनोज सिंह ,आयुष कुमार साहू, नीरज गोयल ,गौतम राम ,इत्यादि उपस्थित थे

### बजरंग दल एक राष्ट्रवादी और राष्ट्रीय संगठन है : डॉ यदुनाथ पांडेय



**कुजू।** जातीय जनगणना से हिंदू समाज को जात पात में बांटकर अलग करना चाहते हैं। जिसे हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं कर सकता। उक्त बातें हजारीबाग पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पांडेय ने कही। श्री पांडेय शुक्रवार को मुरपा में पत्रकारों से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में सनातन धर्म के उत्थान को देखकर तथाकथित सेकुलर पार्टियां घबरा कर अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। बजरंग दल एक राष्ट्रवादी और राष्ट्रीय संगठन है। उस पर कांग्रेस की घोषणा पत्र में प्रतिबंध लगाने की बात कहना कांग्रेस की तुष्टिकरण का राजनीति है, जिसका हम घोर विरोध करते हैं। वहीं जातीय जनगणना पर कहा कि जातीय जनगणना का हम कड़े शब्दों में विरोध करते हैं। भारत में मुसलमानों को जातीय आधार पर जनगणना क्यों नहीं होनी चाहिए. मुसलमानों में भी सैयद, पठान, कलाम, अंसारी हैं. ईसाइयों में भी जो जर्मन, रोमन कैथोलिक आदि हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र है और हमेशा हिंदू राष्ट्र ही रहेगा। मौक पर अजय कुमार पांडेय, सुधान सिंह, श्रवण सिंह, शम्भू लाल ठाकुर, जयप्रकाश राणा, शुशील कुमार आदि मौजूद थे।

# गुरुओं के मार्ग-दर्शन में चलें, सफल होंगे: रत्नेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर के पांच विद्यार्थियों ने झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित इंटर स्तरीय 2017 परीक्षा में सफलता का झंडा गाड़कर अपने माता-पिता, संस्थान व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। छात्रों की सफलता पर गुरूवार को संस्था में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। यहां संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने पांचों विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मनित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही हर्ष व्यक्त करते हुए निदेशक श्री कुमार ने बताया कि रिवर साईड गोल कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार की पुत्री मीनाक्षी कुमारी का गिरीडीह में पंचायत सचिव पद पर चयन हुआ है। वहीं रिभर साईड झारखण्ड चौक निवासी शहाबुद्दीन के पुत्र जमालुद्दीन अली का धनबाद में क्लर्क पद, निभर साईड नेहरू पार्क निवासी स्व. महेशचंद्र वर्मा के पुत्र प्रमोद कुमार वर्मा का बोकारो में क्लर्क पद, रिभर साईड झारखण्ड चौक निवासी ओम प्रकाश मेहता की पुत्री खुशबू रानी मेहता का रामगढ़ में पंचायत सचिव पद



सफल छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित करते निदेशक व शिक्षकगण

और रिभर साईड निवासी मोती सिंह के पुत्र राहुल राज का पलामू में पंचायत सचिव पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। रत्नेश कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है, निरंतर प्रयास से ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि अगर विद्यार्थी गुरूओं के बताए मार्ग-दर्शन में लगन व परिश्रम से तैयारी करें तो जरूर सफल होंगे।

पांचो छात्र-छात्राओं की सफलता पर निदेशक रत्नेश कुमार, शिक्षक नितेश सिंह, संजीव, राकेश सिंह, अभिषेक मिश्रा, जसवंत यादव, अंकित, रजत, विक्रांत राज, जयंत, रोहित, राहुल, ब्रजेश, चिट्टू सहित दर्जनों विद्यार्थियों व कोयलांचल वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# जेएसपी समर्थित श्रीमंत झा ने एशियाई पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के समर्थन से देश के अनुभवी पैरा-आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने अपने खाते में एक और पदक जोड़ा है। श्रीमंत झा ने संयुक्त अरब अमीरात के अजमान में आयोजित एशियाई पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में पीआईयू स्टैंडिंग 90 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता है। श्रीमंत झा ने प्रभावशाली मुकाबले में कजाकिस्तान के निकिता चेबाकोव को हराया। पदक विजेता श्रीमंत ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, मैं जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिन्दल का आभारी हूं, जिन्होंने मेरी क्षमता पर विश्वास किया और सभी बड़े टूनामेंटों में मुझे प्रोत्साहित और समर्थन दिया। यह मेरे लिए विशेष जीत है क्योंकि यह एक साल के अंतराल के बाद मिली है। उन्होंने कहा कि अब मैं आगामी अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से जेएसपी और भारत को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा। श्रीमंत झा दुनिया के नंबर-3 और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर हैं। उन्होंने अब तक 41 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं।



पुरस्कार के साथ जेएसपी समर्थित श्रीमंत झा व अन्य

# सौंपे गये दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाउंगा : अनिल

## सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ भुरकुंडा शाखा कमेटी हुआ पुनर्गठन

### नौशाद आलम अध्यक्ष व अनिल पासवान सचिव व कोषाध्यक्ष बने राहुल राय, दी गई बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भुरकुंडा शाखा कमेटी पुनर्गठन के मौके पर मौजूद लोग, नवमनोनित सचिव अनिल पासवान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के भुरकुंडा शाखा कमेटी का शुक्रवार को पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन के मौके पर सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शाशिभुषण सिंह, बरका-सयाल अध्यक्ष हरिनाथ महातो, कार्यकरी अध्यक्ष सरोज राणा, सचीव शांभु सिंह, संगठन मंत्री जेपी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थें। पुनर्गठित कमेटी में नौशाद आलम अध्यक्ष, अनिल कुमार पासवान सचिव व राहुल राय कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। वहीं रवि उरांव कार्यकारी अध्यक्ष, कुमार देवेन्द्र शरण, ओम प्रकाश कुमार व रंजन राम उपाध्यक्ष, सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, नौशाद व जगमोहन बेदिया सहसचिव, लक्ष्मी नारायण प्रसाद संगठन मंत्री चुने गए। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में प्यारा महतो, सुरेश बेसरा, रंजनी गुलाब एक्का, मंजूलता कुजूर, शोभा रॉबर्ट शिव कुमार पंकज, अजय राणा, दिनकर कुमार सिंह, निर्मल महतो, राहुल करमाली, मधुसती, राजकुमार आदि शामिल हैं। मनोनयन के बाद भुरकुंडा शाखा सचिव अनिल पासवान ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ संगठन ने मुझे यह दायित्व सौंपा है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को और बुलंदियों तक ले जाने का पूरा प्रयास करूंगा।

साथ ही मजदूरों के हित में कार्य करना मेरा लक्ष्य होगा। मौके पर नवमनोनित पदाधिकारियों व सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दी गई। मौके पर विनय त्रिपाठी, ललन प्रसाद, राज कुमार, सुरेश बेसरा, विनय कुमार पांडेय, सुरेंद्र तिवारी आदि मौजूद थें।

### बोंगाबार में मंडा पूजा भक्ति भाव के साथ हुआ संपन्न



**कुजू।** बोंगाबार स्थित शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को मंडा पूजा भक्ति भाव से मनाया गया। मंडा को लेकर पुरुलिया बंगाल से आए छऊ नृत्य के कलाकारों ने रात्रि में छउ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन कराया। वहीं अहले सुबह दर्जनों भोक्ता स्थानीय तालाब में स्नान कर नए वस्त्र धारण कर मंडप परिसर पहुंचे। जहां पंडित प्रीतम चक्रवर्ती एवं विजय पाहन के विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत भोक्ताओं ने फुलखुंदी की। बाद में बनस झूला झूल कर भगवान शिव के प्रति अपना आस्था प्रकट किया। मंडा पूजा में आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, आजसू जिला मीडिया प्रभारी जयकिशोर महतो, हेमनी देवी आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### ब्रह्माकुमारी ने किया प्रेरणादायक कार्यक्रम



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में ब्रह्माकुमारी संस्था के द्वारा भैया बहनों को प्रेरणादायक साधना विधि का ज्ञान कराया गया। मन की एकाग्रता बढ़ाने वाले ध्यान का प्रयोगात्मक ज्ञान कराया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया गया। मौके पर उपस्थित ब्रह्मा कुमार राजेश भाई ने भैया बहनों को आध्यात्मिकता का मार्गदर्शन करते हुए उनसे प्रश्न पूछे ,ध्यान कराया और उनका अनुभव लिया। अतिथि परिचय विद्यालय के आचार्य अमरकांत शुक्ला ने कराया। भैया बहनों ने बताए गए ध्यान को छात्र जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारी मंजू जी, खुशबू जी, आशा जी एवं ममता जी उपस्थित हुए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन भैया बहनों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा। इस प्रकार की आध्यात्मिक साधना से सभी के जीवन में एकाग्रता, शांति एवं आत्मज्ञान का संचार अवश्य होगा।

### विधायक को भाजपा से निकालें : रमेश

**गुमला।** कर्नाटक में विस चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक पार्टियों के बयान से बवाल खड़ा हो रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा मोदी को जहरीला सांस करार देने के बाद बीजेपी एमएलए यतनाल ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को विष कन्या कह दिया है। इसपर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने प्रतिक्रिया दी है। कहा है कि जिस महिला के पति ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये। उनके मान सम्मान को क्षति पहुंचाकर विधायक ने अशोभनीय बात कही है। इसके लिए वे मांग करते है कि विधायक सोनिया गांधी से माफी मांगे और मोदी महिला का अपमान करने वाले विधायक को निष्काषित करें। उन्होंने कहा कि खड़गे मोदी पर दिये बयान पर अपनी गलती स्वीकार करते हुए अफसोस जाहिर कर चुके है।

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** बिशनपुर थाना क्षेत्र के समदरी गांव निवासी 55 वर्षीय महिला लक्ष्मनिया देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। जिसे गंभीर स्थिति में परिजन नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि घर में कोई नहीं था। तब महिला ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। जहां घर पहुंचने पर महिला बेहोशी की हालत में थी और बगल में कीटनाशक का सीसी पढ़ा हुआ था। जिसे देखते हुए तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया।

### जेवर, कपड़ा मोबाइल व नगद की चोरी

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के धोबाली गांव निवासी मंजू कच्छप पिता भठि उराव के घर से दिन के 11बजे के आसपास बाइक सवार दो चोरों के द्वारा घर में घुसकर जेवर, कपड़ा, मोबाइल सहीत नगद की चोरी कर ली गई। इस संबंध में मंजू कच्छप ने बताया की मैं अपने बच्चे की फीस जमा करने स्कूल गई थी। घर के अन्य सदस्य खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच घर में चोरी की घटना हुई है। आसपास के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि 2 लोग मोटरसाइकिल में सवार होकर घर के पास आए थे। संभावना व्यक्त की जा रही है कि घटना का अंजाम उक्त मोटरसाइकिल सवार लोगों द्वारा ही दी गई है।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चिंगरी नवाटोली मोड़ के समीप बाइक से गिरकर लोहरदगा थाना क्षेत्र के भंडारा नौडीहा निवासी 30 वर्षीय अर्जुन उरांव घायल हो गया। जिसे राहगीरों के द्वारा तत्काल बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना में युवक के सर व पैर पर गंभीर चोट लगी है। गुमला सदर अस्पताल में घायल का प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति देखते हुए गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि घायल व्यक्ति बाइक में सवार होकर भंडारा नौडीहा से अपना ससुराल बिशुनपुर थाना अंतर्गत अरंगलोया आया हुआ था। जहां वापसी के क्रम में चिंगरी नवाटोली मोड़ के समीप गिरकर घायल हो गया।

### आजसू पार्टी मजदूर यूनियन की बैठक

**गुमला।** आजसू पार्टी मजदूर यूनियन की बैठक शुक्रवार को पालकोट रोड स्थित कार्यालय में जिला अध्यक्ष फगुवा साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विचार किया गया। साथ ही गुमला ट्रैक्टर यूनियन एसोसिएशन के द्वारा अनिश्चितकालीन बंदी में चले जाने से गुमला के मजदूर जो रोज काम करके घर चलाने वाले हैं उनके साथ भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिसको देखते हुए यूनियन ने निर्णय लिया कि उपायुक्त, जिला श्रम आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी से मिलकर समस्या समाधान हेतु मांग की जाएगी। जिसे यथाशीघ्र हड़ताल को समाप्त करने की दिशा में कार्रवाई होगी। वहीं बाजार में बालू, चिप्स व ईंट के कमी से काम नहीं मिल रहे मजदूरों को समस्या समाधान होने पर काम मिल पाएगा। जिला प्रशासन से यथाशीघ्र इस पर पहल नहीं करते हैं तो निश्चित तौर पर कुछ दिन में गुमला के मजदूर भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से रोबोट टोप्पो, मुन्ना यादव, राम भगत, द्वारिका साहू, जीवन राम, कार्तिक उरांव, संदीप उरांव, विश्वनाथ गोप, मांगू साहू, अजय गोप, जितेंद्र राम, सोमा राम, दीपक मिंज, प्रह्लाद कुमार, सोनी कुमारी, चांदनी बसंती, दीपिका कुमारी, सुमित देवी, खुशबू देवी आदि उपस्थित थे।

### सेविका-सहायिका ने रखी कई मांगें



**घाघरा।** घाघरा मुख्यालय में शुक्रवार को भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने बैठक की। बैठक में संगठन की मजबूती और कार्यो पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में पोषण टेक्रर एप के माध्यम से आंगनबाड़ी सेंटर खोलने को बताया गया। बैठक में देश में आंगनबाड़ी कर्मचारियों का सरकारी कर्मचारी घोषित करने, आंगनबाड़ी कर्मचारियों को केंद्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 18000 देने, सहायिका को 10 हजार देने, आंगनबाड़ी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने, देश के सभी आंगनबाड़ी कर्मचारियों में भविष्य निधि, पेंशन देने आदि की मांग की है।

# मनरेगा के सिंचाई कूप का निर्माण जेसीबी से किया

- उपायुक्त के जनता दरबार में मामले की शिकायत, मामला भरनो प्रखंड के तुरिअंबा गांव की
- वित्तीय वर्ष 2020-21 के योजना को जेसीबी लगाकर 26 अप्रैल 2023 को किया गया पूर्ण
- मनरेगा में मजदूरों को नहीं मिल रहा कार्य, बिचौलिये व भेंडर कर रहे हैं वारे न्यारे





जेसीबी से की जा रही है सिंचाई कूप की खुदाई और निर्माणाधीन सिंचाई कूप।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** रोजगार सृजन के उद्देश्य से संचालित मनरेगा योजना में अनियमितता से मजदूरों को घर पर रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है। मनरेगा में मशीन का कार्य वर्जित है। लेकिन कार्य में लगे लोग प्रशासन के आंखों में धूल झोंकते हुए मशीन का उपयोग कर कार्य पूर्ण कर लेते हैं और मजदूरों के हक की मजदूरी भी क्षीण लेते हैं। ऐसा ही एक मामला भरनो थाना क्षेत्र के तुरिअंबा गांव की है।

**वित्तीय वर्ष 2020-21 में मिला था सिंचाई कूप :** प्रखंड से तुरिअंबा निवासी गुलफान खान को वित्तीय वर्ष 2020-21 में एक सिंचाई कूप मिला था। जिसमें कुछ दिनों तक दिखाने के लिए जॉब कार्ड धारी मनरेगा मजदूरों को खुदाई कार्य पर लगाया गया। जिसके बाद योजना का कार्य बंद कर दिया गया। लगभग दो साल बाद फिर से सिंचाई कूप का निर्माण कार्य आरंभ हुआ। जिसे जेसीबी मशीन लगाकर खोदकर पूर्ण किया गया। इस दौरान जॉब कार्डधारी गांव के मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी नहीं दिया गया। लेकिन मास्टर रोल पर मजदूरों को रोजगार देने की बात अंकित कर पैसे की निकासी कर ली गई। योजना का कार्य 26 अप्रैल 2023 को जेसीबी लगाकर पूर्ण किया गया।

### उपायुक्त के जनता दरबार में पहुंचा मामला

कूप निर्माण कार्य का योजना संख्या 42800 है। इस संबंध में भरनो के अफल खान ने उपायुक्त के जनता दरबार में 2 मई को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। भरनो प्रखंड हो या जिले के कई अन्य प्रखंड मनरेगा कार्य में बिचौलिये हावी रहे हैं। कभी भेंडर मनरेगा कार्य की राशि हड़प ले रहा है तो कहीं मशीन लगाकर मनरेगा का कार्य किया जा रहा है। वहीं चैनपुर प्रखंड में तो मनरेगा कार्य में इतना धांधली हुआ कि योजना की पूरी राशि निकाल ली गई परंतु धरातल पर योजना के नाम पर कुछ कार्य ही नहीं हुआ है। मनरेगा जिले के बिचौलियों के लिए आय का सबसे सशक्त माध्यम बन गया है। जिसमें प्रखंड कर्मी से लेकर भेंडर की भूमिका हमेशा संदिग्ध रही है। प्रखंड कर्मी और भेंडर मिलकर मनरेगा कार्यों में वारे न्यारे कर रहे हैं। जबकि मनरेगा जिन मजदूरों को घरों में रोजगार देने के लिए बना है वे रोजगार के अभाव में पलायन कर रहे हैं।

## दुष्कर्म का विरोध करने पर अधमरा कर पीटा

# विक्षिप्त को मरा समझ तालाब किनारे फेंक कर भागे युवक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला में एक विक्षिप्त युवती को अगवा कर गुरूवार की रात तालाब के किनारे ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। दुष्कर्म का विरोध करने पर आरोपियों ने युवती को बेरहमी से पीटा है। आरोपियों की पिटाई से युवती अधमरा हो गयी। जिसे तालाब के किनारे फेंक कर आरोपी फरार हो गये। घटनास्थल पर खून के धब्बे बिखरे पड़े थे। घटना के बाद शुक्रवार की सुबह युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव में एक युवक की शादी थी। जहां पीड़िता की मां गई थी और घर में पीड़िता, उसकी बहन व पिता थे। पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी पत्नी गुरुवार की देर रात तक गांव के ही एक युवक के शादी समारोह में भाग लेने गयी थी।



घटनास्थल पहुंची पुलिस लोगों से घटना की जानकारी लेते।

**खास बातें :** रात लगभग 11:00 बजे कई युवकों द्वारा पीड़िता के घर के दरवाजा को पीटा गया। आधे घंटे तक दरवाजा पीटते रहे। दरवाजा पीटने में कई युवक थे। आस पड़ोस के लोग आवाज सुने। परंतु देर रात होने के कारण किसी ने अपने घर का दरवाजा नहीं खोला। पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी बेटी उस वक्त घर में ही थी। संभवत देर रात लड़की खुद दरवाजा खोलकर बाहर निकली होगी। जिसके बाद युवकों ने लड़की को उठाकर तालाब के किनारे ले गये। इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया है। दुष्कर्म के बाद पीड़ित युवती के चेहरे पर कई बार वार किया गया है।

# लोहरदगा जिले के स्काउट गाइड को आज रवाना करेंगे डीसी-एसपी

- ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में शामिल होंगे स्काउट गाइड और रोंवर रेंजर : गौतम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारत स्काउट और गाइड जिला कमेटी से जुड़े रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड के विद्यार्थी 6 मई से लेकर 10 मई तक नेतरहाट में आयोजित ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी विद्यार्थियों के लिए नेतरहाट में रहने और अन्य व्यवस्थाएं करने का कार्य किया गया है। भारत स्काउट और गाइड झारखंड राज्य के द्वारा ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य भर करीब 800 सौ रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड शामिल होंगे।

### विभिन्न इलाकों में ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम

ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन उपयोग के समान के साथ साथ स्कार्फ, वगल, जींस टीशर्ट, ट्रैक शूट, जूता, ग्लूकोज, थाली, ग्लास, बिछावन, लाठी, पांच मीटर सूत की रस्सी लेकर अपने साथ शामिल होना है। जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने कहा की स्काउटिंग का मूल प्रशिक्षण आउटिंग में ही है, ऐसे में प्रतिवर्ष भारत स्काउट और गाइड झारखंड राज्य के द्वारा विभिन्न इलाकों में ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम कराता है। जहां शामिल विद्यार्थियों को नेचर स्टडी कराने के अलावे जीवन को विकट परिस्थितियों में संभाल कर रखने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा चंद्रमोलेश्वर दास, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी ने शुभकामनाएं दी हैं, ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में मुख्यालय आयुक्त सह जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन, मुमताज अहमद, पारस कुमार साहू सहित विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड शिक्षक कार्यक्रम में शामिल होंगे, ।पूरे कार्यक्रम में डीएफओ अरविंद कुमार ने स्काउट और गाइड बच्चों और शिक्षकों के लिए कई सुविधाएं देने की दिशा में कार्य किया है। सभी रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड 6 मई दिन शनिवार को सुबह 08.45 बजे साइडिंग बस स्टैंड से डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी आर रामकुमार हरी झंडी दिखाकर नेतरहाट के लिए रवाना करेंगे।

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जुटाया तीन यूनिट रक्त

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के तीन कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मरीज की जीवन रक्षा को लेकर रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में बजरंग दल जिला सहसंयोजक शिवा गुप्ता, अभिषेक साहू और पंकज वर्मा के नाम शामिल है। बजरंग दल जिला संयोजक रविंद्र सिंह ने बताया कि तीनों रक्तदाता ने जरूरतमंद मरीज की सहायता के लिए रक्तदान किया। मौके पर मुकेश सिंह, यशराज सिंह, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, संगीता कुमारी, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### गुमला में 13 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गुमला।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन रखा है। इसमें उपभोक्ता मामलों से संबंधित विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निष्पादन किया जायेगा। जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय ने बताया कि 13 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर उपभोक्ता से संबंधित अपने विवादों का निपटारा करा सकते हैं।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** थाना क्षेत्र के टोटो पोकमा निवासी घसिया उरांव की पत्नी नोहरी देवी (50) ने अपने घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। जिसे गंभीर स्थिति में परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी स्थिति गंभीर है। जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि पति के साथ हैं कुछ नोकझोंक हो गई थी। जिसके बाद सभी परिजन दूसरे गांव में एक शादी समारोह में चले गए और महिला घर में अकेली थी। वहीं घर पहुंचे परिजन ने दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद किसी की आवाज नहीं आने पर तुरंत दरवाजा को तोड़ते हुए घर के अंदर गये तो देखा कि महिला फांसी लगा ली है। जिसके तुरंत बाद परिजन गंभीर स्थिति में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने बताया कि महिला बेहोशी की हालत में है और स्थिति गंभीर है। स्थिति में सुधार नहीं होने पर रांची रिम्स रेफर किया जायेगा।

### बुद्ध पूर्णिमा : कैरियर काउंसलिंग पर व्याख्यान



**गुमला।** बुद्ध पूर्णिमा पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के गौतम आश्रम में छात्रों के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कैरियर काउंसलिंग एवं ग्लोबलाइजेशन पर व्याख्यान दिया। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने प्रश्नोत्तर भी किया। विभिन्न विषयों पर वाद विवाद तथा परिचर्चा की गई। डॉ शिशिर सिंह ने छात्रों को गुरुकुल शिक्षा से लेकर मोंटेश्नरी शिक्षा पद्धति के विषय में जानकारी दी। जिसमें छात्र काफी प्रभावित हुए। साथ ही आकांक्षी जिला गुमला में उपायुक्त को पीएम अवार्ड मिलने के उपलक्ष्य पर विद्यालय के उपाचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने उपायुक्त को बधाई भी दी।

# बच्चों का सुंदर भविष्य गढ़ने के लिए तैयार हैं राज्य के सरकारी स्कूल : अलीरजा अंसारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** सरकारी स्कूलों में बहुत सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। एमडीएम, मुफ्त पोशाक, किताब, कॉपी, स्वेटर, किट, जूता-मोजा, साइकिल, छात्रवृति, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और आवश्यकता के अनुसार ईलाज हेतू रेफर किया जाना, दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष प्रकार की सुविधाएं और छात्रवृति इत्यादि सरकारी विद्यालयों में बच्चों को दी जाने वाली सामान्य सुविधाएं हैं। विशेष बात यह है कि शिक्षण हेतु नई-नई और आधुनिक तकनीकों को अपनाने में भी सरकारी विद्यालय अब पीछे नहीं रह गए हैं। आशा की जानी चाहिए कि बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण के साथ बच्चों का उज्ज्वल भविष्य झारखंड प्रदेश की विशिष्ट पहचान बनेगी। यह बातें नवनियुक्त माध्यमिक शिक्षक संगठन लोहरदगा जिला के अध्यक्ष अलीरजा अंसारी ने पत्रकारों से एक विशेष बातचीत में कहीं।



**खास बातें :** उन्होंने कहा कि सरकार और विशेष कर शिक्षा विभाग के जबरदस्त प्रयास का रंग दिखना शुरू हो गया है और अब तो कुछ सरकारी विद्यालयों में बड़े और नामचीन नीजि विद्यालयों से भी बेहतर सुविधाएं और शैक्षणिक गतिविधियां बच्चों को मुहैय्या करायी जा रही हैं। एफएलएन, एटीएल अपनाने से जहां छोटे बच्चों में स्कूल जाकर सीखने की ललक बढ़ी है। वहीं आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास ने तो सरकारी विद्यालयों के बच्चों के पंखों को भी उड़ान दे दिया है। आज से कुछ वर्ष पहले तक अभिभावक यह सोच नहीं सकते थे कि हमारे बच्चे सरकारी स्कूल में कम्प्यूटर का नॉलेज ले पाएगा या स्मार्ट क्लास के जरिये स्मार्ट तरीके से उसे शिक्षा दी जायेगी। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के कॉन्सेप्ट ने तो गरीब अभिभावकों को अपने बच्चों को सीबीएससी बोर्ड से पढ़ाई कराने के सपने को सच कर दिखाया है।

### पुलिस प्रशासन ने सेन्हा थाना के समीप की सघन वाहन जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** पुलिस प्रशासन ने सेन्हा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप ए एस आई पवन सोरेन के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग वाहन जांच चलाया गया।

जांच के दौरान वाहन की डिक्की, बैग, थैला खुलवा कर आपत्तिजनक वस्तु या नशीला पदार्थ होने की संभावना में जांच की गयी। वाहन जांच के दौरान लोहरदगा जिला तथा गुमला जिला की ओर से आ रही टेंपो, चार पहिया वाहन सहित बाइक, स्कूटी पर भी पुलिस की पौनी नजर बनी हुई थी और वाहन से संबंधित आवश्यक कागज तथा हेलमेट का जांच किया गया। वहीं टेंपो में क्षमता से अधिक सवारी बैठने पर चालक को उठक बैठक कराया गया।

### घर में फांसी लगाकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**गुमला।** थाना क्षेत्र के पुगु नवाटोली निवासी बुदा उरांव (55) अपने घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर गुरुवार शाम आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी देते हुए मृतक का भगीना अमित मिंज ने बताया कि मेरी मामी मवेशी चराने के लिए घर से कुछ दूरी पर गई हुई थी। वहीं मामा घर में अकेले थे। मवेशी चरा कर घर वापस आने पर मामी ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से किसी की आवाज नहीं आने पर हम लोगों को फोन से इसकी सूचना दी गयी।

### सराती वाहन हादसा : घायल लोगों का गांव में हो रहा इलाज

- कई घायल नहीं पहुंचे थे अस्पताल, भाजपा नेताओं से घायलों ने गारंव में शिविर लगाने की मांग की थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डुमरी।** सराती गाड़ी पलटने से घायल हुए लोगों के उपचार हेतु शुक्रवार को सीएचसी डुमरी ने कटारी ग्राम में स्वास्थ्य कैंप लगाया और सभी घायलों का इलाज किया गया। ज्ञात हो कि सरातियों से भरे पिकअप वाहन के पलटने से कई लोग घायल हो गये थे और चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी थी। घटना के बाद पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, सांसद प्रतिनिधि अनिरुद्ध चौधरी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय केशरी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम का भ्रमण किया था। जिसमें घायलों ने मांग की थी कि गांव में कैंप लगाकर उनका इलाज किया जाये। इस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं प्रखंड प्रशासन से वार्ता कर ग्राम में ही कैंप लगाने की अपील की थी।



# उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाली सहिया की स्वास्थ्य केंद्रों में लगी तस्वीर

**संस्थागत प्रसव**

- संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने उठाया अनूठा कदम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चिकित्सा पदाधिकारी सह कोषांग प्रभारी समुदाय उत्प्रेरण कोषांग एनएचएम झारखंड डॉ जॉन एफ केनेडी ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने व शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त के उद्देश्य से श्रेष्ठ कार्य करने वाले सहियाओं की तस्वीर व नाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंकित करने का निर्देश दिया है। जिसके आलोक में जिला स्वास्थ्य समिति गुमला द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और रेफरल अस्पताल अंतर्गत कार्यरत सहिया बहनों का संस्थागत प्रसव लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि का आकलन सहिया साथी और प्रखंड प्रशिक्षक दल ने किया। आकलन के आधार पर अपने-अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व रेफरल अस्पताल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली सहिया बहनों की सूची बनाई गई और फिर विभाग निर्देशानुसार श्रेष्ठ सहिया का नाम और फोटो बैनर में लगाया गया।



भरनो स्वास्थ्य केंद्र में श्रेष्ठ सहिया सूचना पट के साथ स्वास्थ्य कर्मी।

**खास बातें :** संस्थागत प्रसव इंडिकेटर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली सहिया में रेफरल अस्पताल बसिया से सुषमा देवी, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भरनो से रेखा देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर से ललिता देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर से संध्या देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी से सुमैया खातून और निर्मला करकेट्टा, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र घाघरा से सुरनती देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा से मंजू देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट से सुनीता देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह से अजीरन बीबी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर गुमला से आसमा खातून और रेफरल अस्पताल सिसई से सुमति देवी के नाम शामिल है।

## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में सुलेख प्रतियोगिता

# सुलेख के बहाने विद्यालय के भैया बहनों ने तय किया हमारा लक्ष्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में भैया बहनों के बीच सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में षष्ठ कक्षा से दशम कक्षा तक के भैया बहनों ने भाग लिया। अपना बेहतर प्रयास प्रस्तुत करते हुए सभी भैया बहनों ने विद्या भारती का हमारा लक्ष्य याद करके उसे सुलेख में लिखा। इस क्रियात्मक गतिविधि का संपादन विद्यालय की आचार्या अनीता देवी के निर्देशन में संपन्न हुआ। सभी विषयाचार्य एवं कक्षाचार्यों ने इस कार्य में सहयोग किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से भैया बहनों में अपने आप का सर्वांगीण विकास करने की प्रेरणा जागृत होती है। प्रतिस्पर्धा के इस युग में चुनौतियों का सामना करते हुए अपने आप को प्रतिष्ठित करने की प्रेरणा मिलती है।



**खास बातें :** इस प्रतियोगिता में कक्षा-षष्ठ-प्रथम-सृष्टि कुमारी, द्वितीय -सक्षम राज, तृतीय-परी कुमारी। सप्तम-प्रथम-कात्यायनी कुमारी, द्वितीय-हंस बालकिशोर, तृतीय-हर्ष ठाकुर रहे। वहीं अष्टम-प्रथम-कशिश कुमारी द्वितीय-मयंक तिग्गा, तृतीय-अंकित साहू, नवम में प्रथम रिया कुमारी, द्वितीय-अर्पण बेक, तृतीय तन्मय शेखर, दशम कक्षा में प्रथम कृष कुमार, द्वितीय गुण पाण्डेय एवं तृतीय स्थान अमन कुमार ठाकुर ने प्राप्त किया। सुलेख प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी भैया बहनों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।

स्पीड न्यूज

## डीजे लदे 8 पिकअप वैन व 2 ओवरलोड हाइवा जब्त

चन्दवारा (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची–पटना मुख्यमार्ग पर चन्दवारा थाना के समीप गुरूवार को परिवहन विभाग की ओर से वाहन जांच अभियान चलाया गया। वहीं डीटीओ भगीरथ प्रसाद व ट्रैफिक इंस्पेक्टर सवाना खड़िया के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में बिना कागजात के 8 डीजे लोड पिकअप वाहन व दो ओवरलोड हाइवा को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को चंदवारा थाना में रखा गया हैं। अभियान के दौरान डीजे लदे वाहनो में फिटनेस सहित कई कागजात नहीं पाए गए। वहीं हाइवा कोध ओवरलोड होने के कारण पकड़ा गया है। वहीं जब्त किए गए वाहनों पर परिवहन विभाग की ओर सेध जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

## झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का धरना 15 को

कोडरमा। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ जिले के होमगार्ड 15 मई को रांची में आयोजित चेतावनी रैली सह धरना में शामिल होंगे। उक्त बातों की जानकारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों पुलिस आरक्षी के समतुल्य न्यूनतम वेतन के बराबर समान कार्य का समान वेतन देने का न्यायादेश पारित किया है। परन्तु आज तक इस पर अमल नहीं किया गया। इसके विरोध में 15 मई को एक दिवसीय चेतावनी रैली सुबह 9 बजे मोरहाबादी मैदान से निकाली जाएगी, जो राजभवन तक जाकर एक दिवसीय धरना में तब्दील हो जाएगी।

## छात्रा ने जन्मदिन पर की रक्तदान

गढ़वा। जिले के चिनिया प्रखंड के डोल पंचायत निवासी छात्रा आकांक्षा गुप्ता ने शुक्रवार को अपने जन्मदिन पर एक यूनिट रक्तदान कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे की जान बचाई। सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में आकांक्षा ने उक्त मरीज के लिए ओ पॉजिटिव रक्तदान की। मौके पर आकांक्षा ने कहा कि रक्तदान करने वाले अन्य लोगों तथा सोशल मीडिया, समाचार पत्रों में जन्मदिन आदि मौके पर लोगों द्वारा किए जाने वाले रक्तदान की प्रकाशित खबर से खबरों से प्रेरित होकर आज वह रक्तदान कर रही है। अपने रक्त से दूसरे की जान बचाने में आज उसे असीम खुशी महसूस हो रही है। आकांक्षा ने अन्य सभी छात्र–छात्राओं एवं नौजवानों से रक्तदान करने की अपील की। समाजसेवी दौलत सोनी ने कहा आज गढ़वा जिला के युवा जागरूकता के कारण बढ़–चढ़ कर रक्तदान कर रहे हैं। जिससे आए दिन मरीजों को अविलंब रक्त उपलब्ध हो जाता है। आकांक्षा को इस कार्य के लिए एवं जन्मदिन की बहुत–बहुत बधाई। मौके पर उमेश कश्यप, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना मोबाइल, संध्या सोनी, ममता कश्यप, पूनम गुप्ता, हंसराज गुप्ता, कुसुम देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## बंशीधर महोत्सव फेल, भोजपुरी कलाकारों को बुलाना दोहरी नीति : भाजपा

गढ़वा। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा है कि झामुमो सरकार ने तानाशाही में बाबा बंशीधर का अपमान किया है। श्री बंशीधर महोत्सव के नाम पर मंच को झामुमो का चुनावी मंच बना दिया। श्री बंशीधर महोत्सव पुरी तरह से फेल रहा है। श्री केशरी ने शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कब उक्त बातें कही। श्री केशरी ने कहा कि महोत्सव में मनोरंजन के लिए बाहरी कलाकार को बुलाया गया। जिसमें लाखों रुपए जिला प्रशासन ने खर्च किए। जबकी स्थानीय कलाकारों को इससे भारी निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने भोजपुरी, मगही भाषा को झारखंड में स्थान नहीं दिया। फिर भोजपुरी, मगही कलाकारों को बुलाकर नाच गाना क्यों कराया। यह दोहरी नीति का खेल नहीं चलेगा। मौके पर संतोष दूबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, रितेश चौबे, रामसकल कोरवा आदि कई लोग मौजूद थे।

# छठ महापर्व से पहले ही पूरा होगा मंदिर का निर्माण : मिथिलेश ठाकुर

### पोटमा के झाउल तालाब में होगा भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण, मंत्री ने किया भूमिपूजन

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती पोटमा लगमा गांव स्थित झाउल तालाब में भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। तालाब के बीचो-बीच बहुत ही आकर्षक जलीय सूर्य मंदिर का निर्माण होगा। शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। आसपास के करीब एक दर्जन गांव के ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों के प्रयास एवं सहयोग से इस मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने झाउल तालाब में भगवान भास्कर की मंदिर निर्माण की मांग किया था। उन्होंने ग्रामीणों को यहां काफी भव्य एवं आकर्षक मंदिर निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। आज इस का भूमि पूजन किया गया। अगले दिन से निर्बाध रूप से युद्ध स्तर पर मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की आस्था को मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। तालाब के मध्य में भव्य एवं आकर्षक जलीय सूर्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी छठ महापर्व के पूर्व इस मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ताकि छठ महापर्व मंदिर परिसर में किया जा सके।

मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला का यह अनोखा व अद्भुत सूर्य मंदिर होगा। साथ ही इस तालाब का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा। मंदिर तक पहुंचने के लिए जलीय पहुंच पथ (पुल) भी बनाया जाएगा। आसपास के लगमा, पोटमा,चिरौंजिया, खजूरी, बघौता, अकलवानी, अरंगी, सेमरटांड़ आदि दर्जनभर गांव के ग्रामीण व जनप्रतिनिधि इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे संपूर्ण गढ़वा के विकास कार्य के साथ-साथ जन भावना एवं जनआस्था के कार्य को भी पूर्ण करने के लिए संकल्पित हैं। जहां भी मंदिर, छठ घाट आदि की आवश्यकता होती है, ग्रामीण मांग करते हैं। उसे भी वे हर संभव पूरा करने का प्रयास करते हैं।




सूर्य मंदिर निर्माण का भूमि पूजन करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

### समिति का गठन, मंत्री को बनाया गया मुख्य संरक्षक

गढ़वा। पोटमा गांव स्थित झाउल तालाब में सूर्य मंदिर निर्माण का भूमि पूजन के मौके पर सर्वसम्मति से सूर्य मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया। इसमें गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को मुख्य संरक्षक, गोविंद उवि के पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र तिवारी को संरक्षक बनाया गया है। जबकि त्रिपुरारी कुमार पांडेय को अध्यक्ष, विनोद कुमार तिवारी को उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार तिवारी को सचिव, ओम प्रकाश गुप्ता को कोषाध्यक्ष, शशिकांत पांडेय को उप कोषाध्यक्ष, संजय कुमार सोनी को उपसचिव बनाया गया है। साथ ही कोरवाडीह पंचायत के मुखिया शरीफ अंसारी, खजूरी मुखिया श्रीकांत दुबे, मिथिलेश तिवारी, कौशल कुमार पांडेय, धनवंत प्रसाद गुप्ता, मनोज प्रसाद गुप्ता, अनंत प्रसाद गुप्ता, बुद्धि नारायण प्रसाद एवं अमित सिंह को संयोजक बनाया गया है। इसके अतिरिक्त कमेटी का विस्तार अगले सप्ताह किया जाएगा ' भूमि पूजन के मौके पर उक्त सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोटर बोट का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचखेरो जलाशय योजना में जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभू यादव, थाना प्रभारी लव कुमार की उपस्थिति में प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, उत्तरी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार सिंह के द्वारा मोटर बोट का उद्घाटन किया गया। ज्ञात हो कि जिला मत्स्य विभाग द्वारा जलाशय के लिजधारी लक्ष्मी विस्थापित मत्स्य जीवी सहयोग समिति सचिव महेश्वरी प्रसाद कुशवाहा एवं अध्यक्ष सुभाष कुमार के द्वारा पचखेरो जलाशय में पर्यटक को घुमाने के लिए 90 प्रतिशत अनुदान पर सरकार के द्वारा मोटर बोट दिया गया है। वहीं मोटर बोट में लोग शुल्क देकर वोटिंग करेंगे क्योंकि पूर्व में लकड़ी के वोट से घुमना असुरक्षित हो गया था। जिसे देखते हुए मत्स्य विभाग की ओर से मोटर बोट दिया गया ताकि लोग बोटिंग करने में किसी प्रकार की खतरा नहीं हो। बोटिंग के दौरान गोवा की प्रशिक्षण टीम के द्वारा मोटर बोट का चालक को प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वोटिंग करने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं थाना प्रभारी लवकुमार ने बोटिंग के लिए पंचखेरो आने वाले लोगों से अपील की है कि लोग बगैर लाइफ जैकेट के बोट पर सैर न करें तथा चार लोग से ज्यादा मोटर बोट पर सवार न हो। मौके पर रविंद्र पांडेय, सिकंदर कुमार वर्मा, संजय कुमार वर्मा, सोल्टी कुमार आदि दर्जनों समिति के लोग मौजूद थे।

## आग से बचाव को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। मध्य विद्यालय इंदरवा शहरी के छात्र-छात्राओं के बीच झारखंड अग्निशमन सेवा के द्वारा आग से बचाव हेतु जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान में झारखंड अग्निशमन सेवा के प्रधान अग्नि चालक विमान चंद्र मांझी ने बच्चों को जागरूक करते हुए आग से बचने और लगने के संबंध में प्रचार प्रसार कैसे किया जाए, इस पर बच्चों को बताया। उन्होंने आग पर काबू पाने की भी विधि विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा अगर किसी के घर में आग लग जाता है तो उसमें देखना है कि आग किस प्रकार का है। क्या वह गैस से आग लगा है या कोई तेल से संबंधित आग है, विद्युत से लगा आग है। तो उसके अलग-अलग तरह से बचाव हैं। उन्होंने बताया कि अगर साधारण आग लगा है तो उसे पानी के सहायता से बुझाया जा सकता है, और अगर तेल से संबंधित आग लगा है तो जिसमें आग लगा है उसको ढक्कन से ढक कर या फोम का प्रयोग कर उससे बचा जा सकता है।

## हाथी ने एक को कुचला, मौत, 25 हजार मुआवजा



खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत पपलो पंचायत स्थित अम्बाडीह गांव में एक ढोल बजाने वाले को जंगली हाथी ने शुक्रवार की अहले सुबह कुचलकर मार डाला। सूचना मिलते ही मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, वनपाल अभिमन्यु कुमार, पीयूष प्रभाकर आदि दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक की पत्नी रुक्मिणी देवी को वन विभाग के द्वारा 25 हजार रुपए मुआवजा के रूप में अग्रिम राशि दी गयी है। वहीं मृतक की पहचान बिरनी प्रखंड के पड़रिया पंचायत स्थित ग्राम वृंदा का रहने वाला 68 वर्षीय लखन दास पिता स्व. मोहन दास के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार लखन दास शादी समारोह से ढोल बजाकर अम्बाडीह के रास्ते होते हुए अपना घर बृंदा लौट रहा था। इसी दौरान जंगली हाथी ने पटक-पटककर जान से मार डाला। वहीं कागजी कार्रवाई के बाद तीन लाख पचहत्तर हजार रुपए मुआवजा दी जाएगी। ज्ञात हो कि क्षेत्र में लगभग 10 वर्षो से हाथी का आतंक व्याप्त है। इस वर्ष भी प्रखंड के बेरहवा जंगल में अपना बसेरा बनाये हुए हैं।

## ग्रामीणों ने फूंका परियोजना पदाधिकारी का पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता



टंडवा। प्रखंड अंतर्गत ग्राम सेरनदाग में अम्रपाली परियोजना पदाधिकारी के द्वारा गलत तरीके से एक्शन 9,11,12 लगाकर रात को गांव में नोटिस चिपकाने का विरोध में ग्रामीणों ने रैली निकलते हुए परियोजना पदाधिकारी का पुतला दहन किया। ग्रामीणों ने बाजार टांड से लेकर पूरा गाँव घूम कर विरोध किया। सेरनदाग चौक में सैकड़ों रैयत महिला पुरुष व पंचायत प्रतिनिधियों ने परियोजना पदाधिकारी का पुतला दहन किया। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य राजेश राजेश चौधरी ने कहा की सीसीएल द्वारा गलत तरीके से एक्शन 9,11,12 लगाया गया है उसे अविलंब रद्द करें और जो कोलवेयारिंग उइअ एक्ट उसे अभिलंब मुक्त करें। वही पूर्व पंचायत समिति सदस्य पति पारस कुमार गुप्ता ने कहा की जब हमारे जमीन में कोयला नहीं है तो सीसीएल क्यों सेक्शन 9,11,12 लगाकर ग्रामीणों को बरगलाने का काम कर रही है। इसलिए एक्शन 9,11,12 अविलंब मुक्त करें और सीसीएल सीसीएल के दलालों अगर सोचते होंगे कि जमीन दलाली करके और ग्रामीणों को छलने का प्रयास करेंगे तो भूल जाए क्यों अब हम ग्रामीण जग चुके हैं अब किसी दलाली नहीं चलेगा। मोहन कुमार साहू ने कह कि जिस तरह से मनमानी ढंग से सीसीएल ना ग्रामसभा ना आमसभा बिना किए हुए हमारे जमीन में सेक्शन 9,11,12 लगाकर रात को नोटिस गांव में साटना बंद करें और मैं इसका घोर निंदा करता हूं और मैं मांग करता हूं एक्शन 9,11,12 से जमीनों को मुक्त करें। वही स्थानीय विधायक प्रतिनिधि गणेश प्रसाद साहू ललित साहू ने कहा कि सीसीएल द्वारा ग्रामीणों को जो भ्रमित किया जा रहा है कि कभी रेलवे साडिंग बनाएंगे तो कभी पुनर्वास बनाएंगे और इस तरह से सीसीएल और सीसीएल दलालों ने ग्रामीण को जो भ्रमित का काम किया है उसे बंद करें। पूर्व कांग्रेसी प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर साहू ने कहा कि जो भी हमारे सीसीएल का दलाली मेरे गांव में बरगलाने और गांव फोड़ने का काम करेंगे उसे भी नहीं बख्शा जाएगा। इस मौके पर मुखिया पति गोपाल महतो, जिला परिषद सदस्य देवंती देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य बनवारी साहु, अशोक साहू, देवी देवी, सविता देवी, रेनू देवी, सुषमा देवी, उर्मिला देवी, सुमंती देवी, गुड़िया देवी, गुजरी देवी, यशोदा देवी सहित अन्य ग्रामीणों उपस्थित थे।

## प्रिंट से अधिक मूल पर बिक रहा है सरकारी शराब

इटखोरी (चतरा)। प्रखंड के पितीज में पंजीकृत सरकारी विदेशी शराब की दुकान पर तंय मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही है। सरकार के सख्त हिदायतों के बावजूद शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही है। अधिक कीमत पर बिकने के बावजूद आबकारी विभाग मौन है। बताते चलें कि ?140 का बीयर ?160 में दिया जाता है। हर एक बोतल पर प्रिंट से अधिक 10 से ?20 लिया जा रहा है। जिससे आए दिन सरकारी शराब दुकान पर लड़ाई झगड़ा होते रहते हैं। अतिरिक्त वसूली सेल्समैन के साथ-साथ उच्च अधिकारियों तक पहुंच रहा है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के सब इस्पेक्टर निर्मल मरांडी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा है की कार्रवाई की जाएगी।

## मुहाने व बक्सा नदी अगर बोलती और बात करती तो क्या होता...?

पंकज सिंह



चतरा। आप कल्पना कीजिए कि अगर नदियां बोलती और आपसे बातें करती तो क्या होता, उनका अस्तित्व मिटता या मिट रहा होता और अगर ऐसा होता तो क्या वह भी अफसरों के सामने स्वयं को बचाने के लिए गिड़गिड़ा रही होती मेरा मानना है हां, ऐसा ही होता। अगर नदियां बोलती और बातें करती तो अपना दर्द बयां करती। उनके संरक्षण के लिए किसी को आंदोलन नहीं करना पड़ता और ना ही वह बाजार में नीलाम होकर अपने आपको बेचती और ना ही अपना चीर हरण होने देती। मगर दुर्भाग्य कि कल कल की आवाज के साथ बहने वाली नदियां बोलती नहीं है केवल उसके कल कल बहने की आवाज सुनाई देती है नदिया अगर बोलती तो शायद उसकी कोई सुनता और जब कोई सुनता नहीं तो उसकी अस्मिता को बचाने के लिए चिंता करता लेकिन कल कल की आवाज के साथ बहने वाली नदी को प्रकृति ने बोलने की शक्ति नहीं दी यह शायद हम सुन नहीं पा रहे हैं। बात जिल के इटखोरी क्षेत्र की मुहाने व बक्सा नदी का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर है आज के 10 साल बाद मुहाने व बक्सा नदी का केवल नाम रह जाएगा बाकी सब मिट जाएगा मुहाने व बक्सा नदी जिस का विहंगम दृश्य आप सभी ने पुल पर खड़े होकर देखा होगा लेकिन आज जब आप सब इस पुल पर खड़े होकर नदी को देखते होंगे तो जहां तक आपकी नजरें दौड़ती होगी वहां तक नदी का सीना रेत माफियाओं ने छलनी कर दिया है। यह नदी किसी पहाड़ से नहीं बल्कि बरसाती नदी है यह जानकर भी रेत माफिया नदी का शोषण कर रहे हैं और इस काम में अफसर माफियाओं का साथ दे रहे हैं। नदी को सुनियोजित तरीके से खत्म किया जा रहा है मगर दुर्भाग्य की जैसी नदी नहीं बोल पा रही है वैसे ही क्षेत्र की जनता भी चुप है ऐसा लगता है जैसे मुर्दों के बीच में नदी बह रही है नदी की अस्मिता को बचाने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है। खैर नदी के बारे में बहुत ज्यादा लिखा जा सकता है लेकिन इसका क्या फायदा जब मुहाने व बक्सा नदी की हालत देखकर भी आपके भीतर की इंसानियत ही ना जागे।

एक नजर में

## मगध कोल परियोजना के कोयले के ढेर में लगी भीषण आग



खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। मगध कोल परियोजना से उत्पादन कर कोयले की भंडारण में आग लगी है। आग के कारण लगभग हजारों टन कोयला जल कर राख हो जा रहा है मालूम हो सीसीएल प्रबंधन इन दिनों कोयले के उत्पादन में जोर-शोर से लगा हुआ है, जबकि कोयले की डिस्पैच का अनुपात गिरा हुआ है।

डिस्पैच कम होने के कारण कोयले के ढेर में लगी आग भी बुझाने में सीसीएल प्रबंधन कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। मगध के देवलगड्डा स्थित 9 नंबर काटा के समीक्ष कोयले का विशाल भंडारण है। इस ढेर में आग लगा गई है। सीसीएल के अधिकारी अपनी वाहवाही और इंसेंटिव के चक्कर में उत्पादन पर उत्पादन करते जा रहे हैं और डिस्पैच के लिए कोई गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया की देवलगड्डा के आदिवासियों के जमीन पर बेगैर नोकरी मुआवजा दिए निकाला गया कोयला है।इस मामले को लेकर मगध कोल परियोजना के जीएम केके सिन्हा से संवाददाता के द्वारा संपर्क साधने की कोशिश किया लेकिन उन्होंने संपर्क करना मुनासिब नहीं समझा। कोयले में आग लगने से सरकार को करोड़ों रुपए का चुना लगाया जा रहा है।

## बाराती वाहन पलटने से तीन जख्मी



खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के रोहिनिया गांव के समीप बाराती वाहन पलटने से तीन लोग जख्मी हो गए। गुरुवार रात्रि भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य मार्ग पर रोहिनियां गांव के समीप बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। बोलेरो पलटने से उसमे सवार चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी धुरकी के गनियारी कला से खरौंधी में बारात जा रहे थे। इसी क्रम में रोहिनीय के समीप बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई । घायलों में चालक रवि पटेल पिता संजय चौधरी, बिपिन कुमार लहरा पिता नरेश लहरा एवं दिनेश कुमार लहरा पिता राजमुकर लहरा का नाम शामिल है। स्थानीय एवं राहगीर की मदद से सभी घायलों को घटनास्थल से उठा कर इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची भवनाथपुर थाना पुलिस ने बोलरो को जप्त कर थाना ले गई।

## चिनिया में तीन करोड़, 26 लाख की लागत से बनेगा पुल, सरकार ने दी स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिला अंतर्गत चिनिया प्रखंड के खुर्री पंचायत में तीन करोड़, 26 लाख रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनने वाले इस पुल की ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। खुर्री एवं नक्सीली गांव के बीच कांके नदी पर इस पुल निर्माण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि यथा शीघ्र निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा। जल्द ही ग्रामीणों को वर्षों पुरानी आवागमन की इस समस्या से निजात मिल सकेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि खुर्री एवं नक्सीली के बीच कांके नदी पर पुल निर्माण की मांग इस क्षेत्र के लोग वर्षों से करते आ रहे थे। पर शायद पूर्व के प्रतिनिधियों की प्राथमिकता में कुछ और ही था। अब उनकी मांग पूरी हुई है। इसका मुझे सुकून है। इस पुल के नहीं होने से रणपुरा के ग्रामीण बरसात के दिनों में अपने पंचायत सचिवालय तक भी नहीं पहुंच पाते थे। चिनिया के साथ-साथ रंका के निकटवर्ती इलाकों के लोगों को भी छत्तीसगढ़ जाने में भी काफी सुविधा होगी। चूंकि कनहर पर भी पुल निर्माण पूर्ण हो चुका है। मंत्री ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से उनके प्रयास में लगातार सफलता मिल रही है। जनता के सपनों को पूरा कर सकें यही उनका मुख्य उद्देश्य है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के सभी गांवों में बेहतर सड़क एवं आवश्यकतानुसार पूल- पुलिया का निर्माण कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है। साथ ही शेष बचे गांव में यह कार्य शीघ्र पूर्ण करने की प्रक्रिया जारी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव या टोला बेहतर सड़क से वंचित नहीं रहेगा। प्रत्येक गांव को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा के विकास कार्य को वे शून्य से शुरू कर शिखर तक पहुंचाने में लगे हुए हैं। उनके प्रयास का सुखद परिणाम भी मिल रहा है।

## लापता मजदूर पहुँचा अपना घर, परिजनों में हर्ष, खिलाई मिठाई



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। चार दिन पूर्व गुजरात से चतरा आ रहे इलाहाबाद रेलवे स्टेशन से लापता हुए मजदूर कृष्णा गंझू आखिरकार अपने घर पहुँच गए। मीडिया में खबर आने के बाद कृष्णा ने किसी व्यक्ति से अपने घर पर फोन किया। जिसके बाद उनके भाई प्रेम गंझू इलाहाबाद गए और उसे अपने साथ में लाया। कृष्णा के घर पहुँचते ही घर वालों सहित गांव के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। एक ओर कृष्णा के गुम होने से परिजन काफी परेशान थे। उनके बच्चों का रो रो कर बुरा हाल था। लेकिन कृष्णा के घर पहुँचने से घर के लोगों सहित गांव में खुशी है। परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि कृष्णा के पांच पुत्री और एक पुत्र है। सभी में अब खुशी का माहौल है।

## बुद्ध जयंती-बुद्ध पूर्णिमा पर जन जातीय विद्यालय में मनाया गया समारोह


समारोह में उपस्थित छात्र व अन्य।

**महुआडांड़।** राजकीय अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय परिवार के द्वारा शुक्रवार बुद्ध जयंती-बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में भगवान, तथागत गौतम बुद्ध का त्रिविध समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। जहां प्रधानाध्यापक गिरजाराम एवं शिक्षकों समेत बच्चो ने बुद्ध की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। प्रधानाध्यापक गिरजाराम ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के चार आर्य सत्य, दुख: है, दुख: का कारण है, दुख: के कारण का निवारण है, तथा दुख: निवारण का मार्ग है, त्रिरत्न, प्रज्ञा, शील, समाधि अष्टांगमार्ग, मध्यम मार्ग, जिसे धर्म चक्र परिवर्तन कहते हैं। संयक-अच्छा, सही, सत्य- संयक-दृष्टि, संकल्प, वचन, कर्म आजीविका, उल्लेख किया गया। भगवान बुद्ध के विचारों का जीवन में अनुपालन का संकल्प लिया गया। साथ ही छात्रों द्वारा भगवान बुद्ध से संबंधित गीत गायन संभाषण एंव ज्ञान-प्रश्नोतरी आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया। मौके पर शिक्षक अनीस समेत छात्रावास के बच्चे मौजूद थे।

# मनिका : खाते से पीएम योजना आवास का उड़ाया पैसा

## पीएम आवास की पैसे को बैंक द्वारा अवैध तरीके से निकासी कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा: बीडीओ

- खाताधारक पैसे के लिए लगा रहे हैं बैंक का चक्कर परंतु बैक कर्मी मौन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में इन दिनों खाताधारकों के खातों से अवैध तरीके से पैसे निकासी का खेल खेला जा रहा है। ताजा मामला मनिका पंचायत के कलावती कुंवर नामक महिला की है। जहां महिला अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताती है की पीएम आवास बनाने के लिए झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के खाता संख्या 14229024043 में सरकार द्वारा राशि दिया गया था। 27 फरवरी 2023 को उसके खाते से 51 हजार रुपए की निकासी कर ली गई। आवास का कार्य पुर्ण करने के लिए जब वह बैंक से पैसा निकालने गई तो उसके खाते से पैसे गायब थे। इस संबंध में जब भुक्तभोगी बैंक मैनेजर से शिकायत करने गई तो बैंक मैनेजर द्वारा कहा गया की उक्त मामले को कहीं मत बताना तुमहारा पैसा खाता में वापस हो जायेगा। लेकिन दो माह से उपर बीत जाने के बाद भी उक्त महिला के खाता में पैसा वापस नही आया। भुक्तभोगी महिला ने बताया की बीडीओ साहब पीएम आवास को पुरा नही करने पर केस कर देने की बात कहते हैं। और दुसरी ओर बैंक से पीएम आवास का पैसा अवैध तरीके से निकाल लिया गया। मामले की जानकारी सर्वाजनिक करने पर बैंक मैनेजर पैसा वापस नही करने की धमकी देता है। ऐसे में उसे कुछ समझ नही आ रहा है की वह क्या करे। कोई कुछ नही सुन रहा है। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने मनिका थाना में आवेदन भी दिया है। इधर इसी बैंक से एक और मामला कुमंडीह ग्राम के मनीष सिंह नामक युवक का सामने आया है। भुक्तभोगी मनीष ने बताया की मेरे खाते से 15000 रुपए की अवैध तरीके से निकासी कर ली गई है। इस मामले में भुक्तभोगी ने उपभोक्ता फोरम में बैंक के विरूद्ध मामला दर्ज कराने की बात कही है। इधर मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के खाताधारकों के पैसों की अवैध तरीके से हो रही निकासी के बाद बैंक के खाताधारियों में हड़कंप व्याप्त हो गया है। लोग अपने अपने खातों को चेक कराने के लिए परेशान हैं लोगों को लग रहा है कि कहीं उनके खाते से भी राशि की निकासी तो नही कर ली गई है। बहरहाल झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से पैसों की अवैध निकासी के मामले को लेकर उक्त बैंक के प्रति खाताधारियों का विश्वास टुटता दिख रहा है। ऐसा लगभग दर्जनों ग्रामीण बैंक के खाता धारक राशि निकाले जाने के बाद बैंक का चक्कर लगा रहे हैं परंतु मामले को लेकर बैंक कर्मी मौन साधे हुए हैं।


जानकारी देती भुक्तभोगी कलावती कुंवर।

### मैनेजर बैंक से थे नदारत बैंक कर्मी ने दी जानकारी

इस मामले को लेकर मैनेजर का पक्ष जानने का प्रयास किया तो मैनेजर बैंक से नदारत थे। वहीं बैंक मे मौजूद एक बैंककर्मी ने मामले को लेकर बताया की सासंग ब्रांच से सभी पैसों की निकासी की गई है। इस बैंक का यह मामला नही है।

### क्या कहतें हैं बीडीओ

वहीं पीएम आवास के लाभुक के खाते से पैसों की अवैध निकासी पर बीडीओ बिरेंद्र किंडो ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा की पीएम आवास की राशी की अवैध तरीके से बैंक द्वारा निकासी कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। मामले को मै स्वयं देखता हूं।

# लाभुकों के खाते से फर्जी निकासी

- लाभुको ने बिचौलियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग
- सात लाभुको को वित्तीय वर्ष 2021-22 में पीएम आवास स्वीकृति हुई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले में मनरेगा योजनाओं में गड़बड़ी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के तुरी टोला गांव की है। इस टोला में सात लाभुको को वित्तीय वर्ष 2021-22 में पीएम आवास स्वीकृति हुई थी। जिसमें लाभुक भोला तुरी, गजेंद्र तुरी, लिलकु तुरी, विनोद तुरी, दिलीप तुरी, शोभा देवी, गजेंद्र तुरी के नाम शामिल है। सभी लाभुक पीएम आवास को पूरा भी कर लिया, लेकिन मनरेगा के तहत मिलने वाली 20 हजार रुपये मजदूरी की राशि की निकासी नहीं की। लेकिन बिचौलियों ने बिना लाभुको को जानकारी दिये बिना सभी सात लाभुको से एक लाख 40 हजार रुपये की फर्जी राशि की निकासी कर ली। लाभुको ने बताया कि हम लोगों का 2021-22 में पीएम आवास आया था। हमलोग आवास तो बना लिए, लेकिन मनरेगा के तहत मिलने वाली 20 हजार रुपये मजदूरी राशि की निकासी नहीं किया था। जब हमलोग मजदूरी का पैसा निकासी करने गए तो मालूम चला कि सभी पीएम आवास के लाभुको का मनरेगा से मिलने वाली राशि की निकासी हो चुकी है। इस मामले में सभी लाभुको ने पंचायत के पंचायत समिति सदस्य नसबुलेन आलम को आवेदन सौंपकर बिचौलिया पर कार्रवाई करते हुए मजदूरी राशि की मांग किया है। इधर, पंचायत समिति सदस्य नसबुलेन आलम ने कहा पीएम आवास के लाभुकों की मजदूरी की राशि निकासी करना गलत है। ऐसे करने वाले बिचौलियों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा की पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा की कई योजनाओं का कार्य हुआ है। जिसमें बिना कार्य किए ही पैसे की निकासी कर ली गई है। इन सभी योजनाओं की जांच उपायुक्त व प्रखंड विकास पदाधिकारी से करने की मांग किया है। वहीं इस संबंध में बीडीओ मेघनाथ उरांव से पूछे जाने पर कहा कि पीएम आवास के तहत मिलने वाली मजदूरी की राशि लाभुक के खाता या उनके परिवार के खाते में भेजा जाता है। अगर पैसे की निकासी बिचौलियों द्वारा की गई है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। लाभुकों को पैसा भी रिकवरी कराया जाएगा।

## टेंपो पलटने से एक घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ -मनिका पथ पर मटलोंग जंगल के समीप एक टेंपो पलटने से कल्लू भुइयां 5 वर्ष पिता फोगन भुइयां ग्राम हरिजन मोहल्ला बालूमाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में सफर कर रहे परिजनों के सहयोग से कल्लू भुइयां को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि कल्लू भुइयां को लकवा मार दिया था और वह अपना इलाज कराने परिजनों के साथ सतबरवा गया था। वापस आने के क्रम में लावालोंग जंगल के समीप अचानक एक बच्चा दौड़ गया जिसे बचाने के क्रम में टेंपो असंतुलित होकर पलट गया। जिससे कल्लू भुइयां घायल हो गया।

# पीटीआर में सागवान की कटाई पर चतरा सांसद ने लिया संज्ञान, दिये जांच के निर्देश

**खबर का असर**

- एक ही जगह पर दर्जनों सागवान के हरे भरे वृक्षों की हुई है कटाई: अजय सोनी
- मामले में कारवाई के लिए सांसद महोदय को सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट


पलामू किले में काटे गये सागवान के पेड़ो का जायजा लेते सांसद प्रतिनिधि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत पलामू किले के मुख्य द्वार के समीप इमारती सागवान के वृक्षों की कटाई के मामले में खबर प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद चतरा सांसद सुनील सिंह ने मामले में संज्ञान लेते हुए वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी को मामले के जांच के निर्देश दिए। जहां सांसद प्रतिनिधि ने पलामू किला पहुंच वन विभाग के कर्मियों की मौजूदगी में गहनता से जांच की। इस दौरान देखा की लगभग एक ही जगह पर दर्जनों सागवान के वृक्षों की कटाई पिछले एक दो महीने के अंदर की गई हैं, और अभी भी जारी है। जांच के उपरांत अजय सोनी ने प्रकाशित खबर को सही बताते हुए मामले में कारवाई के लिए सांसद महोदय को रिपोर्ट सौंपने की बात कही। उन्होंने पूरे मामले में वन विभाग के अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए कहा कि कोई आम आदमी ऐसी जुर्रत करने की हिम्मत कभी नहीं कर सकता है। जांच में पता चलता है कि इसमें पूरी तरह से वन विभाग के अधिकारी दोषी है। बता दें कि एक ओर जहां वन विभाग खबर प्रकाशित होने के बाद मामले की लीपापोती में लगा हुआ हैं। विभाग का कहना है कि काटे गए सागवान को जप्त कर लिया गया है। लेकिन रेंज कार्यालय परिसर में सागवान के ऊपरी हिस्से के कुछ पतली टहनियां को लाकर रख दिया गया है। बाकी मोटा बोटा के बारे में पूछे जाने पर लकड़ी तस्करों के द्वारा ले जाने की बात कही जा रही है। अजय सोनी ने कहा कि इस थोड़े से जगह पर जब इतने वृक्षों को काटा गया है, तो अंदर के जंगलों का क्या हाल किया गया होगा यह भी जांच का विषय हैं। उन्होंने कहा कि लकड़ी तस्कर के द्वारा अगर इमारती वृक्षों को महीनों से लगातार काटा जा रहा है, तो वन विभाग के अधिकारी और कर्मी अब तक क्या कर रहें थे।

# पूर्व विधायक प्रकाश राम के मां के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व कई गणमान्य




कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** लातेहार विधानसभा के पुर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम, एंव बारियातू जिप सदस्य रमेश राम की मां के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शुक्रवार को उनके पैतृक आवास पर पहुंचे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबु लाल मरांडी, चतरा लोकसभा के पुर्व सांसद धिरेंद्र अग्रवाल, लातेहार जिप अध्यक्ष पूनम देवी पूनम देवी, विधायक भानु प्रताप सिंह, सहित विभिन्न दल के कई नेताओं ने सर्व प्रथम पूर्व विधायक राम की मां की तस्वीर पर बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने का तांता लगा रहा। इसके पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी व पूर्व सांसद अग्रवाल ने पूर्व विधालक राम से मिल कर हाल चाल लिया। इससे पूर्व पंडित जनार्दन पांडे ने पूर्व विधालक प्रकाश राम व भाई जिप सदस्य श्री राम को वैदिक मंत्रों चार के पश्चात मां जीरा देवी का श्रद्धांजलि कार्यक्रम कराया। इस अवसर पर मनिका के पूर्व विधायक व लातेहार जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, बालुमाथ के लक्ष्मन कुशवाहा, मनिष जैसवाल, अमित गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, संजिव सिन्हा, सैलेश सिंह, गोपाल यादव, लातेहा जिला पूर्व 20 सुत्री अध्यक्ष राजधानी यादव, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, एसआई बिंदेश्वर महतो, रवि कुमार, बजरंग प्रसाद, देवनंद प्रसाद, महमूद आलम, कांग्रेस नेता इफ्तिखार अहमद, जुनैद अखतर, प्रेम गुप्ता, डॉ हरि प्रसाद, भाजपा जिला मंत्री पंकज सिंह, कांग्रेस युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, पप्पू सिन्हा, रविंद्र सिन्हा, रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे, चंद्रदीप प्रसाद, असगर खान, दीपू सिंहा, चतरा के पुर्व विधायक जनार्दन पासवान, ब्रजमोहन राम, सिमरया के बिनोद बिहारी पासवान,सहित काफी संख्या में बारियातू, बालुमाथ, हेरहंज, लातेहार, चंदवा, मनिका, महुदाड, गारु,के अलावा डालटंगंज, गढवा, चतरा, हजारीबाग, रांची, लोहरदगा, समेत कई स्थानों से नेता, कार्यकर्ता, व ग्रामीण मौजुद थे। ज्ञात हो पुर्व विधालक के प्रकाश राम की मां जीरा देवी 85वर्ष कि बिते 23 अप्रैल को रांची स्थित रिम्स में ईलाज के दौरान मौत हो गई थी।

## स्वास्थ्य शिविर नि:शुल्क की जायेगी आयोजित

**लातेहार।** 231वां इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाईफ लाइन प्रोजेक्ट के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 15 मई से 4 जून तक आयोजित कि जायेगी। इसी कार्यक्रम को लेकर सीएचसी लातेहार के सभागार में सहिया एवं सहिया साथी के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीटीटी उमानाथ सिंह ने किया। बैठक में सभी सहिया सहिया साथी को विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे लोगों के घर में जाकर सर्वे करने के बाद उनका लिस्ट तैयार करने को कहा उन्होंने बताया कि इस शिविर में आंख की जांच, मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच, मुड़े हुए पैर की सर्जरी, कटे फटे होंठ की जांच और सर्जरी, दांतों की जांच और उपचार, स्त्री स्तन एवं ग्रीवा कैंसर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का ईलाज संभव हो पायेगा। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सिर्फ ओपीडी होगा।

## लोंग हॉल के कारण टोरी रेलवे फाटक पर लोगों को उठानी पड़ रही है जान माल की क्षति: झाविस

# रेलवे की कार्यशैली पर उठाया सवाल



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते झाविस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड विकास समिति ने शुक्रवार को स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में प्रेस वार्ता कर रेलवे के कार्यशैली को सवालों के घेरे में खड़ा करते हुए जमकर रोष प्रकट किया। समिति के रवि डे, इंद्रजीत शाह बंटी, पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी, सत्येंद्र प्रसाद यादव समेत अन्य वक्ताओं ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि धनबाद रेल मंडल का अहम और कमाउ रेल स्टेशन टोरी जंक्शन आज घोर उपेक्षा का शिकार है। यात्री सुविधा और नागरिक सुविधा यहां न के बराबर है। इस स्टेशन के समस्याओ से रेल के बड़े अधिकारियों को लागातार अवगत कराया जा रहा है, परंतु फलाफल शुन्य है। आज के तारीख में क्षेत्र वासियों के लिए रेलवे फाटक सबसे बड़ी समस्या है। माल गाडियों के लॉग हॉल होने के कारण रेलवे फाटक काफी देर बंद रहता है। कई बार गंभीर मरीज रेलवे फाटक के जाम में फस कर दम तोड़ दिए है। रेल प्रशासन के निकंमेपन और लापरवाही के कारण यहां पर करोड़ो के लागत से बने अंडर पास चालू नहीं हो पाया है। समिति ने मई 2023 से आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी रेल प्रबंधन को दी है। समिति ने रेलवे से रेलवे फाटक के पास बने अंडर पास को अविलम्ब चालू करने, स्टेशन के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर पैदल यात्रियों के लिए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करने, राजधानी एक्सप्रेस का टोरी जंक्शन में ठहराव सुनिश्चित करने, टोरी शिवपुर रेलवे लाईन पर यात्री गाड़ी चलाने, बी.डी.एम सवारी गाड़ी का परिचालन लागातार करने समेत कई मांगे की है। प्रेस वार्ता में रामवृक्ष प्रजापति, शंकर कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# डीसी भोर सिंह यादव ने किया टोरी जंक्शन का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी 15 मई से 4 जून तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से लोगों का नि:शुल्क इलाज को लेकर चलने वाले कार्यक्रम के निमित डीसी भोर सिंह यादव के नेतृत्व में अधिकारियों व लाइफ लाइन की टीम शुक्रवार को चंदवा पहुंची, जहां बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, सीएचसी प्रभारी एनके पांडेय, प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा के साथ टोरी जक्शन का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में डीसी ने जंक्शन में खड़ी लाइफ लाइन एक्सप्रेस का जायजा लिया, स्टेशन परिसर से लाइन लाइफ लाइन एक्सप्रेस तक मरीजों को लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। इसके पूर्व डीसी ने चंदवा सीएचसी का भी निरीक्षण कर सीएचसी प्रभारी नंद कुमार पांडेय से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही कार्यक्रम तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बता दें कि 15 मई से 4 जून तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायी जाएगी, लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन टोरी स्टेशन पर खड़ी रहेगी। इस ट्रेन के जरिए नेत्र रोगियों का इलाज और ऑपरेशन, कटे-फटे होठ वाले मरीजों का इलाज, कान रोगियों, दांत के रोगियों का उपचार किया जाएगा। यहां आने वाले मरीजों की हर दिन जांच, इलाज और ऑपरेशन की सुविधा मिलती रहेगी। निरीक्षण के मौके पर एसी सह डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, एसडीओ शेखर कुमार, सीएस दिनेश कुमार, एसएस रंजीत कुमार, टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।


निरीक्षण करते डीसी व अन्य।

# पूर्व माओवादी के पुत्र को अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर शव को कुआं में डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हेरहंज।** हेरहंज पूर्व उग्रवादी बासुदेव गंझू उर्फ गोपाल जी का पुत्र सकलदीप गंझू (25) को बुधवार की रात्रि में अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर शव को घर के बगल कुआं में डाल दिया। वहीं मृतक के पिता बासुदेव गंझू उर्फ गोपाल जी ने बताया कि बुधवार की रात्रि में घर के बगल में शादी समारोह में भाग लेने गया था। देर रात्रि में करीब एक बजे तक शादी समारोह में हीं मौजूद था। इसके बाद गुरुवार की सुबह जब वह घर नहीं आया तो खोजबिन परिजनों द्वारा किया गया। इसके बाद करीब शाम पांच बजे ग्रामीणों के द्वारा शव को कुवें में देखा गया जानकारी मिलते हीं घटना स्थल पहुंचे और हेरहंज थाना पुलिस को सूचना दिए। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में सदल बल के साथ घटना स्थल बिदिर गांव पहुंचे। पहुंचने के बाद पुलिस प्रशासन मामले की जांच में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक शव घर में हीं पड़ा था।बासुदेव गंझू उर्फ गोपाल जी सबसे पहले भाकपा माओवादी का सबजोनल कमांडर थे। इसके बाद वह टीएसपीसी में सबजोनल कमांडर के पद पर रहते हुवे 24 जनवरी 2020 को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण किया था। बासुदेव गंझू उर्फ गोपाल जी का दो पुत्र व तीन पुत्री है। वहीं मृतक सकलदीप गंझू का एक पुत्र है। मृतक सकलदीप छोटा पुत्र था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक सकलदीप गंझू।

## 6 मई को शुरू होगा 9 दिवसीय ज्ञान महायज्ञ

लातेहार। श्री श्री वैष्णव देवी, राम दरबार, राधाकृष्ण प्राण प्रतिष्ठा ज्ञान महायज्ञ (नौ दिवसीय कार्यक्रम) का शुभारंभ छह मई को कलश यात्रा के साथ होगा. कलश यात्रा महायज्ञ स्थल चंदनडीह से निकाली जायेगी. समिति के अध्यक्ष सह अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता व साध्वी रागिनी ने इस आशय की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि महायज्ञ श्री श्री 1008 संत शिरोमणी नागेश्वर गिरि जी महाराज के सानिध्य में संपन्न कराया जायेगा. सात मई को वेदी पूजन व मंडप प्रवेश कराया जायेगा. आठ मई को पूजन अनाधिवास, नौ मई को पूजन पत्राधिवास, दस मई को पूजन महास्नान व नगर भ्रमण, 11 व 12 मई को प्राण प्रतिष्ठा व कथा, 13 मई को पूजन व छप्पन भोग, 14 मई को संध्या महाआरती व सामूहिक हवन व पुणार्हुति की जायेगी. प्रत्येक दिन कथा, प्रवचन, रासलीला व रामलीला का आयोजन किया जायेगा।

# पिछले10 दिनों से हाथी इस क्षेत्र में उत्पात मचा रहे थें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चंदवा प्रखंड के माल्हन स्थित ईंटा भट्ठे में एक गरीब मजदूर,उसकी पत्नी और अबोध बच्चे की हाथियों के द्वारा कुचल देने से हुई मौत पर गहरा रोष प्रकट किया है। प्रतुल ने कहा की पिछले 10 दिनों से वन विभाग को लगातार सूचनाएं मिल रही थी कि हाथियों का एक झुंड उस क्षेत्र में सक्रिय है। इसके बावजूद भी वन विभाग के अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे थे। गजराज के झुंड को जंगल में भेजने का निरंतर सार्थक प्रयास नहीं किया गया। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार अविलम्ब मृतकों के आश्रितों को मुआवजा दें। प्रतुल ने वन विभाग के अधिकारियों पर भी मुकदमा दर्ज करने की मांग की। आखिर इनकी लापरवाही के कारण यह मौतें हुई। अगर यह सजग रहते तो प्रयास कर हाथियों को वापस जंगल भेज देते। प्रतुल ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर जानकारी दी की हाथियों का झुंड लाधुप पंचायत के आरा में जमा है। इलाके में बसने वाले गरीब आदिवासियों के घरों को भी ये झुंड बड़े पैमाने पर ध्वस्त कर रहा है। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में वनों की अंधाधुंध कटाई हुई है जिससे प्राकृतिक समन्वय बिगड़ गया है और ऐसी घटनाएं हो रही है। प्रतुल ने उपायुक्त से मांग की वन पदाधिकारियों को जंगल में कैंप लगाने का आदेश देकर गजराजों को उनके प्राकृतिक कॉरिडोर में वापस भेजने हेतु युद्ध स्तर पर कार्रवाई हो।



## 13 को लातेहार अंचल का तिलक उत्सव आयोजित

**लातेहार।** जिले के चंदनडीह स्थित अंचल कार्यालय में एकल अभियान की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अप्रैल माह के कार्यो की समीक्षा की गयी। साथ ही मई महीने के लिए कार्य योजना तैयार की गयी। बैठक में आगामी 13 मई को लातेहार अंचल का तिलक उत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अंचल संरक्षक सह अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय ने तिलक उत्सव के उद्देश्य और महत्वों की जानकारी दी। अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद ने तिलक उत्सव की तैयारियों में जुटने और इसे सफल बनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य बिना सामुहिक सहयोग के पूरा नहीं होता है। बैठक में अंचल सचिव महेंद्र प्रसाद शौंडिक, अंचल कोषाध्यक्ष गया प्रसाद, रमेश कुमार पांडेय, पलामू भाग उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, अंचल संरक्षक राजीव रंजन पांडेय, अंचल अभियान प्रमुख किशोर यादव आदि उपस्थित रहे।

# बिहार में जातीय जनगणना पर जल्द सुनवाई हो

## बिहार सरकार ने पटना हाइकोर्ट में दायर की याचिका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने जातिगत गणना पर जल्द सुनवाई करने को लेकर आज शुक्रवार को पटना हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। सरकार ने मुख्य न्यायधीश की बेंच से जातीय जनगणना पर सुनवाई करने के लिए यह याचिका दायर की है। गौरतलब हो कि गुरुवार को पटना उच्च न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में जातिगत गणना पर तत्काल रोक लगाते हुए अगली सुनवाई के लिए 3 जुलाई की तारीख निर्धारित की थी।

**याचिका में सरकार की दलील :** राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि इन जनहित याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों पर कोर्ट ने अपना निर्णय अंतिम रूप से दे दिया है। इस कारण इन याचिकाओं की सुनवाई 3 जुलाई 2023 के पूर्व ही करके इनका निष्पादन कर दिया जाए। राज्य सरकार द्वारा दायर याचिका में ये कहा गया है कि क्योंकि पटना हाइकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार के पास जातीय जनगणना कराने का वैधानिक अधिकार नहीं है, इसीलिए इन याचिकाओं पर 3 जुलाई 2023 को सुनवाई करने का कोई कारण नहीं है।हाईकोर्ट ने लगायी रोकः आज बिहार सरकार की तरफ से इसपर जल्दी सुनवाई किए जाने के




लिए मुख्य नयाधीश के पास ये याचिका दायर की है। सामान्य प्रशासन के उप सचिव रजनीश कुमार ने एफिडेविड दायर किया है। बता दें कि बिहार में दो चरणों में जातिगत गणना करायी जा रही थी। पहले चरण में मकानों की गणना की गई और यूनिक नंबर दिया गया था। दूसरे चरण का कार्य 15 अप्रैल से शुरू हुआ। 15 मई तक इसे पूरा कर लेना था। अब हाईकोर्ट ने गणना कार्य पर रोक लगा दी है। तीन जुलाई को सुनवाई के लिए तिथि निर्धारित की है।

**क्या हुआ अबतक :** नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार में जातीय गणना पिछले साल ही शुरू कराने का फैसला लिया था। 9 जून 2022 को बिहार सरकार की ओर से जाति आधारित गणना कराने की अधिसूचना जारी की थी। सरकार की ओर से कैबिनेट में 500 करोड़ की स्वीकृति दी गई थी। 7 जनवरी 2023 से जाति आधारित गणना की प्रक्रिया शुरू हुई थी। दूसरे चरण का कार्य 15 अप्रैल से शुरू हुआ। 15 मई तक पूरा कर लेना था।कोर्ट पहुंचा मामलाः जातीय गणना रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मामला ले जाया गया था। सुप्रीम कोर्ट की ओर से 20 जनवरी 2023 को याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया गया। हाल में सुप्रीम कोर्ट की ओर से पटना हाई कोर्ट को सुनवाई कर दो दिनों में फैसला देने का निर्देश दिया था। पटना हाईकोर्ट ने 2 दिनों में सुनवाई पूरी की और आज गुरुवार को फैसला दिया है। लेकिन इस बीच जातीय गणना का दूसरे चरण का लगभग आधा कार्य हो चुका है। 215 जातियों को कोड देकर गिनती की जा रही है।

# बागेश्वर बाबा का कार्यक्रम कोई रोक नहीं सकता: गिरिराज सिंह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर के कार्यक्रम पर जारी सियासत के बीच गिरिराज सिंह ने बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम को रोकने की खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल नहीं है जो बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम को रोक दे। पटना के नौबतपुर प्रखण्ड के तरेत पाली मठ के पास 13 से 17 मई के बीच बागेश्वर बाबा का हनुमंत कथा होना है। उनके आगमन को लेकर नेताओं के बीच बयानबाजी का दौर जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नौबतपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि- "कोई माई का लाल नहीं है जो बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को रोक दे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नीतीश सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने सरकार पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाते हुए फुलवारी शरीफ पीएफआई टेरर मॉडल को संरक्षण देने की बात भी कह दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार के नीतीश सरकार तुष्टिकरण की सरकार है। वह मुसलमानों की गोद में जा बैठी है। ईद की नमाज के लिए गांधी मैदान का दरवाजा खोल दिया जाता है। पटना की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुलेआम गाली दी जाती है और इस पर सरकार कोई संज्ञान नहीं लेती।

## बिहारशरीफ हिंसा पर कोर्ट ने मांगा ब्योरा

**पटना।** बिहार में पटना हाइकोर्ट ने बिहारशरीफ में इस वर्ष रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा की निष्पक्ष जांच कराने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस के वी चन्द्रन की खंडपीठ ने अमरेन्द्र कुमार सिन्हा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को इस सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस मामलें पर अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टी के बाद की जाएगी

याचिकाकर्ता ने की निष्पक्ष जांच की मांगः याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट के समक्ष पक्ष प्रस्तुत करते हुए वरीय अधिवक्ता एसडी संजय ने कहा कि बिहारशरीफ में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। उन्होंने कहा कि इससे बड़े पैमाने पर जान माल की हानि और व्यवसाई वर्ग को नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने कोर्ट के समक्ष पक्षों को रखते हुए कहा कि इस मामले की जांच हाईकोर्ट के अवकाशप्राप्त जज से कराई जाए या सीबीआई या एनआईए से कराई जाए।

## जातीय जनगणना पर बिहार में सियासत शुरू

# यह तो होकर ही रहेगा : लालू यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पटना हाईकोर्ट की ओर से बिहार की जातीय आधारित जनगणना पर रोक लगते ही प्रदेश में सियासत शुरू हो गई है। आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव समेत सत्ता पक्ष के सभी नेता बीजेपी पर हमलावर है। दूसरी ओर बीजेपी का तर्क है कि नीतीश सरकार ने पटना कोर्ट में अपना पक्ष जानबूझकर मजबूती से नहीं रखा। दोनों ओर से जारी बयानबाजियों के बीच लालू यादव ने भी इसपर मोर्चा संभालते हुए कहा है कि जातिगत जनगणना जनता की मांग है और ये होकर ही रहेगा।

**जनता समझ चुकी है बीजेपी की कुटिल चालः** लालू यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए पूछा कि आखिर बीजेपी बिहार के बहुसंख्यक पिछड़ों की गणना कराने से डर क्यों रही है? लालू यादव ने बीजेपी को सीधे-सीधे जातीय जनगणना का विरोधी ठहराते हुए उसे समता, मानवता, ऊंच नीच, बेरोजगारी और पिछड़ेपन और भेदभाव का समर्थक



करार दिया। लालू यादव ने अपने जारी बयान में कहा है कि देश की जनता बीजेपी की इस कुटिल चाल को समझ चुकी है।सर्वदलीय सहमति से शुरू हुई थी जातिगत जनगणनाः गौरतलब है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के बीच की दूरी जातीय जनगणना को लेकर ही कम हुई थी। एनडीए के साथ सरकार में रहते हुए ही नीतीश और तेजस्वी साथ-साथ दिल्ली गए थे। बिहार में जातीय जनगणना कराने का फैसला सर्वदलीय बैठक के बाद लिया गया था। इस फैसले में जेडीयू, बीजेपी, आरजेडी, हम, कांग्रेस समेत बिहार के सभी दलों का समर्थन मिला हुआ था। नीतीश सरकार ने वादे के मुताबिक जातीय जनगणना का काम भी शुरू करवाया, लेकिन हाईकोर्ट से रोक लगने के बाद इस मुद्दे पर घमासान मचा हुआ है।

**15 मई को पूरी होनी थी जातीय गणनाः** बिहार में जातीय जनगणना के दूसरे चरण को पूरा करने का समय 15 मई था। इसपर रोक लगाने की याचिका सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले को हाईकोर्ट में ले जाने का निर्देश दिया। पटना हाईकोर्ट ने मंगलवार और बुधवार के दिन लगातार दो दिन सुनवाई करते हुए इसपर फैसला सुरक्षित रख लिया। गुरुवार को पटना हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 3 जुलाई सुनवाई की नई तारीख दी साथ ही जातीय जनगणना पर रोक लगाने के निर्देश भी दे दिया। कोर्ट ने सरकार को साफ-साफ निर्देश दिया कि इस मामले में अब तक किए गए डाटा को संरक्षित किया जाए और लीक न होने दिया जाए।

# सेंगेल मानकी-मुंडा की नियुक्ति समानांतर नहीं वैकल्पिक व्यवस्था है : सालखन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा 2 मई 2023 को चाईबासा के जिला परिषद सभागार में 4 सेंगेल मनकी और एक सेंगेल मुंडा की नियुक्ति एक ऐतिहासिक घटना है। अच्छे के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन का आगाज है। यह समानांतर नहीं, वैकल्पिक व्यवस्था है। अन्यथा आदिवासी गांव-समाज को सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गुलामी से कभी आजादी नहीं मिल सकता है। कहा कि अभी तक वंशानुगत नियुक्त माझी परगना, मनकी मुंडा आदि ने इस दिशा में कुछ भी विशेष काम नहीं कर सका है। इसीलिए हर आदिवासी गांव समाज में नशापान,अंधविश्वास, डायन प्रथा, आदिवासी महिला विरोधी मानसिकता, ईर्ष्या द्वेष, वोट की खरीद बिक्री और एकता की कमी



व्याप्त है। अंततः आदिवासी का हासा भाषा जाति धर्म इज्जत आबादी रोजगार चास- बास लुट मिट रहा है। सरना धर्म कोड अब तक नहीं मिल सका है। कोल्हान के आदिवासी इचा-खरकई डैम में डूबने को मजबूर हैं। गांव के गांव में चर्च बन रहा है। लोग अपनी भाषा संस्कृति और जड़ों से कटकर विदेशी ईसाई बनते जा रहे हैं। लोहा पत्थरों की प्रचुरता के कारण से उद्योगों के आगमन पर विस्थापन पलायन बढ़ रहा है। बेरोजगारी और गरीबी का दर्द और दंश फैल रहा है। अतः आदिवासी सेंगेल अभियान हर कीमत पर कोल्हान के आदिवासी गांव- समाज को गुलामी से आजाद करने के लिए कटिबद्ध है। सालखन मुर्मू ने कहा की कोशिश कोल्हान के गांव- समाज को जागरूक कर एकजुट बनाना और अपने न्याय अधिकारों के लिए आवाज बुलंद कर सकना है। इस काम को करने के लिए फिलहाल अधिकांश मानकी मुंडा विफल हैं। यहां तक की पढ़े-लिखे कोल्हान के लोग भी बेवजह राजनीति से एलर्जी कर अपने समाज के साथ धोखेबाजी करते दिखाई पड़ते हैं। यदि पारंपरिक मानकी मुंडा उपरोक्त कमजोरियों, कुप्रथाओं पर सकारात्मक सुधार करने को तैयार हैं तो सेंगेल उनको सहयोग करने के लिए तैयार है। सेंगेल व्यवस्था के खिलाफ नहीं है बल्कि सुधार का पक्षधर है। अन्यथा सेंगेल का वैकल्पिक सेंगेल मानकी मुंडा की नियुक्ति कोल्हान की रक्षार्थ हमलोग जरूरी मानते हैं।

## हाईवा के गति पर अंकुश लगाने को प्रशासन ने की बैठक

**दुमका।** बेलगाम दौड़ कोयला परिवहन में लगे हईवा की गति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य जिला प्रशासन ने समाहरणालय में शुक्रवार को बैठक की। बैठक एसडीओ कौशल कुमार की अध्यक्षता में को बैठक हुई। बैठक में डीटीओ, एसडीपीओ, मुफस्सिल थाना प्रभारी, पथ निर्माण विभाग के अधिकारी, जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन के प्रतिनिधि और कोयला ढुलाई करने वाली कार्यकारी एजेंसी बीजीआर के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में दुमका-पाकुड़ मार्ग पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर कैसे अंकुश लगाया जाए। इस बात को लेकर गहन मंथन हुई।

## मानीसाई पुलिया तक जाने वाली सड़क नहीं रहने से ग्रामीण परेशान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की ईटोर पंचायत के उलीबेड़ा गांव के मानीसाई पुलिया को जोड़ने के लिए सड़क नहीं रहने से ग्रामीण परेशान है। इसे लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने उलीबेड़ा गांव में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता गांव के मुंडा शंकर बोदरा ने की। जहां पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई उपस्थित हुये। यहां ग्रामीणों ने कहा कि उलीबेड़ा मुख्य सड़क से मानीसाई पुलिया तक सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

## हाईवा के चपेट में आने से बाईक सवार दो गंभीर, जाम

**दुमका।** दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को एक बार फिर बेलगाम कोयला लदा हाईवा के चपेट में आने से दो बाइक गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से घायल बाईक सवार युवकों को इलाज के लिए फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जिले के जामा थाना के नावाडीह निवासी मुन्ना राय दुमका शहर में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में चतुर्थ वर्गीय कर्मी के रूप में काम करता है। शुक्रवार को उसे कार्यस्थल पर छोड़ने के लिए उसका चचेरा भाई मोहित बाइक से निकला।

## दुष्कर्म के प्रयास का विरोध करने पर किशोरी पर चाकू से हमला, गिरफ्तार



**दुमका।** दुष्कर्म के प्रयास का विरोध करने पर 15 वर्षीय किशोरी पर आरोपी युवक ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चाकू से हमले से किशोरी के दोनों हाथ में गंभीर जख्म हो गए है। घटना दुमका सदर प्रखंड क्षेत्र के राजबांध गांव में गुरुवार की देर रात में घटी। परिजनों ने रात में ही किशोरी को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। किशोरी का इलाज चल रहा है। इस संबंध में परिजनों ने मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन दिया है।

# शिक्षा निकेतन चक्रधरपुर एवं मांगी लाल रुंगटा स्कूल ने दर्ज की जीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे 12वीं ज्ञान चंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गए ग्रुप बी के मैच में इंदिरा गांधी शिक्षा निकेतन चक्रधरपुर एवं मांगी लाल रुंगटा प्लस टू स्कूल चाईबासा ने क्रमशः संत जेवियर्स इंगलिश स्कूल चाईबासा एवं उच्च विद्यालय महुलडीहा को पराजित कर पूरे अंक हासिल किए। स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर प्रातः 7 बजे खेले गए पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंदिरा गांधी शिक्षा निकेतन चक्रधरपुर की टीम 19.5 ओवर में 133 रन बनाकर आल आउट हो गई। उद्घाटक बल्लेबाज बिट्टू शर्मा ने पाँच चौकों की मदद से सर्वाधिक 41 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में राज कुमार प्रमाणिक ने 33, रितिक कुमार ने 18 तथा महावीर मुखी ने 11 रनों का योगदान दिया। संत जेवियर्स इंगलिश स्कूल की ओर से कृपा सिंधु चंदन ने 22 रन देकर चार खिलाड़ियों को चलता किया। ऋषभ गर्ग एवं रोहित यादव ने दो - दो विकेट अपने नाम किए। जीत के लिए निर्धारित 20 ओवरो में 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी संत जेवियर्स इंगलिश स्कूल की पूरी टीम महज 12.2 ओवर में 64 रन पर ढेर हो गई और इंदिरा गांधी शिक्षा निकेतन चक्रधरपुर की टीम ने यह मैच 69 रनों से जीत




लिया। वहीं मैच में मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय चाईबासा ने उच्च विद्यालय महुलडीहा को एक आसान मुकाबले में 21 रनों से पराजित किया। हलांकि इस मैच के परिणाम से कोई खास फर्क नहीं पड़ा क्योंकि दोनों ही टीमें अपने ग्रुप के दोनों लीग मैच हारकर प्रतियोगिता से पहले ही बाहर हो चुकी है। टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय की टीम 13.5 ओवर में 107 रन बनाकर पैविलियन लौट गई। नीचले क्रम में बल्लेबाजी करने आए रोहन नायक ने एक चौका एवं चार छक्कों की मदद से 33 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को संकट से उबारा। सोमलेश्वर सुम्बरुई ने 24 एवं विकास ने 14 रन बनाए। उच्च विद्यालय महुलडीहा की ओर से अभिनव महतो ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 39 रन देकर पाँच विकेट चटकाए।

हरभजन कालिन्दी एवं आशीष लोहरा को दो - दो विकेट मिला। जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी उच्च विद्यालय महुलडीहा की पूरी टीम 14.2 ओवर में 86 रन बनाकर पैविलियन लौट गई और 21 रनों से मैच गंवा बैठी। उच्च विद्यालय महुलडीहा की ओर से एकमात्र सफल बल्लेबाज प्रकाश डांगील रहा जिसने चार चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से 39 रन बनाए। अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया।

एम एल रुंगटा स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए सोमलेश्वर सुम्बरुई ने 16 रन देकर चार विकेट, कप्तान हरि नारायण सिंह ने 16 रन देकर तीन विकेट तथा मोहित कारवा ने 18 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मांगी लाल रुंगटा प्लस टू स्कूल के सोमलेश्वर सुम्बरुई को उसके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के सहायक सचिव शाहिद अख्तर ने प्रदान की।

## एक नजर में

### जिले को एनेमिया मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिवद्धः डीसी

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार चतरा जिलान्तर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष अभियान के तहत दिनांक 08 मई से 20 मई तक एनेमिया जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीयों को उपायुक्त श्री अबु इमरान द्वारा निर्देशित किया गया कि दिनांक 08 मई से 20 मई तक चलने वाले विशेष अभियान में अपने-अपने प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष अभियान के तहत रोस्टर अनुसार एनेमिया से ग्रसित मरीजों का जांच कराएंगे। साथ ही एनेमिया से ग्रसित मरीजों की पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह के साथ साथ दवा भी उपलब्ध करायेगें।उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने अपने नजदीकी जांच केंद्रों में जाकर अपने एनिमिक होने की जांच करवाएं।शरीर मे खून की कमी होने से विभिन्न रोग होते हैं।

### राधा स्वदेशी ग्रामीण आरोग्य केंद्र का किया गया उद्घाटन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित बंधन चौक के समीप शुक्रवार को राधा स्वदेशी ग्रामीण आरोग्य केंद्र का उद्घाटन समाजसेवी प्रयाग मोदी, मुकेश मोदी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री बिनीता कुमारी, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, जिप प्रतिनिधि रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, उत्तरी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार सिंह, दक्षिणी पंचायत मुखिया दीपक कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व नारियल फोड़ कर किया। आरोग्य केंद्र जो पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के द्वारा संचालित है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि कंपटीशन के दौर में बाजार में स्वदेशी वस्तुओं की मांग में बढ़ोतरी आई है।

### महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित

**कोडरमा।** क्रांतिकारी विचारक, अर्थशास्त्री और महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स की 206वीं जयंती और अहिंसा के रास्ते पर चलने वाले मानवता के मुक्तिदाता तथागत गौतमबुद्ध की जयंती पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने इन महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में मजदूरों का राज कायम हो, मनुष्य के द्वारा मनुष्य का शोषण न हो और एक शोषण मुक्त समाजवादी व्यवस्था का निर्माण हो यही मार्क्सवाद का मूल सिद्धांत है।

## पेज 1 का शेष

### भूमि घोटाले में...

इडी पूछताछ के लिए छवि रंजन को आठ दिनों की रिमांड पर ले सकती है। हालांकि ईडी आरोपी को अपने कब्जे में लेकर अधिकतम 14 दिनों तक पूछताछ कर सकती है। यह सब अदालत पर निर्भर है। मालूम हो कि बरियातू में सेना की 4.55 एकड़ जमीन को फर्जी कागजात के जरिये प्रदीप बागची ने जगत बंधु टी इस्टेट को बेची थी। यह रजिस्ट्री डीसी छवि रंजन के आदेश पर की गयी थी। इडी ने 13 अप्रैल को छवि रंजन समेत 18 लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। उसी रात सीआई भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची समेत साथ लोगों को इडी ने गिरफ्तार किया था। इन्हीं लोगों से पूछताछ के बाद छवि रंजन की साजिश का पता चला था। **परिचितों के नाम पर की जमीन की रजिस्ट्री :** बजरा के खाता 140 की 7.16 एकड़ जमीन की बिक्री को लेकर इडी ने छवि रंजन से पूछताछ थी। उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी में यह जानकारी मिली थी कि रांची में पोस्टिंग के बाद छवि रंजन ने इस जमीन की रजिस्ट्री अपने करीबी श्याम सिंह और रवि सिंह भाटिया के नाम पर करायी। सरकारी दर के मुताबिक उस जमीन की कीमत 29 करोड़ 88 लाख 93 हजार 800 रुपये है पर इसकी बिक्री 15 करोड़ 10 लाख 76 हजार यानी तकरीबन आधी कीमत में की गयी थी। जमीन की खतियानी सीताराम साहू के नाम पर दर्ज है, लेकिन फर्जी कागजातों के जरिये जमीन की खरीद 1938 में रुपनारायण सिंह के नाम पर दिखायी गयी। इसके अलावा जमीन की लगान रसीद भी 1938 के बाद नहीं कटा दिखाया गया था।

### सीमा पार से...

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में पाकिस्तान की ओर परोक्ष इशारा करते हुए कहा कि सीमापार आतंकवाद समेत इसके सभी स्वरूपों का खात्मा किया जाना चाहिए। आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्तपोषण के सभी तरीकों को बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब दुनिया कोरोना महामारी और उसके प्रभावों से निपटने में लगी थी, तब भी आतंकवाद की समस्या ज्यों की त्यों बनी रही। माना जा रहा है कि उनका निशाना पाकिस्तान की ओर था। जयशंकर ने कहा कि हम पुरजोर तरीके से मानते हैं कि आतंकवाद को जायज नहीं ठहराया जा सकता और सीमापार से आतंकवाद समेत हर तरह की दहशतगर्दी पर रोक लगनी चाहिए। **भारत-पाक दूरी झलकी :** विदेश मंत्रियों की बैठक में पाकिस्तान से बिलावल भुट्टो जरदारी शामिल होने गोवा पहुंचे हैं। मीटिंग से पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने सभी मंत्रियों का बारी-बारी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पाक विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी का भी वेलकम किया, लेकिन दोनों नेताओं के बीच दूरी साफ दिखी। जयशंकर ने दूर से ही बिलावल भुट्टो जरदारी से हाथ जोड़ लिये। फोटो खिंचवाते वक्त भी दोनों करीब दो फुट के अंतर पर खड़े नजर आये।

### गांवों का विकास...

सरकारी योजनाएं जनता तक पहुंचाना जरूरी : राज्यपाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों को इसकी जानकारी नहीं रहती है। बड़ी संख्या में लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते है। ऐसे में जरूरी है कि योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचायी जाये, ताकि ग्रामीण लोग इसका लाभ उठा सकें। सिंहपुर पंचायत में पानी की समस्या पर राज्यपाल ने कहा कि गांव में घर -घर तक पानी पहुंचेगा। यदि इस गांव के विकास के लिए फंड नहीं है तो तुरंत फंड दिया जायेगा। सिंहपुर पूरे राज्य में मॉडल के रूप में विकसित होगा। राज्यपाल पीरटांड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे, जहां बच्चियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने बच्चियों से बातचीत की और उनका हाल जाना। पारंपरिक लोक नृत्य के साथ उनका स्वागत किया गया। काफी देर तक बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान राज्यपाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और समस्याओं के समाधान कराने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सबसे पहले भारत माता को नमन किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने स्कूल की चहारदीवारी के निर्माण की बात कही। इस पर राज्यपाल ने तुरंत डीसी नमन प्रियेश लकड़ा को बिल पास कर चहारदीवारी कराने का निर्देश दिया।

### संघर्षों से आदिवासी...

उन्होंने यहां उनकी समाधि पीठ (स्मारक) और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाधि पीठ परिसर का भ्रमण करने के साथ स्थानीय लोगों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, अमर शहीद सिदो कान्हू, वीर बुधु भगत और तेलंगा खड़िया जैसे अनेकों वीर हुए हैं। जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत और जमींदारों के शोषण अन्याय के विरुद्ध आंदोलनों का नेतृत्व किया। अन्याय के खिलाफ आदिवासी वीर ना कभी झुके और ना ही कभी डरे हैं। इन्होंने अपने वीरताए संघर्ष और नेतृत्व क्षमता से ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थी। हमें ऐसे वीर शहीदों पर गर्व है। इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन और कई गणमान्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## ममता ने फिर किया विपक्षी एकजुटता का आह्वान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले गैर भाजपा और गैर कांग्रेस पार्टियों की एकजुटता का आह्वान किया है। शुक्रवार को मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि सभी विपक्षी पार्टियां एक हो जाएं। हमलोग एक साथ मिलकर काम करें।

## चरणजीत सिंह अटवाल भाजपा में हुए शामिल

**नयी दिल्ली।** पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष चरणजीत सिंह अटवाल ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने नयी दिल्ली स्थित आवास पर चरणजीत सिंह अटवाल को बधाई दी।

## जापान में 6.5 तीव्रता का भूकंप एक व्यक्ति की मौत

**टोक्यो।** जापान में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके लगे। इसमें एक व्यक्ति की मौत और कई इमारतों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिल रही है। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गयी है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक दोपहर 2.42 बजे 8.7 किलोमीटर तक धरती हिली।

## नेपाल में हेलीकॉप्टर दुर्घटना, सह पायलट की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के संखुवासभा जिले में शुक्रवार को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में घायल सह पायलट भाविन गुरुंग की इलाज के दौरान मौत हो गयी। चार घायलों का इलाज चल रहा है।

## सिडनी में मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों का हमला

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में फिर एक और हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। इस बार सिडनी के स्वामीनारायण मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला कर तोड़फोड़ की है। उपद्रवियों ने मंदिर के गेट पर झंडा लहराने के साथ दीवार पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लिखे हैं। यह हमला पश्चिमी सिडनी के रोजहिल उपनगर में स्थित स्वामीनारायण मंदिर पर हुआ है।

## सूडान से आखिरी जत्थे के 192 लोग भारत पहुंचे

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन कावेरी के दौरान सूडान से निकाले गये लोगों के लिए जेद्दा में शुरू की गयी ट्रांजिट सुविधा शुक्रवार से बंद कर दी गयी। वायु सेना ने 24 घंटे का ऑपरेशन चलाकर युद्धग्रस्त सूडान से नॉनस्टॉप उड़ान में आखिरी जत्थे के 192 लोगों को सीधे भारत पहुंचाया।

# समाज को तहस-नहस करने वाली आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी है कांग्रेस : नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री ने फिल्म 'केरला स्टोरी' का जिक्र कर कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी

कर्नाटक विधानसभा चुनाव



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लव जिहाद पर बनी फिल्म केरला स्टोरी का जिक्र किया। साथ ही, इसे लेकर कांग्रेस पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस समाज को तहस-नहस करने वाली इस आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी नजर आ रही है और पिछले दरवाजे से इस प्रवृत्ति वालों के साथ राजनीतिक सौदेबाजी कर रही है। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के बल्लारी में आज एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति की वजह से कांग्रेस ने आतंकवाद को पाला-पोसा और पनाह दी।

फिल्म केरला स्टोरी का जिक्र करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि केरल देश का एक खूबसूरत राज्य है। यहां के लोग परिश्रमी और प्रतिभाशाली हैं। इसी केरल में चल रही आतंकी साजिश का खुलासा इस फिल्म में किया गया है। फिल्म एक राज्य में चल रही आतंक की छद्म नीतियों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का स्वरूप बदल रहा है। तस्करी, नशीले कारोबार और सांप्रदायिक उन्माद के तार आतंकवाद से जुड़े हैं। बीते कुछ वर्षों में आतंकवाद का नया स्वरूप पैदा हो गया है। बम-बंदूक और पिस्तौल की आवाज सुनाई देती है, लेकिन समाज को भीतर से खोखला करने की आतंकी साजिशों की आवाज नहीं होती। कोर्ट तक ने आतंकवाद के इस स्वरूप पर चिंता जतायी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर चुनाव जीतने के लिए झूठे नैरेटिव गढ़ने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठे सर्वे करवाकर अपनी वाहवाही करती है और कर्नाटक में भी यही कर रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कावेरी के जरिये सूडान से भारतीयों को निकालने का भी विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े देश अपने नागरिकों को वहां से निकालने से मना कर रहे हैं। इसके बावजूद हमने पूरी वायु सेना और नौसेना इस काम में लगा दी।

### 'द केरला स्टोरी' एक सच, एक वर्ग सच से आंख मूंदना चाहता है : अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 'द केरला स्टोरी' आंखें खोलने वाली फिल्म है। यह केरल और हमारे भाइयों और बहनों को आतंकवाद से बचाने का समय है। अनुराग ठाकुर ने एक ट्वीट करके कहा, जब भी द केरला स्टोरी जैसी शोधपरक, अनकही सचाई सामने आती है, तो समाज में प्रतिक्रिया होती है। अनुराग ठाकुर ने द केरला स्टोरी की तुलना द कश्मीर फाइल्स से करते हुए आगे लिखा है कि ऐसे विषय सामने आने पर एक वर्ग की प्रतिक्रिया हताशा भरी और क्रोध से भरी होती है। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं के नरसंहार पर बनी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' के खिलाफ भी इसी वर्ग ने एक नकारात्मक वातावरण बनाने की कोशिश की थी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस वर्ग के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का विषय भी चयनात्मक होता है।

## वाणिज्य की खबरें

## शेयर बाजार में भारी गिरावट सेंसेक्स 695 अंक फिसला

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** वैश्विक दबाव और भारतीय बाजार में हुई जोरदार बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार में सेंसेक्स 695 अंक के करीब और निफ्टी 186 अंक से अधिक फिसल गये। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.13 प्रतिशत और निफ्टी 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार में आज मची भगदड़ के कारण एक दिन में ही निवेशकों को करीब 1.42 लाख करोड़ रुपये का चूना लग गया। दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 694.96 अंक की कमजोरी के साथ 61,054.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ने 186.80 अंक की कमजोरी के साथ 18,069 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

आज के कारोबार में फाइनेंशियल सर्विसेज, बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गयी। खासकर, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के शेयरों में हुई जोरदार बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक संभल नहीं सके। आज के कारोबार में छोटे और मंझोले शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिसके कारण बीएसइ का मिडकैप इंडेक्स 0.50 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। इसी तरह, बीएसइ के स्मॉलकैप इंडेक्स में भी 0.39 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी।

### चांदी में रही तेजी

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच भारतीय सराफा बाजार में सोने-चांदी के भाव में सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बदलाव देखने को मिला। दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 160 रुपये की कमजोरी के साथ 62,040 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी की कीमत 650 रुपये की तेजी के साथ 77,950 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी।

# अमेरिका ने रूस के आरोपों को नकारा

### क्रेमलिन हमला

**वाशिंगटन (हि.स.)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के क्रेमलिन आवास पर हमले को लेकर रूस और अमेरिका आमने-सामने आ गये हैं। रूस ने अमेरिका पर इस हमले में शामिल होने का आरोप लगाया है, वहीं अमेरिका ने ऐसे आरोपों से साफ इनकार किया है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने क्रेमलिन पर कथित ड्रोन हमले का फैसला यूक्रेन की जगह अमेरिका में लिये जाने संबंधी रूसी दावे को सीधे खारिज किया। इसे उटपटांग दावा बताते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

### तुर्किये में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान यूक्रेनी सांसद ने रूसी प्रतिनिधि को पीटा



**अंकारा (हि.स.)।** रूस और यूक्रेन के बीच एक साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध का असर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिखने लगा है। तुर्किये में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान यूक्रेनी सांसद ने रूसी प्रतिनिधि को पीट दिया। घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस समय तुर्किये की राजधानी अंकारा में पार्लियामेंटरी असेंबली ऑफ द ब्लैक सी इकोनॉमिक कोऑपरेशन (पैबसेक) सम्मेलन चल रहा है। इस सम्मेलन में काला सागर क्षेत्र के देश इकट्ठा हुए हैं और द्विपक्षीय, बहुपक्षीय संबंधों और आर्थिक, तकनीकी व सामाजिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा कर रहे हैं। इसमें यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक के दौरान यूक्रेन के सांसद ओलेक्जेंडर मारिकोव्सकी यूक्रेन का राष्ट्रीय ध्वज लहराने लगे। इस पर रूसी प्रतिनिधि ने यूक्रेनी सांसद के हाथ से झंडा छीन लिया। इस बात से यूक्रेनी सांसद इतना नाराज हुए कि उन्होंने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए रूसी प्रतिनिधि पर हमला करते हुए घूंसे और थप्पड़ जड़ दिये।

## मणिपुर के हालात धीरे धीरे हो रहे सामान्य

**इंफाल (हि.स.)।** मणिपुर में बुधवार से शुरू हुई हिंसा के बाद स्थिति बेहद गंभीर हो गयी, जिसके चलते सेना और केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों को हिंसा प्रभावित इलाकों में तैनात किया गया। राज्य के आठ जिलों में धारा 144 अभी भी लागू किया गया है। मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अभी भी बंद हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज हालात सामान्य हैं, लेकिन अभी भी तनाव की स्थिति बनी हुई है। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से हजारों लोगों को सेना ने आश्रय दिया है। सभी हितधारकों द्वारा समन्वित कार्रवाई के माध्यम से स्थिति को नियंत्रण में लाया गया है।

# अध्यक्ष पद पर बने रहने को राजी हुए शरद पवार



**मुंबई (हि.स.)।** वरिष्ठ नेता शरद पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष पद पर बने रहने के लिए राजी हो गये हैं। उन्होंने इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे, लेकिन पार्टी को नये उत्तराधिकारी की जरूरत है। इस पर पार्टी नेताओं को ध्यान देना चाहिए। शरद पवार ने कहा कि वे पार्टी के विस्तार के लिए आगे काम करते रहेंगे।

शरद पवार ने शुक्रवार को वाइबी सेंटर में पत्रकारों से कहा कि दो मई को उन्होंने पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पद छोड़ने की घोषणा की थी। उन्हें लगा था कि इसकी प्रतिक्रिया होगी, लेकिन इतनी ज्यादा होगी, यह नहीं सोचा था। उनकी इस घोषणा के बाद पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने निर्णय बदलने के लिए आग्रह जारी रखा। इसके साथ ही अन्य पार्टी के नेताओं ने भी उनके अध्यक्ष पर बने रहने का आग्रह किया।

पवार ने कहा कि इसे देखते हुए मेरा मन भर आया। मैं हमेशा लोगों की भावनाओं का आदर करता रहा हूं, इसलिए लोगों के आग्रह का मैं अनादर नहीं कर सकता। इसी वजह से मैंने फिर से पार्टी के अध्यक्ष पद पर बने रहने का निर्णय लिया है। शरद पवार ने कहा कि अजीत पवार को मेरे इस्तीफे के बारे में पहले से ही जानकारी थी। अजीत पवार खुद शुक्रवार की सुबह हुई चयन समिति की बैठक के बाद सभी नेताओं के साथ मुझसे मिलने आये थे। इसलिए अजीत पवार के नाराज होने की बात करना सही नहीं है। शरद पवार ने कहा कि उनका प्रयास महाविकास आघाड़ी को एकजुट बनाए रखना है। उनकी पार्टी के नेता हर तरह से सक्षम हैं और बेहतर काम कर रहे हैं।

# जेट एयरवेज और नरेश गोयल के ठिकानों पर सीबीआइ की छापेमारी

एजेंसी

### 538 करोड़ रुपये के फ्रॉड का मामला

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने शुक्रवार को जेट एयरलाइन और इसके चेयरमैन नरेश गोयल के सात ठिकानों पर छापा मारा। एजेंसी ने 538 करोड़ रुपये के एक कथित बैंक फ्रॉड के मामले में यह कार्रवाई की है। यह कार्रवाई मुंबई में की गयी। एजेंसी ने गोयल, उनकी पत्नी अनीता गोयल और एयरलाइन के डायरेक्टर रहे गौरंग आनंद शेट्टी के आवास और ऑफिस पर छापा मारा। अनीता गोयल और कई दूसरे लोग इस मामले में आरोपी हैं। केनरा बैंक द्वारा दी गयी शिकायत के बाद सीबीआइ ने केस दर्ज किया था। बैंक ने आरोप लगाया था कि जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल, अनीता गोयल और कंपनी के पूर्व निदेशक गौरांग आनंद शेट्टी ने नियमों का उल्लंघन किया और पैसे की हेराफेरी की। यह 538 करोड़ रुपये के हेरफेर से जुड़ा है।

कभी देश की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरलाइन रही जेट एयरलाइन ने भारी कर्ज और नकदी संकट के चलते अप्रैल 2019 में अपना ऑपरेशन बंद कर दिया था। यूएइ के बिजनसमैन मुरारी लाल जालान और लंदन की कंपनी कालरॉक कैपिटल के कंसोर्टियम ने जून 2021 में इनसॉल्वेंसी प्रोसेस में जेट एयरलाइन को खरीदा था। सीबीआइ ने जेट एयरवेज और इसके फाउंडर्स पर फंड्स की हेराफेरी का आरोप लगाया है। एजेंसी के मुताबिक एक अप्रैल, 2011 से 30 जून, 2019 के बीच ने प्रोफेशनल और कंसल्टेंसी एक्सपेंसेज के रूप में 1152.62 करोड़ रुपये खर्च किये थे। जेट एयरलाइन से जुड़ी कंपनियों के 197.57 करोड़ रुपये के लेन-देन संदेह के घेरे में हैं। इसमें कंपनी के कई अधिकारी भी शामिल थे। जांच में पाया गया कि कंपनी ने 1152.62 करोड़ रुपये में से 420.43 करोड़ रुपये प्रोफेशनल और कंसल्टेंसी एक्सपेंसेज के रूप में ऐसी कंपनियों को दिये, जिनका इस तरह की सर्विस से कोई लेना-देना नहीं था।



उपछाया चंद्र ग्रहण का नजारा।

# भारत में हिंदुओं को खतरा, एकजुटता की जरूरत : डॉ तोगड़िया

**शहडोल (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया ने शुक्रवार को शहडोल प्रवास के दौरान कहा कि भारत में हिंदुओं को ईसाइयत और इस्लाम से खतरा है। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए संगठित रहना होगा और आने वाली मुसीबतों का खुद सामना करना होगा। डॉ. प्रवीण तोगड़िया गुरुवार देर रात्रि अनूपपुर पहुंचे थे। यहां से वे शुक्रवार को दिन में करीब 11.30 बजे शहडोल पहुंचे। यहां कार्यकताओं द्वारा उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि हिंदू खतरे में है, उसको जगाने के लिए हम सभी को कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि 50 साल के बाद हिंदुओं के घर नहीं बचेंगे। इस्लाम और ईसाइयत से हमें खतरा है। हम तन मन धन से हिंदुओं की सेवा करेंगे, इस तरह का सभी संकल्प लें। इसके बाद डॉ तोगड़िया भाजपा पार्षद विधि बबुआ सिंह के आवास पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने शहर के कुछ गण्यमान्य लोगों से मुलाकात की। अपने संक्षिप्त कार्यक्रम के बाद वह यहां से शहर में अन्य कई गणमान्य लोगों के घर मिलने के लिए निकल गये। डॉ प्रवीण तोगड़िया यहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे और इसके बाद बुढार में शाम को उनका कार्यक्रम है। इसके बाद डिंडोरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# डब्ल्यूएचओ ने खत्म की वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल

### कोविड 19 का मामला

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना को लेकर घोषित वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल को खत्म कर दिया है। शुक्रवार को डब्ल्यूएचओ ने इसे लेकर घोषणा की है। संगठन ने यह भी कहा कि कोरोना को लेकर वैश्विक आपातकाल खत्म हो गया है, लेकिन अब भी यह विश्व के सामने स्वास्थ्य खतरे के रूप में बना हुआ है। पिछले हफ्ते कोरोना से हर तीन मिनट में एक की मौत दर्ज की गयी है और यह आंकड़ा केवल उन मौतों का है जिसके बारे जानकारी मौजूद है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने प्रेस वार्ता में कहा कि इस खबर का मतलब यह नहीं कि कोरोना को लेकर सभी ढिलायी बरतने लग जायें, बल्कि इसका मतलब यह है कि आपातकालीन मोड से हटकर अब कोरोना संक्रमण के साथ-साथ दूसरे संक्रमित बीमारियों के प्रबंधन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कहीं जाने वाला नहीं है। इससे दुनिया में अभी भी मौतें हो रही हैं। यह अभी भी अपना स्वरूप बदल रहा है। नये वेरिएंट के उभरने का जोखिम बना है। डॉ टेड्रोस ने इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया है। यह निर्णय सावधानी से विचार करके और डाटा के सावधानीपूर्वक विश्लेषण के आधार पर लिया गया है। गुरुवार को कोरोना को लेकर गठित आपातकालीन समिति ने 15वीं बार बैठक की और इस बात की सिफारिश की कि इसे वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के श्रेणी से हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से मिले अनुभव को सभी देश को अपनी बेहतरी के लिए इस्तेमाल करना चाहिए।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Vermas' Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

# फिर रिलीज होगी सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'एमएस धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी'




**दिवंगत** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के प्रशंसकों को अपने प्रिय सितारे को एक बार फिर सात साल बाद बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। सुशांत की फिल्म 'एमएस धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी' फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत ने महेंद्र सिंह धोनी का किरदार निभाया था। सुशांत सिंह राजपूत की 'एमएस धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी' सिनेमाघरों में एक नहीं, बल्कि कई भाषाओं में रिलीज हो रही है। यह फिल्म अगले हफ्ते 12 मई को फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देगी और हिंदी के अलावा यह फिल्म तमिल और तेलुगु में भी रिलीज होगी। भारतीय क्रिकेट कप्तान धोनी के जीवन पर आधारित इस फिल्म को दुनिया भर में भारतीय प्रशंसकों ने पसंद किया था। फिल्म को फिर से रिलीज करने के पीछे प्रशंसकों को बड़े पर्दे पर क्रिकेट के जादुई पलों को फिर से जीने का मौका देना है। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत, कियारा आडवाणी, दिशा पटानी, अनुपम खेर और भूमिका चावला ने भी अभिनय किया है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

# एस जयशंकर एससीओ की बैठक में बोले- कश्मीर हमारा है और रहेगा

एजेंसी



**पणजी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संघाइ सहयोग परिषद (एससीओ)बैठक के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की मौजूदगी में पाकिस्तान पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता लगातार घट रही है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि चीन और पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते सामान्य नहीं हैं। सीमा पर हालात सुधरने तक ये रिश्ते सामान्य हो भी नहीं सकते।

बैठक के बाद जयशंकर ने पाक विदेश मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि वे यहां आतंक की इंडस्ट्री का प्रवक्ता बनकर आये। बैठक के दौरान अपने संबोधन में भारतीय विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया और परोक्ष रूप से पाकिस्तान को निशाने पर लिया। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद का कहर जारी है। हमारा ये मानना है कि किसी भी तरह से आतंकवाद को सही नहीं ठहराया जा सकता और इसे रोका जाना चाहिए। इसमें सीमा पार से आतंकवाद और अन्य सभी तरह का आतंकवाद शामिल है। एससीओ की बैठक का मूल उद्देश्य आतंकवाद से मुकाबला है। भारत अब किसी तरह का प्रयोजित आतंकवाद बर्दाश्त नहीं कर सकता। ऐसे में टेरर फंडिंग सभी सहयोगी देशों को मिल कर रोकना ही होगा। जयशंकर ने पाक विदेश मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और पोषण करने वाले साथ नहीं बैठ सकते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग था, है और रहेगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी जी-20 की बैठकें हो रही हैं, इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है।

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस